आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 36, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15

## एक नजर

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

### आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑर्नामेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

### पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था। पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

### मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

### बिहार के नवादा में वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के एकम्बा गांव में मंगलवार की शाम वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम को तेज मेघगर्जन के साथ भारी बारिश के दौरान एकम्बा गांव में एक महुआ के पेड़ के नीचे खड़े चार लोगों पर वज्रपात हो गया। हादसे में सभी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए उच्चतर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

# पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण

- आईआईएम अहमदाबाद ने की घोषणा

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है।

आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की। पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 20 जनवरी 2025 है और साक्षात्कर अगले साल मार्च-अप्रैल में हो सकते हैं।

# दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को मार गिराया

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी दोनों सिपाहियों की हत्या
- एसटीएफ नोएडा, जीआरपी एवं गाजीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में किया ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

कार्रवाई कर रहे एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### पटना का रहने वाला था आरोपी जाहिद



जाहिद मूल रूप से बिहार के पटना के पेढ़िमा बाजार के मंसूर गली का रहना वाला था। उसके पिता का नाम मुस्तफा है। बता दें कि बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से धकेलकर आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद सिंह की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मो. जाहिद पर लगा था।

# अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद, जांच शुरू

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

मुंबई, एजेंसी



प्रसाद गृह में लड्डू तैयार करते कारीगर।

तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है।

वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सर्वंकर ने कहा कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है कि प्रसाद स्वच्छ स्थान पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि घी, काजू और अन्य सामग्री पहले जांच के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की प्रयोगशाला में भेजी जाती है और वहां से स्वीकृति के बाद इस्तेमाल की जाती है। उन्होंने बताया कि पानी की भी प्रयोगशाला में जांच कराई जाती है। इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान देते हैं कि श्रद्धालुओं को दिए जाने वाला प्रसाद शुद्ध हो।

### तिरुपति के लड्डू में तंबाकू पॉउच मिलने का दावा

**तिरुमला।** तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। वे 19 सितंबर को तिरुमाला मंदिर गई थीं। हालांकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पवित्र लड्डू प्रसादम में तंबाकू के पॉउच होने के आरोप झूठे हैं। कहा कि कुछ भक्तों की ओर से श्रीवारी लड्डू प्रसाद में तंबाकू की थैली होने के बारे में सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फैलाना अनुचित है।

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

# दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए आज मतदान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# जमीन घोटाले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

## हाईकोर्ट ने खारिज की राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

### सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

### भाजपा ने की सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की याचिका मंगलवार को खारिज होने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि निर्णय से स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री और उनका परिवार घोटाले में शामिल हैं। उम्मीद है कि सिद्दारमैया कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे।

# एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका
- अदालत ने कहा-मेडिकल प्रवेश में बंद हो धोखाधड़ी

सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी।

राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है। पीठ ने कहा कि हम सभी याचिकाएं खारिज कर देंगे। यह एनआरआई व्यवसाय एक धोखाधड़ी के अलावा और कुछ नहीं है। हम यह सब खत्म कर देंगे...। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को बिल्कुल सही बताते हुए कहा कि हानिकारक परिणामों को देखें... जिन उम्मीदवारों के अंक तीन गुना अधिक हैं, वे (नीट-यूजी पाठ्यक्रमों में) प्रवेश नहीं ले पाएंगे।

# त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

- केंद्र और राज्य से समझौते के बाद हथियार डाले

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले।

सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज एनएलएफटी और एटीटीएफ के करीब 500 उग्रवादियों ने यहां आत्मसमर्पण कर दिया और बाकी आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण करेंगे। उग्रवादियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में चार सितंबर को दिल्ली में केंद्र तथा राज्य सरकार के साथ हुए एक समझौते के बाद आत्मसमर्पण किया है।

# तमिलनाडु में 11 जगह एनआईए का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है।

- भारत विरोधी विचारधारा फैलाने की जांच के सिलसिले में कार्रवाई

### एनआईए ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो लोगों के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने, आतंकवाद के वित्तपोषण और अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए मंगलवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। बयान में कहा गया है कि दोनों की पहचान आईएसआईएस चरमपंथियों अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ तहा और मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजिब के रूप में हुई है, जिनके खिलाफ एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किया था। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया है कि शिवमोगा जिले के निवासी दोनों व्यक्ति इस मामले में सह-आरोपी सहित मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में लिप्त थे।

**प्रगति** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, अब करेंगे तिल की पैदावार, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। इन्हीं किसानों में आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ लाखों रुपये कमाने लगे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।



ऑर्गेनिक स्टॉल में रखा मिलेट पोहा।

### पोहा बनाकर या फिर दूध व पानी में मिलाकर कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसके सेवन से पाचन अच्छा होता है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष पूरे सात एकड़ में तिल की खेती करेंगे।

### 50 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप ने सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर प्राकृतिक किसान परिवार नाम से स्टॉल में मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है। इस कारण प्रदेश के बाहर प्रोसेसिंग कराने में अधिक खर्च के साथ परेशानी होती है।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं।
>
> – **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

## एक नजर

### सपा नेता ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**जलालाबाद, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीकांत यादव ने काली नदी के मल्हानपुरवा व गंगा के किनारे स्थित गांव में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। कई जगह पर स्टाल लगाकर खाना वितरित किया। उन्होंने बताया दशकों बाद बाढ़ से ऐसी तबाही लोगों ने देखी है। बाढ़ पीड़ितों की मदद करना हम सभी का कर्त्तव्य है। इस दौरान कमलकांत कटियार, झन्नीलाल सविता, रजनीकांत पाल, नीरज यादव, रईस यादव,आदि मौजूद रहे।

### प्रसव के बाद प्रसूता की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रसव के बाद सीएचसी में प्रसूता की हालत बिगड़ गई। कानपुर ले जाते समय रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई। तालग्राम देहात के ग्राम रसूलाबाद निवासी अंसार कुरैशी की पत्नी फिजा बेगम (33) को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर उसे सोमवार को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पुत्री को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया जहां उस की हालत खराब हो गई। स्टाफ नर्स ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां से कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय फिजा बेगम की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। लोगो ने बताया कि फिजा बेगम के इलाज के लिए ग्रामीणों ने रुपये एकत्र कर दिए थे। पति अंसार कुरैशी मजदूर है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि प्रसूता को जिला अस्पताल भेजा गया था। उसके बाद की जानकारी नहीं है।

### ट्रेन में बेहोश मिले वृद्ध की जिला अस्पताल में मौत

**कन्नौज।** सोमवार को पैसेंजर ट्रेन में बेहोश मिले वृद्ध की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस उसकी शिनाख्त नहीं करा पाई। सोमवार को दोपहर के समय फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन में में एक वृद्ध की हालत खराब हो गई। जानकारी पर कन्नौज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी के सिपाहियों ने उसे नीचे उतारा। इसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रयास किया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं पाई। इस के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कुछ लोग बताते हैं कि वृद्ध रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर भीख मांगता था। वह ट्रेन में बैठा था तभी उसकी हालत खराब हो गई।

# गांव के खेतों में घूमते दिखे जंगली जानवर, दहशत

## ठठिया क्षेत्र के ताहरपुर, मदनापुर, चिघरूवापुर में दिखे थे जंगली जानवर

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** घर के बाहर सो रहे किशोरी समेत एक युवक व कई जानवरों को घायल करने की घटना से ग्रामीणों में पहले ही दहशत है। अब खेतों में घूमते हुए जंगली जानवर का लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

जनपद में अभी तक जंगली जानवरों के हमले की दहशत कायम है, क्योंकि अभी चार दिन पहले ठठिया थाना क्षेत्र के ताहरपुर, मदनापुर, चिघरवापुर के ग्रामीणों ने गांव में जंगली जानवरों के पद चिह्न देखे गए थे। चार दिनों पहले चिघरवापुर गांव निवासी बृजेश कुमार व श्रीदेवी अपने अपने दरवाजे पर बरामदे में सो रहे थे। रात में जंगली जानवर ने एक-एक कर दोनों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे। इसके साथ ही ताहरपुर, मदनापुर गांव में बंधे बकरियों समेत अन्य जानवरों को भी जंगली जानवरों को हमला कर घायल कर दिया था। अभी जंगली जानवरो की दहशत को लोग भूल नहीं पाए थे कि किसी ने खेतो में घूमते जंगली जानवरों का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो ठठिया थाना क्षेत्र के किसी गांव के बाहर का बताया जा रहा है।



खेतों में घूमते जंगली जानवर।

- **सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो**
- **जानवरों समेत कई लोगों को कर चुके हैं घायल**

### ठठिया इलाके में सियार होने की पुष्टि

**कन्नौज।** डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया है कि ठठिया क्षेत्र में जंगली जानवर ने बकरियों व ग्रामीणों पर हमला करने की घटना प्रकाश में आयी है। प्रसारित वीडियो में दो जंगली जानवर विचरण करते दिखायी दे रहे हैं। स्थानीय वन कर्मियों ने वीडियो ठठिया क्षेत्र का बताया है। डीएफओ की माने तो विचरण करने वाले जंगली जानवर सियार हैं। सियार हर क्षेत्र में पाया जाने वाला जानवर है। सामान्य सतर्कता एवं जानकारी से ही उससे बचा जा सकता है। इस जनपद में भेड़िए नही पाए जाते हैं।

# शासन ने एसडीओ विद्युत से मांगे नये उपकेंद्रों के प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बिजली विभाग ने 2025-26 में होने वाले कामों का एसडीओ से प्रस्ताव मांगे हैं। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अगले वर्ष बिजली संबंधी छूटे हुए काम कराये जायेंगे।

शासन से आये पत्र में कहा गया है कि जिले के सभी एसडीओ विद्युत अपने-अपने क्षेत्र में उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने व नये उपकेंद्रों के निर्माण के लिये प्रस्ताव बना कर दें। जहां नये विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है उसके लिये जिलाधिकारी स्तर से भूमि की मांग करें। उपकेंद्र के लिए ऐसे स्थान का चयन करें जहां ट्रक या इससे बड़े वाहन आराम से पहुंच सकें। यही नहीं तीन वर्षों में उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि यदि नहीं हुई तो इस का भी प्रस्ताव बना कर दें। यदि उपकेंद्रों को जाने वाली 33000 की बिजली लाइन जर्जर हो चुकी है तो उसे बदलने के लिये भी प्रस्ताव भेजा जाये। लगातार उपभोता बढ़ रहे हैं पर लाइन व उपकेंद्रों की क्षमता नहीं बढ़ाई गई है। इस तरह से उपकेंद्रों की बी सूची भेजी जाये। यही नहीं जिन गांव में लोड अधिक है पर ट्रांसफार्मर कम लगे हैं वहां पर नये लगाने के लिये क्षमता वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव भेजा जाये। जिन क्षेत्रों में बिजली चोरी अधिक हो रही है उन क्षेत्रों में एबी केबिल के स्थान पर इंसुलेटेड डॉग कंडक्टर या इंसुलेटेड रैकून कंडक्टर के प्रयोग पर विचार किया जाये। इसी तरह के कई अन्य कामों को कराने के लिये प्रस्ताव मांगे गये हैं।

### निजी नलकूपों की ओटीएस योजना 30 सितंबर तक

**कन्नौज।** निजी नलकूपों को करीव दो हजार रुपये की निशुल्क बिजली देने के लिये रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। इस तिथि तक रजिस्ट्रेशन कराने वाले निजी नलकूपों के मालिक किसान आसान किश्तों में नलकूप का बकाया बिल चुकाने के बाद छूट का लाभ ले सकते हैं। पूरा बकाया भुगतान जमा करने के बाद उनको निजी नलकूप पर मीटर लगवाना होगा। इस के बाद हर तीन माह में मीटर की रीडिंग ली जायेगी। इस के बाद छूट तक बिजली फ्री दी जायेगी। इस के ऊपर का बिल जमा करा लिया जायेगा।

## सार-संक्षेप




नागरिकों को जागरूक करते चयेरमैन मोहसिन उर्फ जानू खान। अमृत विचार

### नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में करें सहयोग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत तालग्राम में स्वछता ही सेवा के तहत जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अध्यक्ष मोहसिन उर्फ जानू ने दुकानदारों को कूड़ा का अलग-अलग निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। मंगलवार को तालग्राम के मुख्य बाजार में अध्यक्ष मोहसिन खान ने स्वच्छता शिविर में दुकानदारों व नागरिकों को जागरूक किया। कहा कि सफाई व्यवस्था में पंचायत का सहयोग करें। सफाई कर्मियों के जाने के बाद सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डाले। कूड़ादान का प्रयोग करें और पंचायत की कूड़ा गाड़ी में ही कूड़ा डाले। नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर सभासद पंकज ठाकुर, राजा, वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, नरेंद्र सिंह, हिमांशु त्रिपाठी, रोहित, सर्वेश, गोकरन, रवि शर्मा, कार्यवाहक सफाई नायक संतराम मौजूद रहे।



छात्रों को जानकारी देते प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा। अमृत विचार

### एमएमआईटी अनौगी में हुई ओरिएंटेशन वर्कशॉप

**जलालाबाद, कन्नौज।** एमएमआईटी अनौगी में ओरिएंटेशन वर्कशॉप आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में ओरियंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमएमआईटी अनौगी के प्रथम व द्वितीय वर्ष के लेवलर एंट्री के माध्यम से नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को ओरियंटेशन वर्कशॉप संपादित करते हुए पाठ्यक्रमों के मूल ढांचे के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बीके द्विवेदी, राकेश कुमार वर्मा, डॉ. प्रिया गुप्ता, जगन्नाथ, उमेश चंद्र, अंकित द्विवेदी, राम सजीवन कमल, डॉ. उदय सिंह, नीरज कुमार मारिया, अमरनाथ, संजय कुमार, शिवांगी, श्याम सिंह, मनीष पाल, छविनाथ, अरुण दीक्षित, अंशु निगम, गौरव सिंह, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

### सात किसानों की रजिस्ट्री, 10 के दस्तावेज तैयार

**तिर्वा।** औद्योगिक गलियारा निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का प्रशासन ने किसानों से बैनामा कराकर मुआवजा देना शुरू कर दिया। पहले दिन तहसील प्रशासन ने सात किसानो के हिस्से की जमीन की रजिस्ट्री करवाने के साथ मुआवजा भी खातों में भेज दिया। इसके साथ ही 10 नए किसानों के दस्तावेज तैयार कर लिए। थाना ठठिया के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के निकट अलीपुर आहाना के 900 किसानो की करीब 143 हेक्टेयर भूमि यूपीडा को औद्योगिक गलियारा के लिए चिन्हित है। तहसील प्रशासन ने सोमवार को किसानों से जमीन का बैनामा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। समय लगने कारण पहले दिन तहसील आए सात किसानों के कागजात तैयार करवाए गए लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी थी। मंगलवार की सुबह तहसीलदार ने अपनी कार भेज कर बैनामा करने वाले किसानों को बुलवाया और रजिस्ट्री करवा ली। संबंधित किसानों को खाते में जमीन का मुआवजा भी भेज दिया गया है। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि सात किसानो की रजिस्ट्री कराने के साथ दस नए किसानों के दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। इनकी बुधवार को रजिस्ट्री कराई जाएगी।

### तंबाकू खाने से होने वाले रोगों पर हुई चर्चा

**कन्नौज।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का आयोजन मेडिकल कालेज में किया गया। इस का सुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक ने फीता काट कर किया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी और तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल डॉ ओ पी गौतम ने बताया कि प्रतिदिन 2200 से अधिक भारतीय तम्बाकू सेवन के कारण मरते है तथा भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में 40 तम्बाकू के प्रयोग के कारण मरते है।

# समितियों पर आज से पहुंचेगी डीएपी, एनपीके

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रबी सीजन के लिए अगेती (कच्ची फसल) आलू व सरसों की बोआई शुरू हो गई है। खेत की तैयारी के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटासिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जनपद की सहकारी समितियों ने अब तक 2033 मीट्रिक टन एनपीके एवं डीएपी का वितरण किया है। 1869 मीट्रिक टन एनपीके और डीएपी कल से पहुंचने लगेगी।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि पीसीएफ के बफर गोदाम में उपलब्ध 2873 मीट्रिक टन एनपीके समितियों में भेजी जाएगी। वर्तमान में लगभग 3200 मीट्रिक टन डीएपी, 4000 मीट्रिक टन एमओपी, 12000 मीट्रिक टन एनपीके और 7000 मीट्रिक टन एसएसपी (सुपर) उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि किसान डीएपी न मिलने पर फास्फोरस की पूर्ति के लिए एनपीके के विभिन्न ग्रेड (एनपीके 10:26:26, एनपीके 20:20:0:13, एनपीके 15:15:15, एनपीके 16:16:16, टीएसपी 0:46:0), एसएसपी (सुपर) एवं पोटास का उपयोग आलू की बोआई के लिए करें। यह सभी विकल्प जनपद में उपलब्ध हैं।

### निर्धारित दाम पर ही उर्वरक की करें बिक्री

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यदि कोई विक्रेता अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्री करता है या स्टॉक होते हुए भी उर्वरक देने से मना करता है तो उसकी सूचना 8272893015 एवं 9335067380 पर दी जाए। किसान खतौनी में दर्ज भूमि के रकवा के अनुसार ही संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें। अनावश्यक रूप से भण्डारण न करें। उर्वरक लेते समय दुकान पर किसान आधार कार्ड जरूर लेकर पहुंचें। दूसरी ओर विक्रेता निर्धारित दर पर ही पोस मशीन से उर्वरक की बिक्री करें।

# जिला जज, डीएम, एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला कारागार में जिला जज, डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इसके बाद जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल में बंदी का पूरा ध्यान रखा जाए।

मंगलवार को कारागार में जिला जज चन्द्रोदय कुमार, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बंदी विद्यार्थियों को बीएसए की ओर से उपलब्ध कराई गई पुस्तकें कक्षा 05 और 08 के विद्यार्थियों को वितरण किया। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुई सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बंदियों को पुरस्कृत किया गया। कौशल विकास केंद्र में बंदियों द्वारा बनाई जा रही झालर लाइट, फोटो फ्रेम, एलईडी बल्ब, कपड़े के कैरी बैग की सराहना की। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खान, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल राम बहाल दुबे, उर्मिला सिंह आशा देवी पांडे डॉ. अजय पाल, फार्मासिस्ट राम बिहारी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, शिक्षा अध्यापक मनोज कुमार कटियार आदि मौजूद रहे।




कौशल विकास प्रशिक्षण में बनाए जा रहे थैले को देखते जिला जज व अन्य अधिकारी।

- **सुलेख प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बंदी हुए पुरस्कृत**
- **जिला जज ने बंदियों में किया पुस्तकों का वितरण**

# जेल में हुए बवाल में 13 को सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सात साल पहले जिला जेल में हुए बवाल के मामले में सुनवाई पूरी होने पर 13 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश ने सात साल की सजा व 15 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार ने बताया कि सात साल पहले 21 मई 2017 को गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक ने जिला कारागर में निरुद्ध 32 नामजद व कुछ अन्य बंदियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तालाबंदी करवाने के लिए उपकारापाल सुरेंद्र मोहन सिंह, गिरीश कुमार, रामऔतार कार्यालय पर मौजूद थे। शाम करीब 7.10 बजे अहाता संख्या एक व दो तथा तीन चार के 30-35 बंदी चक्र गुमटी पर पहुंच गए और तीनों उपकारापाल से एक अन्य बंदी विनोद पुत्र संतराम को कारागार प्रशासन द्वारा पीटे जाने के अनर्गल आरोप लगाने लगे। इसके बाद उपकारापाल सुरेंद्र मोहन बंदियों से बात कर रहे थे तभी बैरक संख्या तीन बी के बंदी स्वदेश पुत्र मंगूलाल, अंशू पुत्र सतेंद्र मोहित पुत्र सुरेश ने उनको कुर्सी से धकेल दिया व बंदी जसवीर पुत्र बाबूराम ने कुर्सी उनके सिर पर मार दी जिससे वह घायल हो गए। राम औतार व गिरीशकुमार ने बंदियों को बैरकों में जाने को कहा लेकिन बंदी हमलावर हो गए। सुरेंद्र मोहन को घसीटते हुए अहाता संख्या 3 व 4 में तथा इसी प्रकार उपकारापाल रामऔतार को अहाता संख्या 1 व 2 में ले जाने लगे। इससे उनके हाथ में गंभीर चोट लग गई। इस पर उन्होंने बंदियों को ललकार कर बंदियों से घिरे जेल वार्डरों को छुड़ाया। बंदियों को उनकी बैरकों में बंद करवाया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक ने सुनवाई के दौरान आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई पूरी होने के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश लोकेश वरुण ने दोष सिद्ध अभियुक्तों इस्तिखार उर्फ जौनी उर्फ रमेशा, नजर हुसैन उर्फ वाखिर उर्फ पंजाबी उर्फ नत्थू उर्फ जंगली, अजमल, साबिद, मोईन उर्फ तीतर, शारिक उर्प गोली, शाबिद उर्फ मिथुन, तैयब, महफूज उर्फ मुन्ना, जान निवास उर्फ महफूज, मुनव्वर उर्फ सलमान उर्फ रूलिया, चांद मियां उर्फ अर्जुन व आशिक को सात साल के सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।



- 2017 में जिला जेल में बंदियों ने उप कारापालों पर बोला था हमला
- 7-7 साल की जेल व 15-15 हजार रुपये जुर्माना देना होगा

## रास व विप में सीट आरक्षित करने को दिया ज्ञापन

**छिबरामऊ,कन्नौज।** अधिवक्ता हितों के लिए बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। इसमें अधिवक्ताओं के लिए राज्यसभा व विधान परिषद में सीट आरक्षित करने की मांग उठाई। बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अधिवक्ताओं की हो रही हत्याएं व परिवार को सुलभ व सस्ता न्याय दिए जाने के सम्बंध में बैठक की। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह की मौजूदगी में अधिवक्ताओं के हित के तैयार प्रस्ताव पर मुहर लगी। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन को एसडीएम उमाकांत तिवारी को सौंपा। कहा,अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट अविलम्ब लागू किया जाये।



मरम्मत के कारण बंद क्रासिंग व लगा जाम। अमृत विचार

## मरम्मत का कार्य होने से बंद रही पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग, जाम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य होने से रेलवे फ़ाटक बन्द कर दिया गया। इससे यातायात प्रभावित रहा। रेलवे क्रासिंग पर लंबा जाम लगा रहा। क्रॉसिंग बंद होने से मरीजों व वृद्धजनों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सुबह करीब 9:15 से नगर के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग को 11:15 बजे तक मरम्मत का कार्य होता रहा। इससे रेलवे कर्मियों ने लगभग दो घंटे तक क्रासिंग को बन्द रखा। क्रासिंग बंद होने से यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गया। साथ ही उस रास्ते से जाने वाले राहगीरों, मरीजों व वृद्धजनों को काफी देर तक परेशान होना पड़ा। हालांकि बीच-बीच में कुछ देर के लिए खुली क्रासिंग के कारण जाम की स्थिति भी बनी रही। कार्य पूरा होने के बाद क्रॉसिंग को सुचारू रूप से खोल दिया गया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अनुप कुमार गुप्ता (टुनटुन) के अनैतिक कृत्यों के चलते समस्त चल अचल सम्पति व सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। **मालती देवी पत्नी स्वव राम सूरत गुप्ता निवासी-मीरापुर डेराबीबी, अयोध्या, यूपी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुलफिशा पत्नी नफीस अहमद, निवासिनी-सी-137, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ,** मेरी पुत्री इरम पब्लिक स्कूल की छात्रा है। स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम इकरा अंकित है। यह कि मेरी पुत्री इकरा सिद्दीकी की नाम से जानी जाती है। अत: मेरी पुत्री का नाम स्कूल के अभिलेखों में इकरा के स्थान पर इकरा सिद्दीकी अंकित किया जाय।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AZAD था जो मैंने बदलकर MOHD AZAD रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **- मो0 आजाद, कोतवाली नगर, इमामबाड़ा, गोण्डा**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का अंकपत्र रोल नंबर 1314945 तथा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 का अंकपत्र रोल नंबर 0880488 वास्तव में कहीं खो गए हैं। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सके हैं। **अंकित कुमार पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम व पोस्ट- हरई पुर थाना - बेहटा मुजावर, परगना व तहसील - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव**

**NOTICE**

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2022 with my UID No. 7696230 and Index No. 1223834/158 and ISC (Class 12) in 2024 with UID No. 7696230 and Index No. 2241745/091 from Jesus & Mary School and college Balrampur and the correct name of my father is Anil Kumar and the correct name of my mother is Anita. Praveen Kumar Singh S/O Anil Kumar R/O Mohalla Pahlwara, Balrampur-271201 (U.P.), Mob#9450957151.

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Khusbuddeen था जो मैंने बदलकर Khusbuddeen Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।-S/o Mohammad Saleem, Address - Vill- Khaira Hasan, Post- Turahni Rajjab, Bahraich

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर U1107146 मे मेरा नाम Mohammad Taiyab अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट में मेरा नाम Mohd Taiyab पुत्र Samiurrahman जो सही है **ग्राम बौडिहार सुखुईया, उत्तरौला, बलरामपुर उ0प्र0 271604**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट No- J3313452 में पहले मेरा नाम MOHAMMAD NAIM व जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है सही नाम MO. NAEEM व जन्मतिथि 01/01/1983 है, भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए-ADD S/o Mohammad Ajeem, Kazi Pur-2, Fatehpur, Barabanki, Uttar Pradesh-225305

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस ऋतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। **- सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी- ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**


## खेलकूद

### हीरालाल कॉलेज के मैदान पर जिला भर की 42 टीमों ने किया प्रतिभाग

# जिला स्तरीय खो- खो : बालक वर्ग में जसोदा का दबदबा

संवाददाता, छिबरामऊ,कन्नौज

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालयों की जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को खो- खो का आयोजन हीरालाल कालेज में हुआ। यहां जिले भर विद्यालयों की 42 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में जसोदा के छात्राओं का दबदबा रहा।

जिलास्तरीय खेलकूद का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह व कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया। बालक व बालिका वर्ग की इस प्रतियोगिता में अंडर 19, अंडर 17, अंडर 14 तीन भागों में बांटा गया। छात्र छात्राओं ने इसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया।



खो-खो खेलती छात्राएं। अमृत विचार

### ये टीमें रही विजेता

- मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग की अंडर 19,17,14 में पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज जसोदा के छात्रों विजेता रहे। वहीं बालिका वर्ग की अंडर 19 में मेजमान टीम हीरालाल कालेज विजेता रही। अंडर 17 में पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज जसोदा, अंडर 14 में भारतीय इंटर कॉलेज कायमपुर की छात्राएं विजय रही।

पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कालेज जसोदा के छात्रों का तीन वर्गों में दबदबा रहा।

खेलकूद के सफल आयोजन में जिला क्रीडा सचिव सुनील कुमार यादव के साथ ही क्रीड़ा प्रभारी वीरेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र यादव, आदित्य गंगवार, राहुल त्रिपाठी, संगीता वर्मा, कोषांक यादव, अभिषेक वर्मा, जनमेजर सिंह, अमित भारती, गौरव कुमार, अखिलेष प्रजापति, चन्द्रवीर, ओम शंकर त्रिवेदी, वेदप्रकाश यादव, राघवेन्द्र मिश्रा, रावेन्द्र स्वर्णकार, अनुज दुबे, अभिषेक शुक्ला के साथ ही नोडल अधिकारी अजय यादव, कैप्टन संदीप माधव, सत्यपाल सिंह आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

### मकान में चोरी का प्रयास करते वीडियो वायरल

**कन्नौज।** शहर के एक मोहल्ले में एक चोर ने मकान का दरवाजा खोल कर चोरी का प्रयास किया। पहला गेट खोल लेने के बाद दूसरा नहीं खुला। इससे चोर लौट गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस चोर की खोज में जुट गई है। शहर के मोहल्ला बसंत विहार में रजत राठौर का मकान है। सोमवार की रात एक चोर मकान के गेट पर पहुंचा। पहले गेट को हाथ डाल कर खोल लिया। अंदर के गेट को खोलने का प्रयास करने लगा। इसी बीच कोई व्यक्ति स्कूटी लेकर गली से निकला तो चोर मुंह घुमाकर खड़ा हो गया। इसके बाद फिर से गेट खोलने का प्रयास करने लगा। जब गेट नहीं खुला तो वह चला गया। सुबह मकान मालिक ने पहला गेट खुला देखा तो सीसीटीवी जांचा। पूरी घटना कैद हुई थी।

**आज का मौसम**

बुधवार को बादलों के साथ हल्की बरसात होने की संभावना है

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 57 | सूर्यास्त 06 : 11

## एक नजर

### हज जाने के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**कन्नौज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हज के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 23 से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। इच्छुक लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पासपोर्ट 30 सितंबर 2024 से पहले का और वैधता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक की होनी चाहिए।

### छत से हजारों की सोलर प्लेट चोरी कर ले गए

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बा के छिबरामऊ रोड पर स्थित घर में चोर पड़ोस में निर्माणाधीन मकान का सहारा लेकर दूसरी मंजिल की छत पर पहुंच गए। यहां से हजारों रुपये की सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कस्बा के छिबरामऊ रोड देव भवन निवासी आशा रानी पत्नी छत्रपाल सिंह के मकान के बगल में कुछ लोग मकान का निर्माण करा रहे हैं। सोमवार की रात चोर निर्माणाधीन मकान के खुले जीने से उनके घर की दूसरी मंजिल की छत पर पहुंच गए और छत पर लगी चार सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आशा रानी ने निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार एवं मालिक से जीना बंद करने के लिये कहा था फिर भी जीना बंद न कराए जाने के आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बेला पुलिस ने चोरी की बकरियों समेत पकड़ी कार

**तिर्वा।** बेला पुलिस ने चोरी की बकरियों समेत कार पकड़ी है जबकि अभियुक्त फरार हो गए। इनमें क्षेत्र से चोरी हुई दो बकरियां भी हैं। थाना इंदरगढ़ के पट्टी गांव निवासी सुमन पत्नी सुभाष ने पुलिस को तहरीर देते बताया था कि मदारीपुर और पट्टी सडक पर उसका मकान है। बाहर उसका एक बकरा और एक बकरी बंधी थी। रात में अज्ञात कार सवार आए और उसकी बकरियों को चुरा ले गए। उसने रात में ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गैरजनपद के थाना बेला को सूचना दी। बेला थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा वाहन चेकिंग करने लगे तो चोर कार व बकरियां छोड़ फरार हो गए। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि कार से पट्टी से चोरी दो बकरी बरामद की गई। बेला थानाध्यक्ष ने बताया कि कार में छः बकरी बरामद की गई है। कार के आधार पर चोरो की तलाश की जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज में बन रहा थैलेसीमिया वार्ड

**तिर्वा।** थैलेसीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने संबंधित मरीजों को राहत देने के लिए 10 बेड का एक थैलेसीमिया वार्ड तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू की है। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर चिकित्सा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि थैलेसीमिया एक खतरनाक बीमारी है। बच्चो के शरीर में रक्त की की कमी से यह रोग होता है। हीमोग्लोबिन में अल्फा या बीटा कणों के उत्पादन में कमी होती है तो यह रोग होने का डर रहता है। मरीज को रक्त का परीक्षण कराकर जिन कणों की कमी होती उन्हें चढ़ाया जाता है। बच्चों में यह रोग खतरनाक होता है। ऐसे बच्चों के लिए मेडिकल कॉलेज में एक 10 बेड का थैलेसीमिया वार्ड बनाने का काम शुरू हो गया है। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अनीता ओमहरे ने बताया कि बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए शादी के पहले होने वाले दंपति को जांच करानी चाहिए।

---

**वर्ष 2025-26 में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा केंद्र की नीति जारी**

# बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाने को आज तक देनी होगी सूचनाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- तहसील की समिति एपीआई युक्त मोबाइल एप से विद्यालय की जियोलोकेशन अपलोड करेगी
- 28 नवंबर तक बोर्ड परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड यानि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की नीति जारी हो गई है। केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया से साफ्टवेयर के जरिए होगा। प्रधानाचार्य की ओर से 25 सितंबर तक विद्यालय की आधारभूत सूचनाएं वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी।

परिषद के सचिव भगवती सिंह ने पत्र में कहा है कि अगर विद्यालय में इस वर्ष कोई परिवर्तन है तो उसकी सूचना संबंधित प्रधानाचार्य अपलोड करें। इसकी जांच वर्ष 2024 की सूचनाओं के आधार पर डीएम की ओर से गठित तहसील स्तरीय कमेटी करेगी। अगर कोई परिवर्तन नहीं है तो किसी प्रकार का अपडेशन नहीं होगा।

सचिव ने कहा है कि कमेटी में एसडीएम अध्यक्ष, डीएम की ओर से नामित अभियंत्रण विभाग के अभियंता जो सहायक अभियंता से निम्न स्तर के न हों, सदस्य होंगे। इसके अलावा तहसीलदार सदस्य व डीआईओएस की ओर से अधिकृत सह डीआईओएस या राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य सदस्य सचिव होंगे।

### रैंडम आधार पर होगा 10 स्कूलों का सत्यापन

- डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि हर जनपद में रैंडम रूप से कम से कम 10 राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं का सत्यापन कराया जाएगा। इसमें सीसीटीवी कैमरा, वायस रिकार्डर, राउटर, डीवीआर, मॉनीटर, हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन आदि क्रियाशील होने व डबल लॉक अलमारी को प्रधानाचार्य कक्ष से अलग कक्ष में स्थापित होने का भी सत्यापन होगा। स्कूलों में भारतीय कंपनी की ओर से निर्मित डीवीआर व स्ट्रांग रूम में उच्च गुणवत्ता युक्त नाइट विजन सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही डीवीआर का नाम, यूजर आईडी व पासवर्ड की सूचना अपडेट की जाए।

### नवंबर में जारी होगी परीक्षा केंद्रों की सूची

25 सितंबर तक परिषद की वेबसाइट पर प्रधानाचार्य विद्यालय की आधारभूत सूचनाओं को अपलोड करेंगे। 30 सितंबर तक तहसील स्तरीय समिति एपीआई युक्त मोबाइल एप से जियोलोकेशन विद्यालय में अपलोड करेगी। 15 अक्टूबर तक अपलोड आधारभूत सूचनाओं का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। 20 अक्टूबर तक सत्यापन की रिपोर्ट डीआईओएस के जरिए वेबसाइट पर अपडेट होगी। 02 नवंबर तक परीक्षा केंद्रों की छात्र संख्या समेत सूची सार्वजनिक होगी व परिषद उसे जिला कमेटी को परीक्षण के लिए वेबसाइट पर अपलोड करेगा। 06 नवंबर तक ऑनलाइन चयनित केंद्रों की सूची प्रकाशित होगी व उस पर आपत्तियां मांगी जाएंगी। 11 नवंबर तक डीआईओएस आपत्तियों का निस्तारण करेंगे। उसकी आख्या वेबसाइट पर ऑनलाइन जारी होगी। 15 नवंबर तक ऑनलाइन अग्रसारित अनुमोदित परीक्षा केंद्रों की सूची को वेबसाइट पर अपलोड होगी। 20 नवंबर तक अपलोड सूची के हिसाब से पुनः आपत्ति दी जा सकती हैं। 28 नवंबर तक बोर्ड परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची जारी होगी।

## स्टे होने से होटल पर नहीं चल सका बुलडोजर

**कन्नौज।** नोटिस देने के बाद जीटी रोड सरायमीरा स्थित होटल पर प्रशासन का बुलडोजर नहीं चल सका। कोर्ट का स्टे आड़े आने से प्रशासन के हाथ बंध गए। अब प्रशासन पहले कोर्ट से लिया स्टे खारिज करायेगा। इसके बाद अवैध निर्माण को गिराया जा सकेगा।

नवाब सिंह यादव की मां के नाम पर सरायमीरा में जीटी रोड किनारे सांई होटल का भवन है। इस भवन को सरकारी भूमि पर बने होने की बात तहसील प्रशासन कर रहा है। इसी के चलते प्रशासन ने भवन के मालिक को नोटिस दिया था। नोटिस का समय पूरा होने के बाद मंगलवार को नगर पालिका ईओ से बात करके भवन को गिराने के लिये सुबह 08 बजे का समय निर्धारित कर दिया गया था।

प्रशासन को जानकारी मिली कि उक्त भूमि पर कोर्ट से स्टे लिया गया है। इस पर तहसील प्रशासन समेत तैयार बैठी पुलिस व पीएसी को भी रोक दिया गया। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सांई होटल के भवन को गिराने की कार्रवाई की जानी थी।

## संचारी रोग नियंत्रण को केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक में दिए निर्देश
- सभी संबंधित विभागों को 28 सितंबर तक माइक्रो प्लान बनाकर देने को कहा

**अमृत विचार।** पहली से 31 अक्तूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। संबंधित विभाग 27 से 28 सितंबर तक माइक्रो प्लान तैयार कर नोडल विभाग को उपलब्ध करा दें। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा है कि जिस प्रकार से आपरेशन कायाकल्प से परिषदीय विद्यालयों का सुधार हुआ है, उसी प्रकार सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जाएं।

कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई बैठक में डीएम ने कहा कि उन्होंने कहा कि कूलर, टायर, गमले, नाली आदि में पानी इकठ्ठा न होने दें। इस मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया बीमारी आदि के संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है, जिसको देखते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। दस्तक अभियान के तहत टीमें वेक्टर जनित रोगों की पहचान कर विभाग को सूचना देंगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा आदि घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करेंगी।

डीएम ने कहा कि पूर्व के संवेदनशील क्षेत्रों की बेहतर निगरानी की जाए ताकि कहीं पर संचारी रोग का प्रकोप पुनः न फैलने पाए। जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव कराने व प्रसूता का कोई भी भुगतान लंबित नहीं रहने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना के तहत पात्र गृहस्थी एवं वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## छिबरामऊ के डॉ. रजनीश को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज।



अयोध्या में डॉ. रजनीश दुबे को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

- अयोध्या में हुआ था आयोजन, 28 राज्यों से आए थे समाजसेवी

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम के जन्मभूमि अयोध्या में आयोजित श्रीराम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान समारोह में छिबरामऊ के डॉ रजनीश दुबे को 2024 के सम्मान से नवाजा गया।

ग्रामसभा घिलोई ख़ास के रहने वाले आचार्य डॉ. दुहे का नाम समाज सेवा तथा रक्तदान के लिए नेशनल अवार्ड के लिए चयन किया गया था। कार्यक्रम में देश-विदेश व भारत के 28 राज्यों के तथा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों से रक्त वीरों समाजसेवियों, समाजसेवी संस्थाओं को चयनित किया गया था। कन्नौज जिले का प्रतिनिधित्व डॉ. दुबे ने किया था। अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के न आ पाने पर अति विशिष्ट अतिथि हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद व अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के हाथों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम से लौटने पर डॉ. दुबे का जगह- जगह स्वागत हुआ। तालग्राम रोड़ पर हाथिंन के मुन्नी देवी उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के बच्चों ने पुष्प वर्षा की। प्रबंधक तथा स्टाफ ने माला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय विधायक अर्चना पाण्डेय, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुमन पाराशर ,गौसेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय, डॉ. शैलकुमार पाराशर, बबलू दीक्षित, दीपक दुबे, मृत्युंजय मिश्रा प्रधान, मोनू मिश्रा प्रधान, आशीष तिवारी प्रधान, शुभम् गुप्ता, कुलदीप यादव, कृष्णा पाण्डेय, अवधेश मिश्रा आदि लोगों ने सम्मानित किया।

## जिला अस्पताल के पैथोलॉजी कर्मी ने महंत से की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएमओ व सीएमएस से शिकायत, नोटिस भेज मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में कर्मचारी ने सरायमीरा के काली दुर्गा मंदिर के महांत से अभद्रता कर दी। महांत ने सीएमओ व सीएमएस से लिखित शिकायत की है। सीएमएस ने कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टी करण मांगा है।

शहर के मोहल्ला देबिन टोला निवासी काली दुर्गा मंदिर के महांत स्वामी अखण्डा नंद मंगलवार को मंदिर के किसी कर्मचारी की के ब्लड की जांच कराने के लिये जिला अस्पताल की पैथोलॉजी पहुंचे। यहां मरीजों की भीड़ अधिक होने से वृद्ध महांत कक्ष के अंदर घुस गये। यहां मौजूद लैब टेक्नीशियन अनिल कुमार ने महांत स्वामी अखण्डा नंद को फटकार लगाते हुए अभद्रता की। उनको कक्ष से बाहर निकाल दिया। यही नहीं उसका पर्चा भी फेक दिया। महांत ने संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाईकी मांग करते हुए शिकायती पत्र मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व जिलाधिकारी को भी प्रतिलिप भेजी है। शिकायत मिलने के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने संबंधित कर्मचारी को कारणबताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टी करण मागा है। ठीक जवाव न मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिये सीएमओ डॉ. विनोद कुमार को को पत्र भेजा जायेगा। इस संबंधमें लैव टेक्नीशियन अनिल कुमार का कहना है कि मंगलवार को लैव में मरीजों की भीड़ अदिक थी। बाबा उनके कक्ष में ब्लड की जांच कराने पहुंचे। कक्ष में उनके साथ ही कई अन्य मरीज भी घुस आये। इस पर उन्होंने बाबा को रोका था। इसी बात पर महांत भड़क गये। उन्होंने महांत को पूरा सम्मान दिया किसी तरह से अभद्रता नहीं की है। न ही उनका पर्चा फेका है। इस संबध में जिला अस्पताल के सीएमएस का कहना है कि मामले में संबंधित को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। मामले की जांच कराई जायेगी।

## नवाब, नीलू व बुआ पर आज लगेगा गैंगस्टर

**किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोतवाली पुलिस ने पत्रावली की तैयार, अधिकारियों की मिली सहमति

**अमृत विचार।** बुधवार को किशोरी के दुष्कर्म मामले के आरोपी नवाब सिंह यादव, भाई नीलू यादव व किशोरी की बुआ पर कोतवाली पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगा। पुलिस ने तैयारी पूरी करली है। अधिकारियों ने सहमति भी देदी है।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास निकाल लिया है। सारी पत्रावली भी तैयार करली है। मंगलवार को उच्च अधिकारियों ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति दे दी है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कोतवाली पुलिस न्यायालय में पत्रावली पेश कर देगी। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं। अभी तक पुलिस दुष्कर्मके मामले में चार्जशीट लगाने का प्रयास कर रही थी। इसके चलते पुलिस को गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कागजी कोरम पूरा करने का समय नहीं मिल रहा था। अब दुष्कर्मके मामले में चार्जशीट लग जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर के कागजात तैयार कर लिये हैं।

## एनएसएस में बढ़ चढ़कर करें प्रतिभाग

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज




छात्र-छात्राओं को जानकारी देते प्राचार्य। अमृत विचार

- नेहरू पीजी कालेज में मनाया गया स्थापना दिवस

**अमृत विचार।** मंगलवार को नेहरू पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई और वालेंटियर्स ने सरस्वती वंदना तथा एनएसएस गीत प्रस्तुत किया।

कॉलेज प्राचार्य प्रो जयवीर सिंह ने छात्र- छात्राओं को बढ़चढ़ कर एनएसएस में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि कैरियर के विभिन्न अवसरों पर एनएसएस के प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। डॉ. बबिता यादव ने छात्र-छात्राओं से कहा कॉलेज में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों में पूर्ण मनोयोग से हिस्सेदारी करें। निष्ठा एवं ईमानदारीपूर्वक इन गतिविधियों को सीखें। डॉ धर्मवीर सिंह ने एनएसएस में शिक्षक, वॉलेंटियर्स और समुदाय के अन्तर्सम्बन्ध पर जोर दिया। डॉ राजीव कुमार सिंह ने समाज और शिक्षा को एनएसएस किस प्रकार जोड़ने का कार्य करती है इसपर रोशनी डाली। आपने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एनएसएस से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ० रवि प्रताप सिंह चौहान ने कहा आप नेहरू कॉलेज से शिक्षा के साथ साथ सेवा और समर्पण के भाव भी सीखेंगे। वहीं छात्र सुमित कुमार ने एनएसएस के इतिहास और महत्त्व पर अपनी बात रखी। शिवओम शर्मा ने स्वच्छता पर कविता प्रस्तुत कर वॉलेंटियर्स को जागरूक किया। डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, कर्मचारी रहे

**मशविरा** | समाज कल्याण निदेशक ने भेजा पत्र, त्योहारों में कराएं सामूहिक विवाह

# नवरात्र के पर्व पर एक-दूजे के हो सकते हैं 500 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- ग्रामीण व नगर क्षेत्र से अब तक 648 आवेदन आ चुके होगा सत्यापन

**अमृत विचार।** वैसे तो शादी-ब्याह का मुहूर्त 12 नवंबर से शुरू होगा लेकिन नवरात्र में भी शुभ कार्य हो जाते हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों की ओर से किए गए ऑनलाइन आवेदनों की जांच शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि शारदीय नवरात्र में करीब 500 जोड़े एक-दूजे के हो सकते हैं।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने भेजे पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सामूहिक विवाह कराने के लिए शुभ मुहूर्त जारी हो चुका है। यह तारीखें सांकेतिक हैं और इसमें ही आयोजन कराने की बाध्यता नहीं है। कुछ जनपदों में स्थानीय त्योहार, व्रत और नवरात्र में भी विवाह के आयोजन होते हैं। इसको लेकर तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्र के लिए तैयारियां शुरू हो गईं हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि जो भी ऑनलाइन आवेदन आए हैं उसकी जांच व सत्यापन कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। पात्र जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल किया जाएगा। इससे पहले आयोजन की तारीख व स्थान भी चयनित होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से 589 और नगर निकाय इलाकों के 59 आवेदन आ चुके हैं। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि नगर पंचायत तालग्राम से एक भी आवेदन नहीं आया है। सबसे अधिक 32 आवेदन नगर पालिका कन्नौज क्षेत्र से आए हैं।

### विभाग ने मुहूर्त का यह भेजा था पत्र

- समाज कल्याण विभाग ने 12 नवंबर से शादी के लिए मुहूर्त शुरू हो जाने का पत्र भेजा है। इसमें 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 व 29 तारीखें भी हैं। इसके अलावा दिसंबर की चार, पांच, नौ, 10 व 14 तारीख भी लग्न में शामिल है। जनवरी 2025 में कुल 10 लग्न, फरवरी में 14 व मार्च में पांच लग्न हैं।

### इस तरह आए ब्लॉकों इलाकों के आवेदन

| विकास खंड | आवेदन |
|---|---|
| छिबरामऊ | 100 |
| गुगरापुर | 23 |
| हसेरन | 42 |
| जलालाबाद | 62 |
| कन्नौज | 93 |
| सौरिख | 48 |
| तालग्राम | 76 |
| उमर्दा | 145 |

## महिला के फाड़े कपड़े, विरोध पर किया हमला

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 9 सितंबर को घर में अकेली मौजूद थी। बच्चे स्कूल गए थे। आरोप है कि तभी आदमपुर उम्मेद गांव निवासी मोहित एवं बुली लाठी डंडा एवं टकोरा लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दुष्कर्म के प्रयास में जमीन पर गिरा लिया और कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर टकोरा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुन ग्रामीणों को आता देख दोनों जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया गया था।

## सार-संक्षेप



लाइब्रेरी का निरीक्षण करते अशोक द्विवेदी। अमृत विचार

### ग्राम स्वराज टीम ने ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

**सौरिख,कन्नौज।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के निर्देश पर गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक संस्थान प्रयागराज की तरफ से अशोक द्विवेदी एवं इनकी टीम के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां विकास खंड सौरिख का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पंचायत भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं को परखने के साथ आरआरसी एवं योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण विकास कार्यों का मूल्यांकन किया गया। ग्राम सचिवालय में बनाई गई लाइब्रेरी को भी देखा गया जिसमें ग्राम प्रधान मुदमंगल सिंह एवं सचिव विनोद कुमार पटेल की सराहना की गई। कानपुर मंडल के अंतर्गत डीपीआरसी फर्रुखाबाद से आए वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबन्धक अरविंद श्रीवास्तव एवं जनपद स्तरीय डीपीएम शलभ त्रिपाठी, सत्यम वर्मा, राजेंद्र सिंह, स्वप्नेश सिंह, पवन यादव सचिव रहे।



स्वयंसेवकों को शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. अजय सिंह। अमृत विचार

### प्राचार्य ने स्वच्छता की शपथ दिलाई

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के 55वें स्थापना दिवस पर स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वयं सेवकों को स्वच्छता ही सेवा है की शपथ दिलाई गयी। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. वरुण वशिष्ठ, रेनू त्यागी, शीश पाल, डॉ. शिव नारायण, लक्ष्मी नारायण, पंकज राय, रामनारायण, डॉ. सतेंद्र, कुलदीप व दिनेश मौजूद रहे।



नए बूथ के लिए प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

### काजीहार में नये बूथ को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम काजीहार के प्राथमिक विद्यालय में बूथ बनाने को लेकर ग्रामीणों की मांग पर पहुंचे उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि आयोग से पोलिंग बूथ संभाजन प्रक्रिया चल रही है। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रौरी के मजरा काजिहार के मोहल्ला हसनपुर साहनी व काजिहार के लोगों का वोट एक बूथ पर पड़ता था। काजिहार के लोगों की समस्या थी कि बूथ दूर है। इसके चलते काजिहार के प्राथमिक विद्यालय को नया बूथ बनाए जाने के लिए वैकल्पिक और आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी को स्कूल तक पैदल ही जाना पड़ा, क्योंकि मुख्य मार्ग जर्जर होने से उनकी गाड़ी आगे नही बढ़ सकी। साथ ही गलत माप दर्शाने को लेकर उप जिलाधिकारी ने लेखपाल को फटकार भी लगाई और फिर उन्होंने स्कूल के सभी मार्गो का निरीक्षण किया।



जानकारी देते ट्रैफिक उपनिरीक्षक। अमृत विचार

### बिना रजिस्ट्रेशन या नंबर प्लेट ई रिक्शा चलाया तो कार्रवाई

**छिबरामऊ कन्नौज।** ई रिक्शा में निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठाए जाने के विरुद्ध ट्रैफिक उप निरीक्षक अरशद अली ने चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। बिना रजिस्ट्रेशन या नंबर प्लेट या लाइसेंस के बगैर ई रिक्शा चलाने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। मंगलवार को ट्रैफिक एसआई अरशद अली ने नगर में चेकिंग के साथ जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने ई रिक्शा चालकों को पूर्वी बाईपास पर एकत्रित कर सभी से अपने वाहनों के रजिस्ट्रेशन कराने तथा नंबर प्लेट लगवाने को कहा। यदि कोई चालक बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट, बिना लाइसेंस ई रिक्शा चलाते पाया गया तो जुर्माने के साथ-साथ ई रिक्शा सीज कर दिया जाएगा।

# पुलिस लाइन के आवास में मिला सिपाही का शव

## महकमे में हड़कंप, शव कई दिन पुराना होने से काफी सड़ गल चुका था, परिजनों को भेजी सूचना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- औरैया का रहने वाला है, जीआरपी में तैनात था
- 13 अक्टूबर 23 को पुलिस लाइन में कराई थी आमद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ पुलिस लाइन परिसर में मंदिर के सामने बने आवास के अंदर सिपाही का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने मकान से दुर्गंध आने की शिकायत अधिकारियों से की थी। इस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मकान के दरवाजे को खुलवाया था। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त औरैया निवासी धर्मेंद्र के रूप में हुई जो यहां जीआरपी में तैनात था।


धर्मेंद्र।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

फतेहगढ़ पुलिस लाइन परिसर स्थित आवासीय परिसर के लोगों ने मंगलवार दोपहर को अधिकारियों से ब्लाक 6 कमरा 8 से कई दिनों से दुर्गंध आने की शिकायत की। बताया गया कि आवासीय कैंपस के पूर्वी तरफ के अंतिम कमरे से काफी बदबू आ रही है। इस पर सीओ लाइन रविंद्र नाथ राय और आरआई अविचल पांडे फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कमरे के पास मधुमक्खियों का छत्ता होने की वजह से वे लोग अंदर नहीं जा पाए। इसके बाद सीढ़ी भी लगाई गई काफी प्रयास के बाद कमरे के गेट को तोड़ा जा सका। कमरे के अंदर एक युवक की सड़ा गला शव पड़ा मिला। मौके पर मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त 2011 बैच के सिपाही धर्मेंद्र निवासी औरैया के रूप में हुई जो जीआरपी में तैनात था। शव मिलने की सूचना पर मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र कुमार पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी सलैया थाना जनपद औरैया 2011 बैच का सिपाही था। उसने 13 अक्टूबर 23 को जीआरपी से पुलिस लाइन में आमद कराई थी, उसके बाद वह गैर हाजिर चल रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों के सूचना भेज दी गई है।

### चारा लेने गए वृद्ध की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी 69 वर्षीय वृद्ध रामभरोसे की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। वह पशुओं के लिए चारा लेने गया थे। चारा लाते समय वह पानी में डूब गया। मामले की सूचना थाना कंपिल पुलिस को दी गई। मंगलवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र भूरे ने बताया कि पिता सोमवार की शाम को जानवरों के लिए चारा लेने गए थे। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उन्हें तलाशना शुरू किया लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। देर रात पानी के आसपास तलाश किया तब उनकी छड़ी पानी में बहती मिली। उसके बाद गांव के लोगों ने पानी में तलाश किया और करीब 5 घंटे तलाशने के बाद उनका शव बाढ़ के पानी में उतराता मिला।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला व पुत्री घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के गांव नगला कलार निवासी राहुल देव की 27 वर्षीय पत्नी ज्योति राजपूत स्कूटी से अपनी 9 वर्षीय पुत्री श्रद्धा के साथ मायके छिबरामऊ गई हुई थी। ज्योति राजपूत स्कूटी से पुत्री श्रद्धा के साथ ससुराल वापस आ रही थी। तभी कस्बा जहानगंज के पास सामने से आ रही बाइक सवार ने ज्योति राजपूत की स्कूटी में टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी सवार ज्योति राजपूत और उसकी पुत्री श्रद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल महिला ज्योति और 9 वर्षीय श्रद्धा को लाया गया है। दोनों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। सूचना मिलते ही ज्योति राजपूत के परिजन भी जिला अस्पताल लोहिया में पहुंच गए।

## ससुराल आए युवक ने पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- जनपद कन्नौज का निवासी था मृतक
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

**अमृत विचार।** जनपद कन्नौज के निवासी एक युवक ने सुसराल में पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगा ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी शिवकुमार कटियार की पुत्री कामनी की शादी 7 वर्ष पूर्व जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम के गांव ताहपुर निवासी विकास पटेल के साथ हुई थी। शादी के बाद से आए दिन उसका पति आएदिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था जिसके चलते वह अपने मायके आ गई थी। मुकद्मा के बाद उसका पति तीन साल बाद उसे बुलाने आया था। 6 माह पहले वह फिर मायके आ गई थी। 14 सितंबर को उसका पति दिल्ली से उसे बुलाने ससुराल आया था। ससुराल में विकास का पत्नी से विवाद हुआ। शनिवार को वह घर जाने के बात कहकर ससुराल से चला गया था। मंगलवार को कैनाल रोड़ स्थित एक आम के बाग में गांव के एक ग्रामीण ने उसका रस्सी के सहारे लटका शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। मृतक की पत्नी ने बताया कि विकास शराब पीने का आदी था। शराब के नशे में वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। मृतक दिल्ली में मजदूरी का कार्य करता था। मृतक के एक 4 साल की पुत्री मिष्टी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तम्बाकू मुक्त अभियान: वाहनों को दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 माह तक 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान' का आयोजन किया जाना है। इसके तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सीएमओ डा अवनीन्द्र कुमार ने बताया किवाहन जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लाक के कस्बों, गांव, आरोग्य मेला, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील थाना, चिकित्सालय आदि पर पहुंच कर प्रचार-प्रसार करेगा। इसके अन्तर्गत पुलिस विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के 800 विद्यालयों में जागरूकता, शपथ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पंचायतीराज विभाग से समन्वय स्थापित कर 100 गांवों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराया जायेगा, साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा 150 कैम्पेन शहरी व ग्रामीण स्तर पर कराए जाएंगे। पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर 80 इन्फोर्समेन्ट कैम्पेन का आयोजन कराया जायेगा। बताया कि तम्बाकू में मौजूद 4000 जहरीले तत्व मानव शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं। इसमें बालों का झड़ना, मोतियाबिन्द, फेफडों का कैंसर, दिल की बीमारी आदि बीमारियां शामिल हैं। डा दलवीर सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी ने बताया कि नशा छोड़ने के लिए मन में दृढ़ इच्छा होनी चाहिए। यदि नशा एक बार में न छोडा जा सके, तो धीरे-2 मात्रा कम करके छोड़ना चाहिए, डायरी लिखें, सभी मित्रों एवं परिचितों को बतायें, कि आपने तम्बाकू छोड़ दी है। आप अपने पास सिगरेट, गुटखा व तम्बाकू न रखें, खुले पैसे न रखे। सूरज दुबे, जनपद सलाहकार एनटीसीपी ने बताया कि तम्बाकू छोडने हेतु जिला चिकित्सालय डा राम मनोहर लोहिया पुरूष चिकित्सालय व ब्लाक स्तर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर काउंन्सलर मौजूद हैं। तम्बाकू छोड़ने हेतु 1800-112-356 पर सुबह 8:00 बजे से सायं 8.00 बजे तक (सोमवार छोड़कर) भारत सरकार द्वारा टोल फ्री नं. जारी किया गया है। डा सर्वेश यादव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कंचन बाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, रणविजय सिंह डीसीपीएम आदि मौजूद रहे।



वाहनों को हरी झंडी दिखाते सीएमओ अबनींद्र कुमार। अमृत विचार

## एक नजर

### सट्टेबाजी में एक को पकड़ा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मुखबिर की सूचना पर एसआई मोहित द्विवेदी ने नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी अजीत सक्सेना को लालपुर रोड़ पर अमरुद के बाग में सट्टे की खाई बाड़ी करते गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके पास से 540 रुपए, 2 सट्टा पर्ची व एक डायरी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जुआं अधिनियम में मुकद्मा दर्ज किया।

### महिला को कीड़े ने काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला झील निवासी ओमश्री को ज़हरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर आए। जहाँ उसका इलाज हुआ।

### मोबिल ऑयल पीया

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी अनामिका ने संदिग्ध हालत में मोबिल ऑयल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले कर आए। जहाँ उसका इलाज हुआ।

## भारती मिश्रा ने किया विद्यालय में मीना डे का आयोजन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय महमदपुर करसान में राज्य स्तरीय सुगमकर्ता भारती मिश्रा द्वारा मीना डे का आयोजन किया गया।

उच्च प्राथमिक स्तर के समस्त छात्र-छात्राओं को भारती मिश्रा द्वारा मीना के बारे में बताया गया कि यह एक कार्टून कैरेक्टर है जिसकी संकल्पना यूनिसेफ द्वारा की गई है। मीना की विभिन्न कहानियों के माध्यम से इस वर्ग के बच्चों की समस्याएं तथा उनके समाधान सुझाए गए हैं। मीना एक कार्टून कैरेक्टर है जो समस्याओं को छोड़ती नहीं है बल्कि विभिन्न स्तरों पर उसे दूर करने का प्रयास करती दिखाई देती है। इस उम्र के बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, मुखर अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास करने में मीना मंच अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज के कार्यक्रम में बच्चों को मीना की दो फिल्में दिखाई गईं। इसके अतिरिक्त बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात मीना मंच अध्यक्ष दिव्या, पावर एंजिल गायत्री, प्रिया, गुड़िया व आराध्या द्वारा केक काटकर मीना के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मीना मंच से जुड़ी बाह्य सदस्य भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशाल, अर्पित, अनुज, आलोक, रिया, नव्या, काजल, मेनका ने प्रस्तुतियां दीं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार पाल ने कार्यक्रम की व्यवस्था की। संदीप पांडे, गौरव सक्सेना, निष्कर्ष कटिहार, पूनम, रामवीर पाल रहे।


मीना डे के सम्बन्ध में बच्चों को जानकारी देती भारती मिश्रा। अमृत विचार

## तंबाकू से भरी पिकअप को जीएसटी टीम ने पकड़ा

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जीएसटी विभाग की टीम ने तंबाकू से भरी पिकअप को अचरा मार्ग से पकड़ लिया। इसका बिल अगले दिन का कटा हुआ था। जीएसटी विभाग कार्रवाई कर जुर्माना वसूलेगा।

सोमवार को जीएसटी विभाग के एसी अभिषेक मिश्रा ने टीम के साथ कायमगंज अचरा मार्ग पर तबांकू से लदी एक पिकअप को पकड़ा। उन्होने पहले प्रपत्र मांगे तो चालक ने अगली तारीख का बिल दिखाया। इस पर टीम को मामला संदिग्ध लगने पर चालक व वाहन को मण्डी समिति ले जाया गया, जहां माल का भौतिक सत्यापन किया गया। एसी ने बताया कि माल कायमगंज से जनपद कानपुर देहात के अकबरपुर जा रहा था। पिकअप को 23 सितंबर को पकड़ा गया जबकि माल का बिल 24 सितंबर का कटा हुआ है। पिकअप में तंबाकू के 17 बोरे मिले है जिसका बिल आधार पर कटा हुआ है। बिल में माल की कीमत 44880 रुपए दिखाई है। कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाएगा।

### किया भौतिक सत्यापन

**कायमगंज।** शनिवार को नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने तंबाकू से लदी एक डीएसीएम को रामेश्वर नाथ मंदिर के पास पकड़ा था जिसपर जीएसटी विभाग व मण्डी समिति माल का भौतिक सत्यापन किया गया था। मण्डी समिति ने माल का वजन कराया था। कुल वजन 82 क्विंटल था। मण्डी ने माल की कीमत 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल लगाई थी। मण्डी समिति ने 54120 रुपए का जुर्माना लगाया है।

## बाढ़ का प्रकोप: 3000 मनरेगा मजदूरों को रोजगार नहीं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- 66 गांव अभी भी बाढ़ग्रस्त, भत्ते का भी होता है प्रावधान

**अमृत विचार।** जिला कई महीनों से बाढ़ से जूझ रहा है। तहसील अमृतपुर, शमसाबाद, कायमगंज के गांव भी बाढ़ के चपेट में आए हैं। बाढ़ के चलते मनरेगा के ग्राम पंचायतों में चल रहे काम थम गए हैं। ऐसे में इस जिले के 66 गांवों के करीब 3 हजार मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। उनके सामने जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है।

मनरेगा के उपायुक्त रणजीत सिंह ने बताया कि जिले में मनरेगा के करीब 37000 सक्रिय जॉब कार्ड धारक हैं। जो लोग रोजगार की मांग करते हैं उनको रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। इनमें बाढ़ से ग्रसित 66 गांवों के 3000 सक्रिय मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को जलभराव की वजह से कार्य नहीं दे पा रहे हैं। जैसे ही बाढ़ की स्थिति सामान्य होगी तत्काल उन्हें काम उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि काम न मिलने पर भत्ते का भी प्रावधान है। हालांकि अभी तक कोई काम मांगने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अभी तक पूरे जिले से ऐसी कोई मांग सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ थमते ही काम मांगने वाले जॉब कार्ड धारकों को काम उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### एक दिन का 237 रुपए मिलता भुगतान

एक जॉब कार्ड धारक को एक दिन के कार्य के एवज में 237 रुपए मजदूरी मिलती है। मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले जॉब कार्ड धारकों को उनकी मांग के अनुसार एक परिवार को अधिकतम 100 दिन का रोजगार मिलता है। वहीं गंगा व रामगंगा से प्रभावित ब्लॉक कायमगंज में 10 गांव, शमसाबाद में करीब 15 गांव, ब्लॉक बढ़पुर और ब्लाक कमालगंज में भी कुछ गांव हैं। करीब 66 गांव बाढ़ से ग्रस्त हैं।

मानस सम्मेलन | भले ही राम ने रावण को मार दिया, लेकिन लोगो में रावणत्व आज भी जीवित : गोस्वामी

## काम, क्रोध, मद, लोभ के रहते मर नहीं सकता रावण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कहा, रावण के पास भौतिकतावादी रथ था, राम के पास आध्यात्मिक
- माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की थीं, वहां के लोग राम को भांजा मानते

**अमृत विचार।** मानस विचार समिति के तत्वावधान में चल रहे मानस सम्मेलन के तीसरे दिन मानस विद्वानों ने कहा कि भले ही राम ने रावण को मार दिया पर आज भी बुरे लोगो में रावणत्व जीवित है। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह जब तक हममें है तब तक रावणत्व हममें मर ही नहीं सकता है।

मानस विचार समिति के बैनर तले डा. रामबाबू पाठक के संयोजन में पंडा बाग के सत्संग भवन में चल रहे मानस सम्मेलन के तीसरे दिन झांसी से पधारे मानस मनोहर अरुण गोस्वामी ने कहा कि जहां धर्म है वहां विजय होती है। ऐसा गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं, कबीरदास भी इसी प्रकार धर्म की परिभाषा बताते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने रावण को मार दिया था, पर आज भी रावणत्व नहीं मरा। लोगों में रावणत्व आज भी जीवित है। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह जब तक लोगो में जीवित है, तब तक लोगो में रावणत्व भी मौजूद रहेगा। गोस्वामी ने कहा कि युद्ध के समय मैदान में रावण के पास भौतिकतावादी रथ था जबकि श्रीराम के पास आध्यात्मिक रथ था। रावण के भौतिकतावादी रथ को हनुमान, लक्ष्मण और अंत में श्रीराम ने विध्वंस कर दिया। छत्तीसगढ़ दुर्ग से पधारे मानस विद्वान पीला राम शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्रीराम को भांजा मानते हैं, क्योंकि माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की हैं। छत्तीसगढ़ में भांजे श्रीराम को प्रणाम करने की परम्परा है। उन्होंने कहा मनु सतरूपा ने लंबे समय तक नारायण की तपस्या की और अगले जन्म में नारायण को ही बेटे के रूप में मांग लिया। त्रेता युग में मनु, सतरूपा रूपी राजा दशरथ व कौशल्या के यहां नारायण रूपी श्रीराम का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि रामचरित्र मानस में महिलाओं में कौशल्या माता में वात्सल्य है तो सूर्पनखा में राक्षसीपन है। इसके अलावा इंदौर मप्र से महेश चंद्र मिश्र, हमीरपुर से किरण भारती ने भी मानस पर प्रवचन दिया। तबले पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। संचालन पंडित रामेंद्र मिश्रा ने किया।

इस मौके पर मुन्ना लाल मिश्रा, अश्वनि मिश्रा, सदानंद शुक्ला, अशोक रस्तोगी, सुरजीत पाठक उर्फ बंटू, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, ब्रजकिशोर सिंह, किशोर, नरेश दुबे, विशेष पाठक, विजय लक्ष्मी पाठक, संध्या पाठक, अलम्या पाठक, मांडवी पाठक, शशि रस्तोगी, रजनी लौगानी सहित सैकड़ों मानस श्रोता मौजूद रहे।


मानस सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


थाने में मौजूद हिन्दू संगठन के नेता। अमृत विचार

### हिंदू संगठन की दखल से व्यापारी से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** किराना व्यापारी से समुदाय विशेष के दबंगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस के कार्रवाई न करने पर हिंदूवादी संगठन सक्रिय हुए। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर व्यापारी का मेडिकल परीक्षण कराया है। शहर कोतवाली के मोहल्ला लिंजीगंज निवासी रतन कुमार गुप्ता ने दी गई तहरीर में बताया कि 22 सितंबर को लगभग 9 बजे साहबगंज चौराहे पर दूध लेने गए थे। उसी दौरान चौराहे पर खड़े मानू, कादिर उर्फ काला व तीन अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज किया। जब रतन कुमार ने विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। थाने में सुनवाई न होने पर मामले को लेकर कोतवाली में बजरंग दल के जिला सह मंत्री सनी गुप्ता साथियों के साथ पहुंचे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित की लिंजीगंज में किराने की दुकान है। व्यापार मंडल भी पीड़ित की पैरवी में कोतवाली पहुंचा था। कोतवाल फर्रुखाबाद राजीव पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



चंद्र शेखर कटियार को सम्मानित करते विजय अवस्थी। अमृत विचार

### पत्रकार चन्द्र शेखर कटियार किए गए सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** पत्रकार समाज का सच आगे लाकर समाज को सुधारने में महती भूमिका अदा करता है। यह उद्गार स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया पेंशनर्स एसोसिएशन फर्रुखाबाद के जिला मन्त्री विजय अवस्थी ने पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। जय नारायण वर्मा रोड फतेहगढ़ पर हुये समारोह में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर कटियार को सम्मानित किया गया। स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त साथी सतीश अहिरवार, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, ओपेन्द्र कुमार बाथम, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विमल अग्निहोत्री, राम नरेश यादव को भी इस दौरान सम्मानित किया गया।

### जमीन के अंदर से निकलीं मूर्तियां

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम बडागांव परतापुर खुर्द में जमीन के अंदर देवी देवताओं की मूर्तियां दबी होने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जानकारी होने पर संघ के अमन अवस्थी व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के सहयोग से फावड़ा से खुदाई शुरू कर दी गई। खुदाई में जमीन के अंदर से मूर्तियां निकलीं। इन मूर्तियों को ग्राम प्रधान दाताराम के सुपुर्द कर दिया गया। निर्णय लिया गया कि आगामी नवरात्रि में पूजा पाठ के साथ विधि विधान से देवस्थान पर मूर्तियों की स्थापना कराई जाएगी। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार मूर्तियां लगभग एक वर्ष पूर्व जमीन के अंदर दबाई गई होंगी।


खोदाई में निकली मूर्तियां। अमृत विचार

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला केहरी निवासी हंसराज की 22 वर्षीय पत्नी संजू की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पति ने बताया पिछले चार-पांच दिनों से उसे बुखार आ रहा था। स्थानीय चिकित्सक से उपचार चल रहा था। सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष के जनपद शाहजहांपुर के मदनपुर निवासी सत्यराम व अन्य परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जिस पर थाना प्रभारी तरुण कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दरोगा वीरपाल ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### पागल कुत्ते ने दो युवकों को काटा, हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के गांव सोता बहादुरपुर निवासी समील का 20 वर्षीय पुत्र वसीम और गांव नगला भगुआ निवासी शेर सिंह का 32 वर्षीय पुत्र शिवनंदन पांचालघाट चौराहा पर किसी काम से गए हुए थे। तभी वहां घूम रहे पागल कुत्ते ने दोनों को काट लिया। गंभीर रूप से जख्मी दोनों लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया।

### सांप ने महिला को डसा, हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लोको रोड रेलवे कॉलोनी निवासी सुनील कुमार सैनी की 24 वर्षीय पत्नी अंजू सैनी घर के दरवाजे थी तभी सांप ने उसके पैर में डस लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालो ने उसे डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। अंजू सैनी ने बताया रेलवे कॉलोनी के आसपास गंदगी फैली हुई है और झाड़ियां हैं। इसलिए अक्सर रेलवे कॉलोनी में घर के अंदर सांप घुस जाते हैं। कई बार रेलवे अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई किशोरी, आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र की निवासी 15 वर्षीय किशोरी कक्षा पांच की छात्रा है। वह पांच माह पहले मकान की छत पर खेल रही थी, तभी गांव रसीदपुर निवासी अवनीश उर्फ प्रद्युम्न ने छात्रा से दुष्कर्म किया और परिजनों को न बताने की चेतावनी दी। इससे छात्रा डर गई और परिजनों को नहीं बताया। कुछ दिन से परिजनों को छात्रा के गर्भवती होने का आभास हुआ तो जांच कराई, जिसमें इसकी पुष्टि हो गई। पुलिस ने मां की ओर से मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### सीढ़ी पर चढ़ते समय फिसला पैर, मौत

**कंपिल फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी 45 वर्षीय नन्हकू बाथम चौराहे पर चाट की ठेली लगाता था। उसका इकलौता पुत्र अजय पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। नन्हकू घर में अकेला रहता था। नन्हकू शराब पीने का आदी था। सोमवार देर शाम नन्हकू शराब के नशे में घर की सीढ़ी से छत पर जा रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह सिर के बल जमीन पर आ गिरा। घर में अकेला होने पर किसी को घटना की जानकारी नहीं हुयी। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। मोहल्ले वालों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी।

### दबंग ने की दिव्यांग के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कंपिल फर्रुखाबाद।** दबंग ने दिव्यांग के साथ मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। दिव्यांग की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर जांच में जुटी। क्षेत्र के गांव त्यौर खास निवासी दिव्यांग संजू ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 26 जुलाई का शाम वह गांव में पीपल के पेड़ के नीचे बैठा था, तभी गांव के ही भानु आया और धान गाड़ने की बात कहने लगा। जब उसने दिव्यांग होने का हवाला दिया, इसी बात को लेकर आरोपित उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर जांच में जुटी।

# कांशीराम कालोनी से अवैध कब्जेदार होंगे बेदखल

## किराए पर उठे हैं 54 फीसदी आवास, अवैध कब्जा भी मिला, डीएम के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में हुई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** गरीब लोगों को शहरी क्षेत्र में रहने के लिए सरकारी योजना में उपलब्ध कराए गए आवास में आवंटियों की जगह किराएदार रखने का मामला सामने आने पर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।

मंगलवार को डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा समेत विभिन्न अधिकारियों ने टीबी अस्पताल के पास मान्यवर कांशीराम शहरी आवास योजना के 815 आवासों की जांच करायी। इनमें 197 आवास में किरायेदार अथवा अवैध कब्जा पाया गया। ऐसे में पहले दिन तकरीबन 454 मकान की जांच की गई। नगर पालिका के साथ ही कई एसडीएम, राजस्व, डूडा विभाग के अधिकारी भी मौके पर लगाए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स भी यहां तैनात किया गया था। कई आवास में किराएदार रहने अथवा लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया। इसको लेकर प्रशासन ने अगले दो दिन में जांच पूरी कर ऐसे आवंटियों का आवंटन निरस्त करने व इन पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। रिक्त होने वाले आवासों के आवंटन की प्रक्रिया नये सिरे से की जाएगी।


जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार आवासों की चेकिंग कराते हुए।

वर्ष 2009 में तत्कालीन मायावती सरकार ने शहरी क्षेत्र में

- रिक्त होने वाले आवासों के आवंटन की प्रक्रिया पुनः नये सिरे से की जाएगी

रहने वाले मजदूर व जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए कांशीराम शहरी आवास योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत शहर के टीबी अस्पताल के पास कुल 815 आवास निर्मित किए गए थे 51 ब्लॉक में बंटे शहरी आवास योजना का आवंटन वर्ष 2010 में लोगों को किया गया। इसके बाद से ही यहां किराएदार रखने की शिकायत आनी शुरू हो गई। सन 2014 और 2016 में भी इस प्रकरण को लेकर जांच कराई गई थी जिसमें बड़ी संख्या में लोग किराए पर काशीराम कॉलोनी में रह रहे थे। ऐसे में यह तो साफ है कि जिन आवंटियों को आवास उपलब्ध कराए गए थे वह अब दूसरे स्थान पर रह रहे हैं जबकि उन्होंने अपने सरकारी आवासों को किसी न किसी को किराए अथवा दूसरे प्रयोग के लिए इस्तेमाल किया हुआ है। पिछले दिनों मिली शिकायत के बाद प्रशासन ने इसको लेकर एक टीम गठित की थी। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में बनाई गई इस टीम में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही डूडा व नगर पालिका के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने डोर टू डोर रहने वालों के बारे में पड़ताल की। इस जांच से आवासों में रह रहे अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा है।

# दो शावकों के नामकरण के लिए मांगे गये सुझाव

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के बब्बर शेर कान्हा और शेरनी रूपा से 31 मई, 1 जून 2024 को जन्में 2 मादा शावकों का नामकरण किया जाना है। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से इच्छुक व्यक्ति मादा शावकों के सम्भावित नाम के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। यह आनलॉइन सुझाव सफारी की ईमेल आईडी पर या फिर मोबाइल नम्बर 7839435094 पर दिए जा सकते हैं। यह जानकारी सफारी के डिप्टी डायरेक्टर विनय सिंह ने दी है। सफारी प्रशासन ने इससे पहले रुपा के एक और शावक के नामकरण के लिए लोगों से सुझाव मांगे थे। ऐसी संभावना है कि एक अक्टूबर से शुरू होने वाले वन्यजीव सप्ताह में इन शावकों के नाम रख दिए जाएंगे।

# युवक पर किया फायर बाल -बाल बचा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** कचौरा बाईपास मार्ग पर सिरहोल नहर पुल के समीप बाइक सवार युवक पर दबंगों ने ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग किए लेकिन वह बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मौके से खाली खोखे बरामद किए लेकिन कोई हमलावर पकड़ा नहीं गया।

थाना में इसी क्षेत्र में गांव कैस्त के रहने वाले भानू प्रताप सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि वह गांव से मॉडल तहसील के सामने से बाईपास होता हुआ नहर पुल कचौरा रोड पर जा रहा था। अहीर टोला के आदित्य यादव उर्फ अंजली, विनीत यादव व गांव प्रतापपुर के अजय यादव उर्फ कन्हैया 15-20

- पुलिस को जांच पड़ताल में मिले खाली खोखे
- बोले सीओ, जल्द गिरफ्तार होंगे दहशतगर्द

अज्ञात साथियों सहित बाइकों पर आए जिन्होंने गाली गलौज करते हुए रोकने की कोशिश की, न रुकने पर कई राउंड फायर कर दिए जिसमें वह बाल-बाल बच गया।

फायरिंग के धमाके सुनकर शोर मचने पर जान से मारने की धमकी दी, किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग आया। सीओ नागेंद्र चौबे ने बताया कि दहशत फैलाने के मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा किसी को भी इस तरह की अराजकता नहीं करने दी जाएगी।

# गोवंश की ठोकर से किसान नहर में गिरा, मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** खेत की रखवाली कर रहे किसान को अन्ना गोवंश ने टक्कर मार दी, जिससे किसान नहर में जा गिरा। लोगों के पहुंचने से पहले किसान नहर में डूबकर लापता हो गया। दूसरे दिन किसान का शव नहर से पुलिस ने बरामद कर लिय।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के लोकासाई गांव निवासी राम सिंह 65 सोमवार दोपहर तीन बजे अपने खेत पर रखवाली करने गए थे। तभी वहां गोवंशों का झुंड आ गया। किसान ने झुंड को खेतों से निकाल कर नहर पटरी पर खदेड़ा तभी एक गोवंश ने किसान पर हमला कर दिया। जिससे किसान नहर में गिरकर डूब गया। मंगलवार सुबह किसान का शव दतावली नहर से पुलिस ने बरामद किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### किशोरियों को टक्कर मारकर गिरा बाइक सवार, तीनों घायल

**बसरेहर, इटावा।** बरेली ग्वालियर हाईवे पर चौबिया थाने के पास बाइक सवार पैदल जा रही दो किशोरियों को टक्कर मारकर सड़क पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार सहित तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस को सूचना दी लेकिन आधा घंटे तक तीनों घायल रोड पर छटपटाते रहे लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। तब निजी वाहन व पुलिस की जीप द्वारा तीनों घायलों को बसरेहर सीएचसी भेजा गया। चौबिया के ग्राम प्रधान अनिल कुमार की 14 साल की बेटी शिवी कुमारी तथा बलवीर सिंह की 15 साल की बेटी पारुल रोड किनारे पैदल चलकर वहीं पास में बने अपने दूसरे मकान पर जा रहीं थीं, । इसी गांव का सर्वेश कुमार बाइक से चौबिया की तरफ आ रहा था तभी वह बाइक पर अपना संतुलन खे बैठा, पैदल जा रही दोनों लड़कियों को टक्कर मारकर सड़क पर गिर गया, जिससे बाइक सवार तथा दोनों किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। एंबुलेंस न आने पर तीनों घायलों को निजी वाहन तथा पुलिस जीप से बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**वाहन की टक्कर से बेटी की मौत, पिता घायल : इकदिल, इटावा।** ग्वालियर बाईपास मानिकपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार बेटी की मौत हो गई और पिता घायल हो गया।

थाना बढ़पुरा क्षेत्र में गांव बाहुरी के रहने वाले केशव (32) अपनी दस साल की बेटी सानिया उर्फ तान्या के साथ सोमवार को अपनी ससुराल इकदिल गये थे। वहां से लौटते देर शाम को अपने घर आते समय उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमे बाप बेटी दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर भाग गया। घायल अवस्था मे पड़े घायलों को राहगीरों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वहां पर पिता का इलाज जारी है और बेटी ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया।

# महिलाओं ने कुपोषण दूर करने को चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन हर साल सितंबर के महीने में राष्ट्रीय पोषण माह मनाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य, किशोरियों, गर्भवती महिलाएं स्तनपान करने वाली माताएं और 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के पोषण स्थिति की निगरानी और जागरूकता फैलाना है। तीन साल पहले के व्यापक राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण के आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि लगभग 50 प्रतिशत बच्चों में किसी न किसी रूप में कुपोषण है। बहुत सी ऐसी किशोरी और गर्भवती महिलाएं हैं जो एनीमिया से पीड़ित है।

उपायुक्त स्वतः रोजगार शरद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण महा अभियान के क्रम में हर गांव में एनआरएलएम की तरफ से स्वयं सहायता समूहों का कैडर भी काम कर रहा है। जो गांव के समूहों

- स्वयं सहायता समूहों का कैडर कर रहा है जागरूक

की महिलाओं सके साथ खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर काम कर रही हैं। जिसमें वह महिलाओं को बताती है कि प्रतिदिन के भोजन में 7 खाद्य समूह में से कम से कम बच्चे को 4 खाद्य समूह का भोजन अवश्य खिलाएं। साथ में बच्चों को मां का दूध भी जारी रखें जिससे उनका बच्चा स्वस्थ रहेगा और कुपोषित होने से बच जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली रंगोली दीपोत्सव गोद भराई वजन दिवस आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में 9455 समूह की 1,02,956 महिलाएं इससे लाभान्वित होगी। इस अभियान में मुख्य रूप से जिला मिशन प्रबंधक डा नंदकिशोर शाह, विप्लव भूषण मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# शिक्षक भगवान दास हुए सम्मानित

**इटावा।** जन सहयोगी इंटर कालेज पृथ्वीपुर इटावा के शिक्षक एवं साहित्यकार उप्र साहित्य सभा के कोषाध्यक्ष भगवान दास शर्मा 'प्रशांत' को राजकुमार जायसवाल विचार क्रांति के नेतृत्व में नमो फाउंडेशन सिगरौली छत्तीसगढ़ ने महान राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।


भगवान दास शर्मा

नमो फाउंडेशन सिगरौली हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से सम्मानित करता है। साहित्य सभा इटावा के पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने सीखी जीएसटी की बारीकियां

**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में स्किल एजुकेशन के तहत कॉमर्स सेक्शन के बच्चों को अकाउंटिंग, टेली, जीएसटी और इनकम टैक्स से संबंधित जानकारी देने के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। आगरा से आए सीए नितेश गुप्ता ने अभिभावकों से भी बात की। सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि स्किल सब्जेक्ट पर सीबीएसई काफी ध्यान देते हुए बच्चों को पढ़ाई के साथ निपुण बनाने का पूर्ण प्रयास कर रही है। ऐसे सेमिनार छात्र छात्राओं को पारंगत तो बनाते ही है साथ में शिक्षा को भी रोजगारपरक बनाते हैं।


सीए नितेश गुप्ता को प्रतीक चिह्न देते कैलाश यादव।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**बकेवर।** एक महीने पहले किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। थाना बकेवर में दर्ज कराए गए अभियोग में कहा गया है कि 16 वर्षीय बेटी विद्यालय व कोचिंग पढ़ने के लिए नगर में आते जाते समय रास्ते नामजद आरोपित अश्लील हरकते और छेड़छाड़ करते थे। 28 अगस्त को जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तब न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर नगर बकेवर के मोहल्ला सुभाष नगर के असलम उर्फ अलवेले, शोहिल तथा इनके पिता नफीस खां के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। जिसकी जांच सीओ भरथना अतुल प्रधान द्वारा की जाएगी।

### वृद्धाश्रम चलाने वाली संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति

**इटावा।** जिले में भरथना में संचालित वृद्ध आश्रम में अनियमितताएं मिलने पर जिलाधिकारी ने आवंटित रकम का विशेष ऑडिट करने तथा संस्था को ब्लैक लिस्टेड करते हुए अनुदान रोके जाने की संस्तुति की है। संस्तुति प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भेज दी गई है। इस वृद्ध आश्रम का संचालन लखनऊ की एक संस्था करती है। 18 जुलाई को वृद्ध आश्रम में कार्यरत रहे कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान न करने और अन्य अव्यवस्थाओं के संबंध में शिकायत की गई थी। इस शिकायत की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। वृद्ध आश्रम में पहुंचकर इन शिकायतों की जांच की तथा बिल वाउचर आदि देखें। समिति के सदस्यों के समक्ष संस्था की ओर से कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। नियमावली के अंतर्गत वृद्ध आश्रम में संवासियों को अवसान, पर्सनल केयर, भोजन व्यवस्था तथा मनोरंजन आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं है। समिति की सिफारिश पर डीएम अवनीश राय ने इस वृद्ध आश्रम में हुई वित्तीय अनियमितताओं को ध्यान में रखते अनुदान का विशेष ऑडिट कराने की कार्रवाई करते हुए संस्था को ब्लैक लिस्ट करके अनुदान रोकने की संस्तुति की है।

### नलकूपों की बिजली न आने से किसान परेशान

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैलोखर के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में खेतों की सिंचाई की नलकूप लाइनों में पिछले एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति न आने से धान की फसल सूखने के कगार पर है। पिछले हफ्ते हुई तेज बारिश और आंधी के कारण 11केवी विद्युत लाइन के कई खंभे गिर गए थे। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तुरंत ही दे दी थी। तब से आज तक लाइट नहीं आ रही है। मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्रित होकर तहसील पहुंचे और एसडीएम से मिलकर गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को समझ एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति आने लगेगी।

### कार्यकत्रियों का रोका वेतन

**जसवंतनगर, इटावा।** तीन दिन पूर्व महलई गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर कीड़े पड़ा हुआ बदबूदार पुष्टाहार बांटे जाने का वीडियो वायरल हुआ था। ग्रामीण कपिल शाक्य, श्यामा देवी, मालती, गंगोत्री, प्रियंका, बृजेश की शिकायत के आधार पर एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने इसकी जांच बीडीओ श्वेता गर्ग को सौंपी थी। खंड विकास अधिकारी ने दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। जो तीन कार्य दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। बीडीओ ने बताया कि जब तक जांच पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों को मानदेय नहीं देने के निर्देश दिए हैं।

# दो शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने अंतर्जनपदीय दो वाहन चोर पकड़े हैं। उनके पास से चोरी की गई पांच बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

इस सफलता में प्रभावी भूमिका निभाने वाले सिपाही को एसएसपी ने एक हजार रुपये का नकद इनाम देकर उत्साहवर्धन किया। एसएसपी संजय वर्मा एवं एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को तड़के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र तथा एसओजी व सर्विलांस टीमों के प्रभारी फोर्स के साथ दतावली नहर पुल पर वाहन

- पांच बाइक, तमंचा और कारतूस भी हुए बरामद

चेकिंग कर रहे थे। गांव नगला मानधाता के रास्ते पर पुलिस फोर्स की दो पार्टियां बनाकर घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से तमंचे कारतूस तथा पूछताछ में पांच बाइक बरामद हुईं। पकड़े गए वाहन चोरों में एक राहुल तथा अभिषेक नाम बताया। दोनों का इतिहास खंगाला गया तो दोनों के खिलाफ 4-4 अभियोग पहले से दर्ज पाए गए। पांच बाइक में दो दिल्ली से, एक हाल ही में इसी थाना क्षेत्र में गांव कुनेरा से चोरी की गई थीं, दो की छानबीन की जा रही है।

# घर-घर बिजली चेकिंग से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की टीमों ने लाइनपार क्षेत्र के कई मोहल्लों में घर घर चेकिंग की। इस चेकिंग में कुल 82 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिजली विभाग के इस चेकिंग अभियान से पूरे शहर में हड़कंप मचा रहा।

मुख्य अभियंता कानपुर ज़ोन संजय कुमार गुप्ता के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़, अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा, अधिशाषी अभियंता परीक्षण हकिम सिंह के निर्देशन में उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में यह अभियान चला। इसमें सहायक अभियंता मीटर विवेक कुमार सिंह, एसडीओ पीयूष मौर्य व

- बिजली चोरी में पकड़े गये 82 उपभोक्ता
- गलियों में घूम-घूम कर विभाग की टीमों ने की चेकिंग


फ्रेंड्स कालोनी में चेकिंग करते एसडीएम गगन अग्निहोत्री व अन्य। अमृत विचार

आनंद पाल सिंह ने फ्रेंड्स कॉलोनी प्रथम के संबंधित क्षेत्र गांधी नगर, चौहान कॉलोनी में चोरी रोकने हेतु सघन अभियान चलाया।

जिसमे कुल 82 लोगों को बिजली चोरी में पकड़ा गया। 35 मीटर टेंपर तथा 36 मीटर बायपास करके चोरी करते हुए पकड़े गए। इस अभियान के दौरान 11 उपभोक्ताओं को धरेलू संयोजन से कॉमर्शियल उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस टीम में अवर अभियंता जितेंद्र कुमार राणा, विनोद यादव, राजकमल, वीरेंद्र कुमार, अमर कनौजिया, नवल किशोर, अनिल राठौर, पुस्पेंद्र, गोविंद, ब्रह्मानंद, विनय, अर्जुन, दिव्यांश, प्रतीक, अश्वनी, सत्यवीर, मनोज, राजू शामिल रहे।

### विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**जसवंतनगर, इटावा।** विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि विद्युत वितरण उप खंड जसवंतनगर प्रथम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 25 सितंबर से 30 सितंबर तक विद्युत आपूर्ति दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र जसवंतनगर और तहसील की 33 केवी लाइन पर विजिनेस प्लान योजना के तहत अतिरिक्त पोल लगाने और क्षतिग्रस्त तार बदलने का कार्य किया जाएगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे इस दौरान अपने कार्यों को स्थगित रखें।



संस्कृति सप्ताह में श्लोक पाठ करते प्रतिभागी।

# श्लोक पाठ से संस्कृति सप्ताह की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद ने संस्कृति सप्ताह की शुरुआत संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता से की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि पंचायतीराज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह ने कहा कि परिषद सेवा, संस्कार को अंगीकृत करके समाज में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहें। आरएन दुबे ने बताया कि संस्कृति सप्ताह का आयोजन बच्चों में संस्कार जगाने करने के लिए किया जाता है।

इस प्रतियोगिता में छात्रों ने भारत की महान विभूतियों की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई। रमेश कुमार चौधरी शिक्षक, उमाशंकर दीक्षित सेवा निवृत्त शिक्षक तथा शिव शंकर प्रवक्ता ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया। विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा ने विचार प्रस्तुत किए। संयोजक विवेक रंजन गुप्ता व बर्षा दुबे ने अतिथियों और निर्णायकों का पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। संयोजक हरी शंकर त्रिपाठी, नन्द कुमार यादव, आरकेएस यादव, नरेन्द्र बहादुर सिंह, शैलजा पाठक, इन्दु कुलश्रेष्ठ, प्रतिभा सिंह ने अतिथियों और निर्णायकों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक जगदीश प्रसाद पांडेय, प्रांतीय महासचिव संजय मिश्रा, सचिव राजीव लोचन दीक्षित, एसएन चौधरी, ओम नारायण शुक्ला, शैलेष कुमार पाठक एडवोकेट, सुग्रीव सिंह यादव, कुलदीप कुमार कश्यप, राजीव अवस्थी, सन्तोष कुमार प्रजापति, शिव कुमार दुबे, विपिन दुबे, नीलिमा उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण 29 सितम्बर को विधायक सदर सरिता भदौरिया करेंगी।

अभियान | स्वयं सेवकों ने प्राइमरी विद्यालय और थाना परिसर में की साफ -सफाई, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

# थाना परिसर में बगीचे का निर्माण कर रोपे गये पौधे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** श्री तिरुपति बालाजी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के सातवें दिन प्राथमिक विद्यालय कांटेहार एवं पेट्रोल पंप के नजदीक स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी रश्मि गुप्ता ने स्वयंसेवकों के मध्य स्वच्छता अभियान की महत्ता बताई। समस्त स्वयंसेवक कांटेहार प्राइमरी विद्यालय में पहुंचे। स्वच्छता अभियान का ड्राइव चलाया तथा प्राइमरी विद्यालय के नन्हे मुन्नें बच्चों को अपने हाथों से मिड-डे मील योजना के तहत भोजन कराया।

इसके बाद पेट्रोल पंप भारत पेट्रोलियम में स्वच्छता अभियान को संपादित किया। थाना वैदपुरा में सभी की रक्षा करने वाले जवानों के कार्यालय की साफ सफाई की। वहां पर एक बगीचे का निर्माण भी किया। जिसमें अनेक औषधीय पौधों को लगाया गया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा किए गए स्वच्छता कार्य को देखते हुए थाना वैदपुरा के थाना अध्यक्ष ने सभी स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात महाविद्यालय में पेंटिंग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के 84 स्वयंसेवक तथा सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के स्वयंसेवक नितिन, विजय, यतेंद्र, आकाश, आदेश, विशाल, विकाश,



स्वच्छता अभियान में शामिल तिरूपति बालाजी महाविद्यालय के स्वंयसेवक।



राजकीय महिला महाविद्यालय में सफाई करती छात्राएं।

### छात्राओं व प्राध्यापकों ने झाड़ू लेकर की परिसर की सफाई

**इटावा।** पंचायत राज राजकीय महिला महाविद्यालय एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सौजन्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा महात्मा गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह ने कहा है कि मानव का सम्पूर्ण जीवन स्वच्छता पर ही टिका है। अगर हमारे आसपास का परिवेश स्वच्छ नहीं होगा तो बीमारियां फैलेंगी। स्वच्छता की कमी होने से शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. चन्द्रप्रभा ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने देश, अपने राज्य, अपने शहर व गांव को स्वच्छ रखें और अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। इसके बाद सभी छात्राओं और प्राध्यापकों ने मैदान में झाड़ू कुदाल लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में दुर्गेशलता, सपना वर्मा, रमाकांत राय, श्यामदेव यादव, अमित कुमार, रेखा, डाली रानी उपस्थित रहीं।

- पंचायत राज राजकीय महिला विद्यालय में चला अभियान

अरुन, अभिषेक, विमलेश तथा स्वयंसेविका प्रिया, प्रांजल, शिवानी, वैष्णवी, शिवा, निशा आदि ने अपना विशेष योगदान प्रदान किया। प्राचार्य डा कुंवर उदयवीर सिंह पवार, प्रवक्ता नरसी लाल, प्रमोद कुमार पांडे, पुनीत मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, वैशाली शर्मा, मनोज मिश्रा, अजय कुमार, सत्यम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण को समझें अपनी जिम्मेदारी

## जिलाधिकारी ने सीडीपीओ ग्रामीण औरैया अनुपमा का कार्य अच्छा न होने पर मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, औरैया


अधिकारियों को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य दस्तक अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी संबंधित अपनी-अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में सीडीपीओ, एडीओ पंचायत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ-साथ आंगनवाड़ी व आशा को भी बुलाया जाए, जिससे उनके उत्तरदायित्वों से उन्हें अवगत कराया जा सके। समीक्षा के दौरान सीडीपीओ ग्रामीण औरैया अनुपमा श्रीवास्तव का कार्य अच्छा न होने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में आगामी सप्ताह तक ब्रुश कटर (मशीन) क्रय कराना सुनिश्चित करें, जिसके लिए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित करें और वह 27 सितम्बर 2024 तक क्रय संबंधी पत्रावली तैयार कर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधितों से कहा कि आमजन को स्वस्थ रखना हम सभी की ड्यूटी तो है ही पुण्य का कार्य भी है इसलिए हर संभव प्रयास करके सभी को सुरक्षित रखें और कार्य के दौरान सेवा भाव भी दृष्टिगत हो यह प्रयास करें।

● जल भराव हटाने तथा झाड़ी कटान का कार्य तेजी से करते हुए कराएं साफ-सफाई

उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को कार्ययोजना के अनुरूप प्रत्येक गांव में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा छिड़काव, नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर हरिश्चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, चिकित्सक आदि मौजूद रहे।


आरा मशीन पर जांच करते उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी। अमृत विचार

## एसडीएम ने आरा मशीनों का किया निरीक्षण

**अजीतमल,औरैया।** कस्बा क्षेत्र में आसपास के जंगल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही लकड़ी की अवैध कटान की आ रही सूचनाओं को उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने संज्ञान में लेते हुए कस्बा सहित आस-पास क्षेत्र में चल रही आरा मशीनों का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने आरा मशीन संचालकों को कड़े निर्देश दिए कहा कि अगर अवैध लकड़ी कटती मिली तो कार्रवाई की जायेगी।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने कस्बा बाबरपुर में चल रही तीन आरा मशीन कारखानों तथा अटसू कस्बे में संचालित आरा मशीन कारखानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारखाने पर मौजूद लकड़ी के कागजात सहित आरा मशीन संचालन के लाइसेंस आदि का निरीक्षण किया तथा संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए उन्हें बिना कागज के लकड़ी चिराई का कार्य बिल्कुल न करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता पाया गया तो आरा मशीन संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर वन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## लूट की झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**अछल्दा,औरैया।** सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बंबा के पास एक मास्टर को कुछ लोगों ने लूट लिया है। मौके पर जब पुलिस मामले की जांच करने पहुंची तो मामला मारपीट का निकला। मास्टर ने भी मारपीट की बात स्वीकार की।

थाना क्षेत्र के ग्राम मुहम्मदाबाद निवासी अनिल कुमार पाण्डे पुत्र राम सागर रोज की तरह नगरिया स्थित एक कॉलेज में पढ़ाने के लिये जा रहे थे तभी अछल्दा अटसू मार्ग पर नगरिया गांव के पास से निकले बंबा के नजदीक दो अज्ञात लोग बाइक पर सवार होकर आए तथा बाइक खड़ी कर अभद्रता कर मारपीट करने लगे। उसी समय मेरे जेब से 11 सौ रुपये जमीन पर गिर पड़े। किसी ने पुलिस को लूट की फर्जी सूचना दे दी। पीड़ित ने बताया कि 11 सौ रुपये जमीन पर गिर पड़े थे जो कि बाद में ढूंढने पर हमको मिल गए थे। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि लूट की सूचना फर्जी है। मामला मारपीट का है।

# जिलाधिकारी ने वृद्धा को तहसील की गाड़ी से भिजवाया उसके घर

कार्यालय संवाददाता, औरैया


तहसीलदार की गाड़ी से जातीं बुजुर्ग महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला की फरियाद को सुना और साथ ही मानवता का परिचय देते हुए बुजुर्ग महिला को तहसील की गाड़ी से उसके गंतव्य तक पहुंचाया।

ककोर मुख्यालय में आज एक बुजुर्ग महिला अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची तो जिलाधिकारी ने महिला की बात को सुनकर तुरंत तहसीलदार अजीतमल को उनकी समस्या का निस्तारण करने के लिए आदेश कर दिया। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह औरैया की तिलक नगर मोहल्ले में रहती है। जिसकी जमीन अजीतमल तहसील के अंतर्गत पड़ती है उसके परिजनों ने जमीन की खतौनी में वीणा देवी की जगह रीना देवी व पति कैलाश चन्द्र की जगह कैलाश प्रकाश दर्ज करवा दिया है जिस कारण उसे उसके परिवरीजनों ने उसे जमीन से बेदखल कर दिया। खतौनी में नाम संशोधन के लिए वह कई महीनों से परेशान थी और लेखपाल उसे तहसील के चक्कर कटवा रहा था। वह ककोर मुख्यालय पर अपनी फरियाद लेकर डीएम के जनता दर्शन में पहुंची थी। डीएम ने बुजुर्ग वृद्धा की समस्या का निस्तारण करने का आदेश तहसीलदार अजीतमल को दिया और साथ ही उसे तहसीलदार की गाड़ी से उसके घर तक पहुंचाया।

# केक काटकर मनाया गया मीना का जन्म दिन

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार को पीएम श्री विद्यालय ग्वारी विकास खंड अछल्दा में जिला बेसिक अधिकारी संजीव कुमार एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रक्षा चौहान के मार्गदर्शन में यूनिसेफ द्वारा कल्पित मीना नाम की बालिका का जन्मदिन केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे, राज्य संदर्भ समूह सदस्य सुनील दत्त राजपूत तथा अलका यादव के द्वारा संयुक्त रूप द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। राज संदर्भ समूह सदस्य सुनील दत्त राजपूत ने मुख्य अतिथि कमल सिंह दोहरे ने बैज लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।


बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित करते जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे। अमृत विचार

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न स्टॉल आयोजित कर मीणा मेले का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा संवैधानिक कानून की जानकारी देना, सेनेटरी एवं हेल्थ एंड हाइजीन स्टॉल, कबाड़ से जुगाड़, प्राकृतिक वातानुकूलित ए.सी. का निर्माण, स्मोक फ्री चिमनी, स्मोक सकिंग विंडो, न्यूज़ हेडलाइंस आदि स्टॉल लगाकर मेले की शोभा बढ़ाई। छात्रों द्वारा सोशल मीडिया नशा मुक्ति अभियान पर आधारित विभिन्न लघु नाटक प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को मुख्य अतिथि कमल सिंह दोहरे के द्वारा शील्ड एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। एस आर जी अलका यादव ने कहा कि मीना' एक ऐसा नाम है जो किसी धर्म विशेष का प्रतिनिधित्व नहीं करता। चूंकि 'मीना मंच' का प्रारम्भ 24,सितम्बर को हुआ था, मीना के जन्म दिवस (24,सितम्बर) को 'मीना दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

एस.आर. जी.सुनील दत्त राजपूत ने कहा कि मीना का प्रमुख कार्य अनामांकित , आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान करना एवं उन्हें स्कूल से जोड़ना है। मीना मंच के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र कुमारी पायल ,दीक्षा, जूली, नव्या ,राधा, प्रशांत ,आयुष, साहिल, देव सिंह, सत्यम ,शरद एवं हर्षित के द्वारा स्टॉल लगाकर मीना के मेले का आयोजन में सहायक अध्यापक अमित कुमार, योगेंद्र सिंह , सुभाष यादव ,ललित कुमार, प्रदीप कुमार ,गौरव सिंह, अवकित सिंह, गोविंद सिंह ,अरविंद कुमार शिक्षामित्र का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर अन्य विद्यालयों से आमंत्रित अतिथि नोडल शिक्षक संकुल अम्बरीश कुमार सिंह शिक्षक पवित्र दुबे ए आर पी संजीव बाबू,एवं मोहम्मद जावेद , विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# चौपाल लगाकर लोगों को बताईं सरकारी योजनाएं

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेंसौल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उसका लाभ देने के लिए पात्र ग्रामीणों से आवेदन भरवाकर कागजी कार्रवाई पूरी की और स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

सोमवार को ग्राम पंचायत भैंसौल के पंचायत भवन में प्रशासन गांव की ओर के तहत ग्राम चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी सलीम खां ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की सरकार के निर्देशानुसार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में छूटे गांव क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों का आवेदन भरकर रजिस्ट्रेशन होने के साथ ही उसका लाभ भी दिलाया जाना है पात्रता श्रेणी में आने वाले हर ग्रामीण को योजना का लाभ मिले यही सरकार का उद्देश्य है इसलिए सभी पात्र अपने आवेदन भरकर उन्हे दे दें ताकि उन्हें जल्द ही इसका लाभ मिल सके। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, सामूहिक विवाह योजना, वृद्धों के लिए निःशुल्क इलाज और राशन कार्ड आदि की जानकारी दी साथ ही खाते में समय पर पेंशन आने के लिए विधवा, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों को जल्द के.वाई.सी. करवाने की जानकारी दी। चौपाल में आवास के लिए गांव के रामवतार, संदीप कुमार, विवेक कुमार, अमर सिंह आदि पात्रों ने अपनी कागजी कार्रवाई पूरी की।

● आवास, राशनकार्ड, पेंशन की कागजी कार्रवाई की पूरी


चौपाल में जानकारी देते ग्राम पंचायत अधिकारी सलीम खां। अमृत विचार

## युवक ने शराब के नशे में युवती को पीटा

**अजीतमल, औरैया।** एक युवती ने गांव के युवक पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत राऊपुर निवासिनी हेमलता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरे गांव के ही छोटू पुत्र कल्याण सिंह किसी बात को लेकर आए और गाली गलौज करने लगे जब मैंने गाली देने से मना किया तो मारपीट करनी शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


टीबी मरीजों को पोषण किट बांटते डॉ. कप्तान सिंह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी।

### 50 टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण किट

**औरैया।** जिला क्षय रोग अस्पताल में मंगलवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए 50 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरण की गई। टीबी मरीजों की विशेष देखभाल के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत, मंगलवार को जिला क्षय रोग अस्पताल में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 50 मरीजों को डॉ. कप्तान सिंह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद औरैया द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। उन्होंने बताया कि सभी रोगियों को सरकारी अस्पतालों में जांच व दवाएं पूरी तरह नि:शुल्क दी जा रही हैं। उपचार के दौरान मरीजों को डीबीटी के माध्यम से 500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि भी दी जा रही है। इस कार्यक्रम में डॉ. सन्त कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी औरैया एवं रेडक्रास सोसायटी के बाइस चैयरमेन डॉ. सर्वेश आर्य, राज्य प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि रविभान सिंह, संदीप श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।


छात्रा को पुरस्कार देते प्रधानाचार्य अशोक चतुर्वेदी।

### सुलेख प्रतियोगिता में शिखा, मुस्कान व संगीता ने मारी बाजी

**औरैया।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत अंतिम दिन जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार ने इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में जूनियर वर्ग में एक सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम शिखा शर्मा, द्वितीय मुस्कान तृतीय संगीता राजपूत व सांत्वना पुरस्कार देवासी कुमारी और अभी शर्मा को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को पेंसिल, बॉक्स, पेंसिल शार्पनर और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ और चिप्स इत्यादि वितरित किया गया। सफल आयोजन पर ग्रुप के अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य अशोक चतुर्वेदी को सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका में ग्रुप संस्थापक रितु चंदेरिया रहीं। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष अजय गुप्ता लकी,उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, डायरेक्टर श्याम वर्मा, रामू तिवारी इत्यादि मौजूद रहे।

### योगा सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका अरुणा शर्मा

**अजीतमल,औरैया।** विकासखण्ड -अजीतमल के संकुल चिटकापुर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर की प्रधानाध्यापक अरुणा शर्मा ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र. लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता-2023-24 में प्रतिभाग किया था। विकासखण्ड-अजीतमल में खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र अजीतमल में एससीईआरटी द्वारा प्राप्त प्रमाणपत्र अरुणा शर्मा को प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और हमें तनाव, चिंता और डिप्रेशन से मुक्ति दिलाता है। योग आत्म-जागरूकता और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देता है और हमें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस अवसर पर एआरपी-प्रशान्त शुक्ला, एआरपी. अमर सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।


अरूणा शर्मा को प्रमाण पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार।


विजेताओं को प्रमाणपत्र और शील्ड देते प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत। अमृत विचार

### कला, क्राफ्ट व पेपेट्री के महत्व के बारे में बताया

**अजीतमल,औरैया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल औरैया के सभागार में पंचम जनपद स्तरीय कला, क्राफ्ट तथा पेपेट्री के माध्यम से शिक्षण संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉयट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने के बाद की गई। जनपद स्तरीय कला क्राफ्ट तथा पेपेट्री प्रतियोगिता के अवसर पर डॉयट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत ने बताया की प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षण में कला, क्राफ्ट एवं पेपेट्री के महत्व एवं उपयोगिता से जागरूक होना है। वहीं कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. निधि अवस्थी ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से शिक्षकों में सृजनात्मक क्षमताओं में विकास होगा जो की बच्चों के लिए बहुत लाभकारी होता है। प्रतियोगिता के उपरांत परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर गणित के प्रथम स्थान शैलजा वर्मा, भाषा में दीप्ति कुशवाहा एवं जूनियर स्तर पर गणित में प्रथम स्थान प्रीती त्रिपाठी, भाषा में ज्योति कुशवाहा एवं सामाजिक विषय में हरीबाबू ने प्राप्त किया। वहीं 2022 एवं 2023 में आयोजित आईसीटी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम गुलाबपुर की शिक्षिका रश्मि को प्राप्त हुआ। इन सभी को डायट प्राचार्य द्वारा प्रमाणपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### महिला ने दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के चपटा निवासिनी शकुन्तला देवी पत्नी राम कैलाश ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 21 सितंबर को मेरे गांव के ही अभिषेक पुत्र मुन्ना व उसकी पत्नी अर्चना एक राय होकर आए और किसी पुरानी बात को लेकर मेरे पुत्र लल्लू के साथ गाली गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी, जब मैंने अपने पुत्र को बचाने का प्रयास किया तो मेरे साथ भी मारपीट की । कोतवाली पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर उक्त लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### ह्रदय गति रुकने से अधिवक्ता का हुआ निधन

**अजीतमल, औरैया।** तहसील अजीतमल के अधिवक्ता अनूप पालीवाल का ह्रदयघात के चलते निधन हो गया । उनके निधन की खबर पर तहसील अजीतमल के समस्त अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया और अपने कार्य से विरक्त रहे। अधिवक्ताओं ने जहां आज कोई कार्य नहीं किया तो वही स्टाम्प वेंडर एवं पेटी दुकानदारों ने भी शोक सभा में शामिल होकर अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। वहीं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक लिखित प्रार्थना पत्र एसडीएम अमित कुमार तिवारी को सौंपते हुए कार्य से विरत रहने की जानकारी दी।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज जिले में रहेंगे

**औरैया।** भारत सरकार के पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल बुधवार को जिले में 25 सितंबर को कानपुर से आकर विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने बताया की बुधवार को भारत सरकार के पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल कानपुर से औरैया आयेंगे और भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में 3 बजे प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। इसके बाद पार्टी के विभिन्न कार्यकम में भाग लेंगे।

### पैमाइश कराने गए युवक को महिला ने पीटा

**ककोर,औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक को महिला व उसके पुत्र के पीटने का मामला सामने आया है, जिसमें आज नारायण दत्त अपने खेतों की पैमाइश कराने के लिए लेखपाल के साथ गए थे। जहां सौरभ पाल, सचिन पाल और उनकी मां ने नारायण दत्त को पीटने के बाद गाली गलौज कर दी । पीड़ित ने दिबियापुर थाने जाकर अपना प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं लेखपाल चित्रेश ने भी इस मारपीट और सरकारी काम में दखल देने के कारण सौरभ सचिन तथा उनकी माता के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। थाना अध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान ने बताया शिकायत मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जागरूकता | स्वच्छता सेवा सप्ताह के तहत किया गया आयोजन, मौके पर मौजूद लोगों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

# छात्राओं ने महामाई मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान


झाड़ू लगाती छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत दिबियापुर क्षेत्र के गहेसर ने स्थित महामाई मंदिर में मंगलवार को स्व. शिव बालक राम स्वर्णकार स्मृति शिक्षा प्रसार संस्थान, प्रधानमंत्री कौशल विकास ट्रेनिंग पार्टनर के तत्वावधान में सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल योजना का प्रशिक्षण ले चुके छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी को संस्था की ओर से स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। प्रबंधक ने बताया कि स्वच्छता सेवा सप्ताह के तहत संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान नीतू यादव, दीपक शर्मा, अभिषेक सोनी, अनुराग दीक्षित, रविकांत वर्मा, आकांक्षा तिवारी, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मी के न आने से गांव में फैली गंदगी

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कई गांवों में साफ सफाई न होने से कूड़े का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीण इलाकों में गंदगी से लोग परेशान हैं। ग्राम पंचायत सिम्हारा में भी सड़क पर पानी और गंदगी भरी होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधान ने गांव की सफाई करा कर ग्रामीणों को शांत कराया।

ब्लाक भाग्यनगर की अधिकतर ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का बहुत ही बुरा हाल है। गांव सिम्हारा में लाल सहाय स्कूल को जाने वाली सड़क पर पानी और गंदगी जमा होने से स्कूल जाने वाले बच्चों और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे ग्रामीण में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सोमवार को इसकी शिकायत ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह से की और उन्हें मौके पर ले जाकर जल जमाव और गंदगी दिखाई ग्रामीण गुरु वचन सिंह, राजू, राजा बेटी, योगेश कुमार, रामचंद्र, राम मूर्ति, शिव कुमार, बांके बिहारी ने बताया की गांव में तैनात सफाई कर्मी पूरे महीने में दस दिन आता है और बाहर बाहर सफाई करके चला जाता है, ब्लाक के अधिकारियों और ग्राम प्रधान से भी शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सफाई कर्मी से पूछा जाता है तो वो बताता है की ब्लाक से लगने वाले रोस्टर में बने रहने से गांव में नहीं आ पाता है। ग्रामीणों ने गांव के सफाई कर्मी को नियमित करने की मांग ब्लाक अधिकारियों से की है।


स्कूल जाने वाली सड़क पर भरा पानी और गंदगी। अमृत विचार

ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह ने बताया की सफाई कर्मियों की टीम बुलाकर गांव की सफाई करा दी गई है। गांव में तैनात सफाई कर्मी नियमित आएं इसके लिए रोस्टर से उसे हटवाने के लिए एडीओ पंचायत को पत्र लिखा गया है।

## ककराही गांव के संपर्क मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर से सटी ग्राम पंचायत ककराही को जाने वाली सड़क की हालत बहुत ही खराब और जर्जर है, जहां पूरी सड़क टूटी हुई है तथा सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं। उस पर वाहन निकलना तो बड़ी बात पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। इसी सड़क से होकर जमुही गांव के लिए लोग आते जाते हैं उनको भी तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं लोगों का कहना है कि कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोक निर्माण विभाग से जानकारी करने पर ग्रामीणों को पता चला है कि उनकी सड़क का टेंडर हो गया है, लेकिन ठेकेदार ने 3 महीने बीतने के बाद भी अभी तक उस सड़क पर कोई काम नहीं किया है। वहीं मोहल्ले वाले भी सड़क से निकलने वाले कीचड़ से परेशान हो गए हैं। पूरा रास्ता बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ग्राम प्रधान ककराही ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया । कई बार ग्राम प्रधान रंजना दोहरे से गड्ढों को भरवाने के लिए कहा तो ग्राम प्रधान ने पीडब्ल्यूडी से शिकायत करने की खुद ही सलाह दे दी। इस सड़क पर रोजाना सैकड़ो की तादाद में वाहन निकलते रहते हैं। इसी सड़क से होकर पचा पुरवा, तिवारी पुरवा, राजरानी महाविद्यालय में आवागमन होता है। वहीं लोगों का कहना है कि यदि गड्ढे ही भर दिए जाएं लोगों को कुछ राहत मिल सकेगी।

# परिषदीय स्कूलों की व्यवस्था से जुड़ेंगे अभिभावक

## स्कूलों में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी कराने की तैयारी, शिक्षण कार्य समेत कई बिंदुओं पर होगी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग की व्यवस्था में अभिभावकों को सक्रिय भागीदार बनाया जाएगा। उनकी राय भी ली जाएगी और उन्हें बैठकों में भी शामिल किया जाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा इसके साथ ही अभिभावकों को इस बात के लिए भी प्रेरित किया जाएगा कि वह अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें इससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और बच्चे ज्ञानार्जन कर सकेंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिले में सीडीओ के निर्देश पर 26, 27 एवं 30 सितंबर को यह बैठक विभिन्न विद्यालयों में होंगी। इसमें



● बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने को किया जाएगा प्रेरित

अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा। इस बैठक में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन पर चर्चा होने के साथ ही ज्यादातर गैर हाजिर रहने वाले बच्चों तथा ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या को कम करने के लिए अभिभावकों के साथ चर्चा की जाएगी और अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इस संबंध में यह निर्देश भी

> सीडीओ के निर्देश पर शिक्षक अभिभावक मीटिंग के लिए 26,27 एवं 30 सितम्बर की तारीख तय की गई है। मीटिंग में सम्पन्न हुई सत्र परीक्षा का परिणाम भी अभिभावकों के समक्ष रखा जाएगा। मीटिंग की मानीटिरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारी भी लगाए गए हैं।
> –अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

दिए गए हैं कि विद्यालय में कम आने वाले तथा ड्राप आउट बच्चों के अभिभावकों को इस पीटीएम में जरूर आमंत्रित किया जाए और उनके साथ चर्चा की जाए। बैठक में चर्चा के दौरान अभिभावकों की बात को भी सुना जाएगा और उसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। अभिभावकों से कहा जाएगा कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें जिससे उनके बच्चे अच्छी शिक्षा ले सकें उनकी यदि कोई समस्याएं होंगी तो उन समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा।

### ऑपरेशन कायाकल्प पर होगा विचार

- बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के लिए ऑपरेशन कायाकल्प चलाया जा रहा है। इसके लिए विद्यालयों में शौचालय के साथ बिजली की और फर्नीचर की व्यवस्था भी की गई है। इस बैठक में कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए और कराए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा होगी और इस बारे में अभिभावकों की सलाह ली जाएगी।

### डीबीटी की दी जाएगी जानकारी

- अभिभावकों के साथ होने वाली इस बैठक में अभिभावकों को डीबीटी के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। जिसका पैसा भेजा जाता है। इसमें दो यूनिफार्म के लिए 600 रुपए, स्वेटर के लिए 200 रुपए, जूता मोजा के लिए 125 रुपए की रकम निर्धारित है। इसके साथ ही स्कूल बैग के लिए 175 रुपए तथा स्टेशनरी के लिए 100 रुपए सहित कुल 1200 रुपये दिए जाते हैं।

### नोडल अधिकारी भी बनाए गए

- विद्यालयों में इन बैठकों के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी के रूप सम्बंधित बीडीओ को जिम्मेदारी दी गई है। जो अलग-अलग विद्यालयों में बैठक के दौरान मौजूद रहेंगे और बैठक पर नजर रखेंगे। जिले भर में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में इस पीटीएम का आयोजन किया जाएगा।

# ओमघाट पर चला सफाई अभियान

**विश्व नदी दिवस...**

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विश्व नदी दिवस को गंगा समग्र ने पूरे सप्ताह भर नदी संरक्षण को लेकर जागरुकता फैला रहा है। मंगलवार को ओम घाट में स्वच्छता की अलख जगाई गई। सुबह से ही घाट में गंगा समग्र के कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट और स्वच्छताग्रही झाड़ू लेकर पहुंचे। घाट का कोना कोना व पूरा परिसर चकाचक किया। किसी के हाथ में फावड़ा, तो किसी के हाथ में टोकरी थी। किसी ने पत्ते बिने, तो किसी ने कूड़ा उठाया, तो कोई झाड़ू लिए धरती मैया का आंचल साफ करने में जुटा रहा।

गंगा समग्र के विभाग संयोजक कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि विश्व नदी दिवस मनाने का उद्देश्य सभी नदियों के महत्व को



ओमघाट में सफाई करते लोग। अमृत विचार

● गंगा समग्र संगठन के आयोजन में शामिल हुए एनसीसी कैडेट

समझना और इन महत्त्वपूर्ण जल स्रोतों के अद्भुत प्राकृतिक संसाधन के लिए सतत प्रबधंन और संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना है। इसे पहली बार 2005 में मनाया गया था। नदियों के संरक्षण के विचार को जन-जन तक पहुंचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं जिला संयोजक धीरज राठौर ने सभी को नदी स्वच्छता और नदी संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एएस इण्टर कॉलेज के एनसीसी कैडेट, भिटौरा ब्लाक के स्वच्छताग्रही, गंगा समग्र के जिला सहसंयोजक देवनारायण मिश्रा, प्रशांत सिंह गौतम, आलोक कुमार सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, कविता रस्तोगी, कल्पना सिंह, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# टेक्नीशियन समेत 28 लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने को लेकर लेनदेन के आरोप में लैब टेक्नीशियन और एक पक्ष के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला, लूट, धमकी, गालीगलौज का मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पक्षों से लैब टेक्नीशियन समेत 28 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र की रानी कालोनी निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ झल्ली सिंह जिला अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट हैं। उनका पुत्र अभय सिंह जिला अस्पताल में संविदा पर लैब टेक्नीशियन के पद में कार्यरत है। अभय ने एफआईआर में बताया कि ड्यूटी के दौरान नौ सितंबर की शाम वह लघुशंका के लिए गेट की ओर जा रहा था। उसी समय अस्पताल में घात लगाए

● विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने को लेकर लेनदेन का आरोप

बैठे मलवां थाने के मायारामखेड़ा निवासी जय सिंह चौहान ने अपने भाई अजय सिंह चौहान व चार अन्य साथियों के साथ उस पर डंडे व लात-घूंसे से हमला कर दिया। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उसके गले से जय सिंह चौहान ने चेन और 17 सौ रुपये छीन लिए। उसके पिता ने जय सिंह से विरोध किया तो पिता से भी गालीगलौज की। फोन पर भी गाली गलौज कर घर में घुसकर गोली मारने की धमकी दी। उधर, एसपी से शिकायत में जय सिंह चौहान ने बताया कि फूफा मलखान सिंह की पुत्री पूर्ति सिंह का विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने जिला अस्पताल गया था। विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए फार्मासिस्ट झल्ली सिंह उर्फ योगेंद्र प्रताप सिंह ने 50 हजार रुपये उसके फौजी भाई राहुल सिंह से मांगे। इसे लेकर झल्ली सिंह से कहासुनी हुई थी। झल्ली सिंह के संविदा कर्मी पुत्र अभय सिंह ने भी विवाद किया। वह नौ सितंबर की रात करीब नौ बजे एआरटीओ कार्यालय के सामने खाना लेने होटल पहुंचा। उसी समय अभय सिंह अपने मामा रितेंद्र सिंह, राजवर्धन, स्वामी व 15 अन्य लोगों ने लोहे की राड, लाठी-डंडे लेकर रेस्टोरेंट पहुंचा। गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर लोहे की रॉड से हमला किया। गले से सोने की चेन व पर्स लूट लिया। कपड़े उतारकर उसकी बिना कपड़ों का वीडियो मोबाइल में बनाकर ले गए। जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट व लूटपाट का मुकदमा दर्ज किया है।

# ठगी में निलंबित अधिकारी समेत तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** करीब दो साल पहले रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के तीन युवकों से 14 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने लोकभवन के निलंबित अनुभाग अधिकारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनका पश्चिम बंगाल रेलवे में तैनात चौथा साथी फरार है।

गाजीपुर थाने के सामियाना गांव के विनोद कुमार व गंभरी गांव के मनोज, रामचंद्र को 2022 में गंभरी गांव के रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त देवीदीन कुशवाहा ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। इनकी मुलाकात लोक भवन 15 अनुभाग अधिकारी रामराज से कराई थी। वह मूल

● नौकरी का झांसा देकर की थी लाखों की ठगी
● गाजीपुर थाना क्षेत्र के सामियाना गांव का मामला

रूप से खागा कोतवाली के कुंभीपुर निवासी है। वह लखनऊ के पारा थाने के गायत्री नगर निवासी है। अनुभाग अधिकारी ने अपने साथी विमल कुमार निवासी रजनियापुर थाना जहानाबाद, देवीदीन और आजमगढ़ जिले दुर्वासा कोथवा निवासी विनय कुमार गिरी के सहयोग से तीनों से 14 लाख की ठगी की थी। विनय गिरी पश्चिम बंगाल में रेलवे कर्मी है। विवेचक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि निलंबित अनुभाग अधिकारी रामराज, देवीदीन व विमल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# सिपाही के थप्पड़ से गिरकर युवक का सिर फटा

**किशनपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के लोहंगापुर मजरे जहांगीर नगर गहुरा गांव निवासी नीरज श्रीवास्तव और विकास प्रजापति के बीच वाद विवाद हो रहा था। उसी दौरान नीरज श्रीवास्तव ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने वाद विवाद कर रहे दूसरे पक्ष के विकास प्रजापति को थप्पड़ मार दिया, जिससे नशे की हालत में विकास प्रजापति इंटरलॉकिंग पर गिर गया और उसका सिर फट गया। युवक के सिर से खून की धार निकलने लगी। यह देख आनन फानन पुलिसकर्मी उसे गाड़ी में बैठाकर सीएचसी खखरेरु लेकर गये जहां उसका इलाज कराया गया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सार-संक्षेप



शिविर में राहत सामग्री वितरित करते लोग। अमृत विचार

### राहत शिविर लगाकर वितरित की सामग्री

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को शिविर लगा कर राहत सामग्री का वितरण किया गया। औंग के पास बिंदकी फार्म जाड़े का पुरवा, बेनीखेड़ा, सदनहा, मल्हुखेड़ा, बेरीनारी, बड़ाखेड़ा गांव के लोग जो बाढ़ के पानी के कारण राहत शिविर में जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसे लोगों को राहत सामग्री 77 तिरपाल, 21 टीशर्ट, 10 बाल्टी, 25 साड़ी, 30 चादर, खाद्य सामग्री, साबुन आदि अचलेश सिंह तहसीलदार व अरविंद कुमार नायब तहसीलदार की उपस्थिति में प्रदान कर अल्प सहायता की गई। इस मौके पर संग्रह अमीन सूरज प्रसाद मिश्रा, लेखपाल शुभम सिंह, अनूप अवस्थी, रामबाबू, राम सिंह सहित प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, हिमांशु श्रीवास्तव आजीवन सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी मौजूद रहे।

### भाई की डांट से नाराज युवती ने दी जान

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा गांव में 18 वर्षीय पूनम ने भाई की फटकार से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मंगलवार सुबह अपने घर पर काम करते समय किसी से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान उसका छोटा भाई गोविंद वहां आ गया और उसे फोन पर बात करने के लिए फटकार लगा दी। पूनम के माता-पिता का 15 साल पहले देहांत हो चुका था, तब से वह और उसका भाई अपनी नानी रानी देवी के साथ रह रहे थे। नानी रानी देवी ने बताया कि जब पूनम काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आई, तो भाई गोविंद ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया।



पूनम।

### भाजपा नेता के बेटे को छोड़ने के लिए मांगे डेढ़ लाख

**फतेहपुर।** बीजेपी नेता को सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्शनगर निवासी राजेश सिंह बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष हैं। उनका बेटा अभिनव लखनऊ में पढ़ाई करता है। उन्होंने बताया कि एक सितंबर को उनके पास अलग-अलग नंबर से फोन आया। फोन करने वाला बोला कि वह सब इंस्पेक्टर विजय कुमार लखनऊ से बोल रहा है। कहा कि उनका पुत्र अभिनव सिंह एक मामले को लेकर कब्जे में है। उसे धमकी देकर लड़के को छुड़वाने के लिए फिरौती के रूप में डेढ़ लाख रुपये मांगे। रुपये फोन पे या गूगल पे पर मांगे। वह बोला कि रुपये मिलने के बाद पुत्र को छोड़ देगें। उसके भेजे दो मोबाइल नंबर पर दोस्तों से पांच-पांच हजार रुपये दो बार में भेजा। करीब एक घंटा बीतने पर पुत्र लखनऊ में अपने घर पहुंच गया। आरोप लगाया कि राजनैतिक रंजिश के चलते साजिश की जा रही है। कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना साइबर अपराधियों ने की है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में किया लाठी डंडे से हमला

**फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र के खुरमाबाद गांव में नवरात्र में मां दुर्गा पंडाल सजाने के लिए गांव के कुछ अनुसूचित जाति के लड़के बांस काटकर ले जा रहा थे। उनसे गांव के अभिनव सिंह ने साथियों संग पुरानी रंजिश में गाली गलौज की। गांव से अमित मौके पर पहुंचा। उसने बीच बचाव किया। अमित ने बताया कि कुछ देर बाद अनुभव अपने पिता जय हिंद, राजवीर, विकास, भानू व चार पांच अन्य लोगों के साथ लाठी डंडे लेकर गांव आए। अचानक उस पर हमला किया।

# दो घरों से लाखों की नकदी समेत जेवरात हुए चोरी

संवाददाता जाफरगंज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिजौली ग्राम पंचायत के मजरे धीरपुर गांव में सोमवार रात चोरो ने घर के पीछे से दीवार काट कर घर में घुस गए। दोनों घरों से एक लाख नकदी सहित जेवरात चोरी कर भागने में कामयाब रहे। पीड़ित की सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। फॉरेन्सिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

सोमवार की रात गांव के सूबेदार उर्फ़ वीरेंद्र सिंह के घर में पीछे वाले कमरे में प्रवेश कर गए। कमरे में प्रवेश करने के बाद अंदर से दरवाजे में कुण्डी लगा ली और कमरे में रखी अलमारी व बक्से के ताले तोड़ कर सारा सामान निकाल कर बाहर बिखेर दिया। अलमारी का लॉकर तोड़ कर 75 हजार रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। जबकि दूसरी तरफ



कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

के कमरे में पुत्र अमरजीत सिंह सोया हुआ था घर के बाकी सदस्य बाहरी कमरों में सोए हुए थे लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। भुक्तभोगी की पत्नी ममता व बहू सहित भतीजी वैष्णवी के जेवरात एक हार, तीन चैन, पांच अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी बाला, मंगलसूत्र, पायल, हाफ पेटी समेत अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। ग्रहस्वामी ने करीब आठ लाख रुपये का सामान चोरी होने की बात कही है।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर।** बांदा जनपद के थाना चरखा गांव हौदहा में लकड़ी कटान करने वाले 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सिरसी भलेवां निवासी सत्य प्रकाश का पुत्र अनिल लकड़ी कटाई का कार्य करता था। कंधई गांव निवासी ठेकेदार लवकुश अपने साथ बांदा जनपद के हौदहा गांव लकड़ी कटान के लिए ले गया था। युवक की रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ठेकेदार शव को देर रात परिजनों को सौंपकर चला गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में युवक के ससुर बिहारी लाल ने बताया कि उसका दामाद ठेकेदार के साथ लकड़ी कटान के लिए गया था। ठेकेदार का कहना है कि वह बाइक से घर आ रहा था, तभी पेड़ से टकराकर उसकी मौत हुई है। घर वालों ने इस पर संदेह जताया है।

# अधिवक्ताओं ने एडीएम का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक पीड़ित परिवार के साथ मारपीट के मामले में पुलिस के कार्रवाई न करने पर अधिवक्ताओं ने अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया। इस दौरान एसडीएम ने अधिवक्ता उपेंद्र यादव के साथ अभद्रता कर दी, जिससे अधिवक्ताओं ने एडीएम का घेराव कर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कलेक्ट्रेट परिसर में बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री मणि प्रकाश दुबे ने बताया कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खुरमाबाद गांव में बच्चों के विवाद के चलते दबंगों ने एक अनुसूचित जाति के परिवार के तीन सदस्यों पर लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से हमला किया था। जब कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित परिवार को लेकर वे अधिकारी के पास पहुंचे। कहा कि जब वह अधिकारियों से नयाय की

● अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर की कार्रवाई की मांग

● कार्रवाई के आश्वासन पर अधिवक्ता हुए शांत



अधिवक्ताओं से वार्ता करते एडीएम। अमृत विचार

गुहार लगाने पहुंचे तो एसडीएम ने उनके साथ अभद्रता की। एसडीएम ने पुलिस को बुलाकर उन्हें बाहर करने की धमकी भी दी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए एडीएम अवनीश त्रिपाठी ने खेद प्रकट करते हुए ऐसी घटनाओं को दोबारा न होने देने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने इस पर संतोष जताते हुए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी उन्हें सौपा। इस मौके पर पुष्पेंद्र सिंह, अश्वनी कुमार, सतीश शर्मा, ब्रजेश कुमार, अंशु प्रताप सिंह, शोएब खान, अजित पटेल, राज पटेल, विवेक दुबे सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**क्रिकेट** | सबसे सीनियर खिलाड़ी को मिलेगा अवसर

# अंतर्राष्ट्रीय मैच का घंटा बजाकर होगा आगाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहली बार घंटा बजाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आगाज किया जाएगा। भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में यह प्रथा चालू होगी और सबसे सीनियर खिलाड़ी को यह अवसर मिलेगा।

यूपीसीए के कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि अधिकतर स्टेडियम में घंटा बजाने की प्रथा को चालू किया जा रहा है। यहां भी यह प्रथा चालू की जा रही है। घंटा न्यू प्लेयर्स पवेलियन के बाहर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि घंटा से मैच की शुरुआत के पीछे का कारण पूर्व व सीनियर खिलाड़ियों को सम्मान देना है। सीनियर खिलाड़ी ही घंटा बजाकर मैच का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि जो घंटा लगाया जाएगा, उसका वजन करीब 11 किलो का होगा। घंटे के लिए एक स्टैंड भी बनाया जाएगा। आगे मैच में भी उसका इस्तेमाल होगा। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मो. फहीम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घंटा बजाकर मैच की शुरूआत पहली बार 2007 में इंग्लैंड के लाड्र्स स्टेडियम में हुई थी।



होटल पहुंचे बांग्लादेश के खिलाड़ी।

**ऑफलाइन टिकट काउंटर से बिक्री चालू : कानपुर।** भारत-बंगलादेश टेस्ट मैच के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री पहले से जारी है। मंगलवार को यूपीसीए ने एक ऑफलाइन काउंटर भी स्टेडियम में बना दिया है।

● लैंडमार्क में दोनों टीमों का हुआ जोरदार स्वागत, टीम इंडिया को रुद्राक्ष की माला पहनाई

● चकेरी एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच खिलाड़ी पहुंचाए गए होटल

### भारत-बांग्लादेश की टीमें आईं, भव्य स्वागत

- **कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को भारत-बांग्लादेश की टीमें शहर पहुंचीं। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ी होटल लैंडमार्क पहुंचे, जहां खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। टीम इंडिया के खिलाड़ियों का स्वागत रुद्राक्ष की माला व पटका पहनाकर हुआ। ग्रीनपार्क में दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक होना है। मंगलवार शाम करीब चार बजे होटल लैंडमार्क में विराट कोहली, गौतम गंभीर व ऋषभ पंत एक साथ पहुंचे। कुछ देर बाद ही रोहित शर्मा और शुभमन गिल का होटल पहुंचने पर स्वागत किया गया। इसके बाद केएल राहुल भी पहुंचे। होटल में खिलाड़ियों का रुद्राक्ष की माला, पटका, टीका और बुके से स्वागत किया गया। शुभमन गिल, अभिषेक नायर के बाद टीम के अन्य खिलाड़ी और बांग्लादेश टीम एक साथ पहुंची। खिलाड़ियों के पहुंचते ही कनपुरियों में जोश और उत्साह है।

### दोपहर 1.30 से टीम इंडिया करेगी अभ्यास

**कानपुर।** ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें 25 व 26 सितंबर को अभ्यास करेंगी। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने बताया कि जारी शेड्यूल के अनुसार 25 को सुबह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक बांग्लादेश की टीम अभ्यास करेगी। टीम इंडिया दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक अभ्यास कर पसीना बहाएगी। दूसरे 26 सितंबर को सुबह 9.30 से 12.30 बजे टीम इंडिया और दोपहर 1.30 से 4.30 तक बांग्लादेश की टीम अभ्यास करेगी। दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज में चेन्नई में खेले गए पहले मैच में भारत ने 280 रनों से बांग्लादेश को हराकर 1-0 से बढ़त बना ली है।

# विंग कमांडर के पिता ने ट्रेन से कटकर दी जान

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में एयरफोर्स विंग कमांडर के पेंट कारोबारी पिता ने ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली। जेब में मिली पर्ची के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों का कहना था कि सब कुछ ठीक चल रहा था, ऐसा क्यों किया, पता नहीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

3 एल एमआईजी रतनलाल नगर निवासी 80 वर्षीय अशोक कुमार नरुला की रतनलाल नगर में पेंट की शॉप है। परिजनों ने बताया कि परिवार में बड़ा बेटा अजय नरुला एयरफोर्स में विंग कमांडर के पद पर मुंबई में तैनात है। वहीं छोटे बेटे अरविंद का बरेली में कंट्रक्शन का काम है। पत्नी शीला और शादीशुदा बेटी अंजू गृहणी हैं। परिजनों ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार सुबह सात बजे के आसपास टहलने के लिए निकल गए थे। जब आठ बजे तक वह नहीं लौटे तो पत्नी ने अन्य परिजनों को बताया। जिस पर वह लोग उन्हें ढूंढने के लिए निकले। परिजनों ने बताया कि वह लोग अभी उनकी आसपास के पार्क में तलाश कर ही रहे थे, कि पुलिस का फोन आया जिसमें दबौली में झांसी रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति के जान देने की जानकारी दी। जिस पर वह लोग मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। गोविंद नगर पुलिस ने बताया कि उनकी जेब से एक पर्ची बरामद हुई है, जिसमें घर का पता और एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। प्रथम दृष्टया जांच में यही पता चला है कि उन्होंने आत्महत्या की है। परिजनों का कहना था कि वह लोग खुद नहीं समझ पा रहे हैं, कि आखिर ये हुआ क्या है। उन्हें हल्की सी भूलने की परेशानी थी, इसलिए वह अपनी जेब में हमेशा पता व मोबाइल नंबर लिखकर रखते थे।

# फतेहपुर के छोटे स्टेशनों पर संदिग्धों की तलाश

**कानपुर।** सरसौल के प्रेमपुर स्टेशन की लूपलाइन पर एलपीजी का छोटा सिलेंडर रखने के मामले में आरपीएफ और जीआरपी ने मंगलवार को संदिग्धों की तलाश में फतेहपुर के छोटे स्टेशनों पर भी अभियान चलाया। टीम ने स्टेशनों के आसपास दुकानों, आवासों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। दुकानदारों और रेलवे स्टाफ से पूछताछ कर जानकारी ली। सेंट्रल से प्रेमपुर स्टेशन के बीच पड़ने वाले स्टेशनों का भी जायजा लिया गया। इस मामले में आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। लूपलाइन पर रखे सिलेंडर को सबसे पहले मालगाड़ी के लोको पायलट ने देखा था। रेलवे के मजदूरों और आसपास कई दुकानदारों से पूछताछ की गई है। प्रेमपुर स्टेशन के पीछे पंजाब नेशनल बैंक, दुकानों और घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को जांच टीम ने फतेहपुर के कई छोटे स्टेशनों पर जाकर जांच की।

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–22/मु0अभि0/2024–25**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या–19 दिनांक–01.10.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम कानपुर**

Ro no. 102

दिनांक: 24.09.2024

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपत्तियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरूप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए, सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक है। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा, पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके, क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी, लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता, परिश्रम, जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है, जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का



शिक्षा मुख्यत: जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे, जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं, जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए, धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से, परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत: सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय: हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे, जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे, जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया, तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए, क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे, तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था, जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था, परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था, क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है, लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर, दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की, जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

# किस्म-किस्म की रस्सियां



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए, जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी, लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी, लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा, लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है, जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर, गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।

फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू, अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है, जबकि सेब, अमरूद, लीची, अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं, जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं, परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

# 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शासन ने शिक्षकों के वेतन वृद्धि को रोकने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि को रोकने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होकर गए 27,000 शिक्षकों की वेतन वृद्धि संबंधित मामले लंबित हैं। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदेश जारी कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से अद्यतन जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग ने जब संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ की तो ज्यादातर ने वेतन वृद्धि संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने का मुख्य कारण रिकॉर्ड मिलान न हो पाना बताया। शासन ने उनके तर्क से असहमति जताते हुए कहा था कि सभी की सेवा पुस्तक ऑनलाइन हैं। इस जवाब को कतई संतोषजनक नहीं माना जा सकता। ऐसे में शासन ने नई नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर संबंधित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगने के निर्देश दिए हैं।

विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ऑनलाइन है, सभी के रिकॉर्ड का मिलान कुछ मिनट में किया जा सकता है। ऐसे में रिकॉर्ड मिलान के नाम पर पत्रावलियों को लटकाए रखना उचित नहीं है।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों की पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महिला आयोग निभाएं प्रभावी भूमिका

▸▸ राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक कहा- सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## एक नजर

### सीमावर्ती गांवों में लंपी से बचाव को टीकाकरण तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने सीमावर्ती गांवों में चेन बनाकर टीकाकरण तेज कर दिया है। पहले से टीकाकरण होने से गोवंश आसपास जिलों से फैलने वाले संक्रमण की चपेट में नहीं आएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 15 सितंबर से लंबी स्किन डिजीज विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। 31 अक्टूबर तक गोशाला व पशुपालकों के 1,71,500 गोवंशों को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए 18 टीमें क्षेत्रों में सक्रिय हैं। 60 हजार से अधिक गोवंशों का टीकाकरण हो चुका है। यह वायरस गोवंशों में एक से दूसरे जिले में फैलकर बढ़ता है। इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमा में 10 किमी तक के गांव में चोरोंतरफ से चेन बनाकर गोवंशों का विशेष टीकाकरण करा रहे हैं। बाहर गोवंशों के सुरक्षित होने से संक्रमण नहीं फैलेगा।

### पान-मसाला का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, कुलपति डॉ. जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# 15 दिन में सड़कों को बनाएं ऐसा कि चलने पर हो सुखद अनुभूति

## मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की विभागीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, नई बनने वाली हर सड़क की 5 वर्ष की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण

▸▸ एनएचएआई से बोले योगी अधूरे हाइवे पर न हो टोल वसूली



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत व ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जाएं।

विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन व पाइप लाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### एमपी-एमएलए निधि से बनीं सड़कों की कार्य योजना बने

योगी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे की मरम्मत का कार्य भी आगे बढ़ाया जाए। एमपी तथा एमएलए निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा गन्ना समिति तथा विद्यालयों के भवनों की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का अपग्रेडेशन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### गड़बड़ी पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हर हाल में आवास देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे। इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा। यदि रजिस्टर में नाम नहीं या अपात्र आदि की शिकायत मिली तो सर्वेयर को उसके आधार कार्ड से ट्रेस करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रक्रिया में संबंधित कर्मचारियों की पहचान मुश्किल से होती।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 27 लाख से अधिक लोगों ने किया था आवेदन

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना में 27 लाख से अधिक लोगों के आवेदन के दूसरे चरण में सत्यापन में कौशांबी आगे है। तीन चरणों में सत्यापन पूरा होने के बाद चयनित लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी आवेदनकर्ताओं के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत अब तक 17,32,536 आवेदन का प्रथम स्तर पर, 2,09,172 आवेदन का द्वितीय स्तर और 80,844 आवेदन का तृतीय स्तर पर सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। कौशांबी 80 प्रतिशत से अधिक सत्यापन के साथ शीर्ष पर है। गाजियाबाद दूसरे, बलरामपुर तीसरे, फिरोजाबाद चौथे व फतेहपुर 5वें स्थान पर है।

सभी का नामांकन पूरा होने के बाद प्रशिक्षण व ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट व आईडी कार्ड के साथ स्किल अपग्रेडेशन, टूलकिट इंसेंटिव, क्रेडिट सपोर्ट समेत डिजिटल ट्रांजेक्शन पर इंसेंटिव व मार्केटिंग सपोर्ट जैसे लाभ मिलेंगे। साथ ही एक लाख और दो लाख लोन की सुविधा दी जाएगी।

अधिकरियों ने बताया कि 7,606 आवेदन को बैंक को भेजा गया है। इनमें से अब तक 2,457 आवेदन को स्वीकृत कर दिया गया है जबकि 1,326 लोगों को ऋण वितरित किया जा चुका है।

# आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र

▸▸ शोध, नवाचार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय

▸▸ रुहेलखण्ड विवि बरेली पूर्वांचल विवि जौनपुर, लखनऊ विवि, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर समेत अन्य विश्वविद्यालय शामिल

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 3 करोड़ 88 लाख 77 हजार 800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें।

दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

### ये विश्वविद्यालय शामिल

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।



### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | ■ | 3 घा |
| ज़ा | ■ | ■ | था | ■ | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | ■ |
| या | ■ | ■ | पा | ■ | 5 नं |
| ■ | ■ | 6 ए | त | का | द |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | रा |
| ■ | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष** – आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** – आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क** – आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह** – आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या** – आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला** – आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक** – आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन** – आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
16 दिसंबर – सुबह : 09.41
छतरीवाली – रात : 07.56

&pictures
बोल राधा बोल – सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन – रात : 08.00

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन – सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 – रात : 09.00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान – सुबह : 11.45
भीमा – रात : 08.00

ZEE ACTION
वज्रकाया – सुबह : 10.50
गद्दार – रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## एक नजर

### पिता को खाना देने गए बच्चे को सांप ने डसा, मौत

राठ (हमीरपुर)। जलालपुर थाने के देवखुरी गांव में अपने पिता को खेत में खाना देने के लिए गए 10 वर्षीय बालक को जहरीली सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे झाड़ फूंक कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। देवखुरी गांव निवासी विपिन (10) पुत्र बलवीर खेतों में काम कर रहे अपने पिता बलवीर को घर से खाना देने के लिए गया हुआ था। तभी खेत में पहुंचते ही विपिन को किसी जहरीले सांप ने डस लिया। जिसके बाद विपिन की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने उसका गांव में ही उसका विभिन्न तरीकों से इलाज कराया, लेकिन विपिन की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले जाने लगे। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में विपिन की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि विपिन गांव के विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र था। उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव में संदिग्ध अवस्था में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कुम्हरिया गांव निवासी धर्मेंद्र मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे खेत में खड़ी धान की फसल की सिंचाई के लिए ट्यूबवैल को चालू करने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन और ग्रामीण तत्काल इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धर्मेंद्र के परिजनों ने बताया कि वह खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था।

### पालिका कर्मियों ने निकाली पॉलिथीन की अर्थी

मौदहा (हमीरपुर)। पॉलीथिन मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका कर्मचारियों ने पॉलिथीन की अर्थी निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया। कस्बे में नगर पालिका कर्मचारियों ने पॉलिथीन के प्रयोग से लोगों को होने वाले नुकसान से बचाने के उद्देश्य से अनोखी पहल करते हुए अनोखा जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत नगरपालिका कर्मचारियों ने पॉलिथीन की अर्थी निकाल कर कस्बे में घुमाने के साथ ही श्मशान घाट में अर्थी जलाई। नगर पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद, अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर, सभासद शिव कुमार सोनी, इस्लाम उद्दीन, समीर वसी अहमद, रमजानी, राजेन्द्र, जबीर चौधरी, कामता राव, पंकज सिंह, विजय कुमार शहीद, मो. फ़जील, महेश सैनी व तमाम लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने विद्युत शिविर में कर्मियों को पीटा

## शिविर में मौजूद जूनियर इंजीनियर ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

संवाददाता, मुस्करा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के गहरौली गांव में लगाए गए विद्युत शिविर में अवर अभियंता और उनकी टीम को दबंगों ने जमकर मारापीटा। अवर अभियंता ने मामले की तहरीर थाने में दी है।

कस्बे के विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता चंद्रप्रकाश ने थाने में दी तहरीर में बताया कि ग्राम गहरौली के डढा मोहल्ले में शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान गांव के ही कुछ अराजक लोग इकट्ठे हो गए और अभद्रता करने लगे। इसी दौरान गांव निवासी संतोष राजपूत, कीरत राजपूत, मधु राजपूत ने गाली गलौज करने लगे। टीम के विरोध करने पर विभाग के टीजी संदीप राजपूत, संविदा कर्मी महेश कुमार, हरिश्चंद्र, रोहित यादव, विद्युत विभाग रीडर संदीप, सुनील एवं धर्मेंद्र के साथ भी मारपीट करने लगे। साथ ही पूरी टीम को खदेड़ दिया। किसी तरह सभी कर्मी टीम वहां से जान बचाकर भागे। थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।


थाने में शिकायत देने जाते विद्युत कर्मी। अमृत विचार


बिजली को लेकर पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# लाइनमैन की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, किया प्रदर्शन

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

- सोमवार को सुबह से रात 12 बजे तक ठप रही आपूर्ति
- जेई ने कहा, लाइनमैन पर लगाए गए आरोप निराधार

**अमृत विचार।** लाइनमैन की मनमानी से परेशान विदोखर के ग्रामीणों ने सोमवार की रात पावर हाउस पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए मनमानी ढंग से कटौती करने का आरोप लगाया।

मौजूदा समय में विदोखर पावर सब स्टेशन से जुड़े विदोखर पुरई में पुराने तारों को उतारकर केबिल डाली जा रही है। ताकि विद्युत चोरी में अंकुश लगाया जा सके। गांव के निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य सुनील सितारे आदि का आरोप है कि केबिल डालने के नाम पर पावर हाउस के लाइनमैन पथिक के इशारे पर मनमानी ढंग से कटौती करके उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। इसी से क्षुब्ध होकर सोमवार की रात पावर हाउस में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की थी। पूर्व बीडीसी ने बताया कि सोमवार को सुबह केबिल डालने के नाम पर 10:00 बजे आपूर्ति ठप कर दी गई और रात में करीब 12:00 बजे बहाल की गई। इस अघोषित कटौती से बच्चे बूढ़े महिलाएं आदि परेशान रहे। गांव के ग्राम पंचायत सदस्य संदीप यादव का आरोप है कि लाइनमैन गांव का होने के नाते मनमानी पर उतारू रहता है।

पावर हाउस के अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात लाइन बनाने का कार्य कराया जा रहा था। इस वजह से आपूर्ति बंद थी। लाइनमैन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# पत्नी से झगड़े के बाद पति ने जहर खाकर दे दी जान

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- मृतक के भाई ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** पत्नी से विवाद होने पर पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया।


फरीद।

कोतवाली के उमन्निया गांव निवासी फरीद (40) अपनी पत्नी सोनिया के साथ दिल्ली में रहकर ड्राइवर का काम करता था। उसकी पत्नी सोनिया अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपने मायके राठ के फरसौलियाना मोहल्ला में गई थी। फरीद पत्नी को वापस ले जाने के लिए अपनी ससुराल आया हुआ था। बताया जाता है कि जहां पर पत्नी सोनिया से लेकर हुए विवाद के चलते उसने जहर खा लिया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने फरीद मोहम्मद का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उरई मेडिकल कॉलेज से भी उसे बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

जहां से झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही फरीद मोहम्मद की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के भाई शमीम फौजी ने षड्यंत्र के तहत सोनिया व उसके पिता हलीम खान सहित अन्य सभी ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। शमीम ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा मौत कैसे हुई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिजनों ने कहा बारिश से फसल नष्ट होने पर आहत होकर लगाई फांसी
- प्रशासन ने प्रारम्भिक जांच में पाया घरेलू विवाद होने के चलते की आत्महत्या

**अमृत विचार।** जरिया थाने के पहरा गांव में एक किसान का गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में आंवला के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर फांसी पर लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार पहरा गांव निवासी हरीसिंह (48) पुत्र खेमचंद का शव संदिग्ध अवस्था में गांव के बाहर एक आंवले के पेड़ पर शव लटका मिला। मृतक के परिजनों ने बताया कि हरीसिंह के पास लगभग दो बीघा जमीन थी। इसके अलावा वह गांव में 10 बीघा जमीन बलकट पर लेकर खेती करता था। इस साल किसान ने खेतों में उर्द, मूंग और तिल की फसल बोई थी। परिजनों का कहना था कि अत्यधिक बरसात की वजह से उसकी फसलें नष्ट हो गई। जिससे वह परेशान रहने लगा था। बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी संतोष व मां बेनीबाई के अलावा तीन पुत्रों रवि, लोकेश और आरेंश सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है। मामले में एसडीएम सरीला ने बताया कि मौके पर नायब तहसीलदार प्रमोहन सिंह को जांच के लिए भेजा गया है। जिसमें प्रथम दृष्टया यह निकलकर सामने आया है कि मृतक का हरीसिंह शराब पीने का लती था। घरेलू झगड़े की वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उसने खेत में मूंगफली की फसल बोई थी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- समारोह में 11 कार्यक्रम अधिकारी व 22 स्वयंसेवक हुए सम्मानित

**अमृत विचार।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर नोडल केंद्र राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 11 कार्यक्रम अधिकारियों और 22 स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.वंदना, प्राचार्य राजकुमार, डॉ.शालिनी, लवकुश कुमार ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विभिन्न महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने गणेश वंदना, शिव तांडव तथा राधा कृष्ण के गाने पर नृत्य प्रस्तुत करके रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में लवकुश कुमार, डॉ.शिल्पी राय, संजय कुमार, शैलेंद्र सिंह, राघवेंद्र, रक्षादीन कर्णधार, संदीप राजपूत, शुभम दक्ष को राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी डॉ.शालिनी अधिकारी, प्राचार्य राजकुमार तथा तथा मुख्य अतिथि डॉ.वंदना ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तथा उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी कार्यक्रम अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी लवकुश कुमार तथा समापन राष्ट्रीय सेवा योजना की नोडल अधिकारी डॉ.शालिनी ने किया।

### स्वयंसेवकों ने मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

राठ (हमीरपुर) कस्बे के ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एनके सिंह ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित जानकारी दी। डॉ.दशरथ सिंह, डॉ.सरजू नारायण, डॉ.उमाकांत सिंह, डा.आरबी शर्मा, डॉ.साधना कुमारी आदि ने भी छात्र छात्राओं को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दुर्गेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को अनुशासन में रहते हुए सामाजिक सेवा में तत्पर रहने पर बल दिया। गोष्ठी के बाद महाविद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन।

### नाना साहब पेशवा की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

सुमेरपुर (हमीरपुर)। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत 1857 समर के शिल्पकार नाना साहब पेशवा की पुण्यतिथि 24 सितंबर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि नाना साहब वास्तव में मां भारती की मुक्ति के लिए संकल्पित थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जन्म बिठूर में 19 मई 1824 को नारायण भट्ट और गंगा बाई के घर हुआ था। उनका बचपन बिठूर में बीता। बिठूर में नाना साहब ने घुड़सवारी और अस्त्रों और शस्त्रों का संचालन सीखा। इनका वास्तविक नाम गोविंद घोडूपंत था। गोरों और मराठों के तीसरे युद्ध में मराठों की हार हुई थी। नाना साहब बाजीराव पेशवा के दत्तक पुत्र थे। अंग्रेजों का बिठूर में कब्जे के बाद गोरों ने नाना साहब को कुछ सुविधाएं दी थी। गोरों ने न तो नाना साहब को दत्तक पुत्र माना और न पेशवा की बहाली रखी। नाना अजीमुल्ला खान के माध्यम से ब्रिटेन तक पहल की। किन्तु कोई नतीजा नहीं निकला। नाना शांत नहीं बैठे और रानी लक्ष्मीबाई, नाना, तात्या टोपे और बिहार कुंवर सिंह ने गोरों का जमकर मुकाबला किया। नाना का कानपुर में अधिकार भी हो गया। आगे चलकर देशी रियासतों के राजाओं की उदासीनता व उनका गोरों का समर्थन घातक सिद्ध हुआ। नाना की हार हुई और गोरे अपनी चाल पर सफल हो गए। कालांतर में नाना साहब नेपाल चले गए। नाना का 24 सितंबर 1859 को काठमांडू में निधन हो गया। दिलीप अवस्थी, बाबू लाल, सिद्धा, संतोष, प्रेम प्रजापति, भोलू सिंह, रिचा, सोनी, अजय और दस्सी आदि रहे।

### जबलपुर से लाई गई दुर्गा प्रतिमा, नवरात्र में होगी स्थापित

सुमेरपुर(हमीरपुर)। शारदीय नवरात्र शुरू होने में अभी 8 दिन हैं लेकिन देवी भक्त अभी से तैयारी में जुटे हैं। कस्बे के रामलीला मैदान में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा को मंगलवार को चित्रकूट एक्सप्रेस से जबलपुर से लाया गया। स्टेशन पर प्रतिमा को उतारते ही देवी भक्तों ने जय माता दी के नारे लगाकर माहौल को देवी मय बना दिया। देवी प्रतिमा रेलवे स्टेशन से रामलीला मैदान तक रंग, अबीर, गुलाल उड़ाते हुए गाजे बाजे के साथ लाई गई। पुष्पराज सोनी, पीयूष गुप्ता, जय किशन गुप्ता, वीरेंद्र शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, राजेश गुप्ता, राहुल पालीवाल, डॉ. शिवम गुप्ता, विजय चौरसिया, विपिन तिवारी, अमन कसौधन, राधे शुक्ला, राम जी मिश्रा, ब्रजेश ओमर आदि रहे।


जुलूस आयोजकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कुंवर बादशाह सिंह।

### जुलूस आयोजकों को किया गया सम्मानित

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मुस्लिम पीस एवं वेलफेयर एसोसिएशन ने मसीह मार्केट में आयोजित एक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षा, अमन, भाईचारे और इत्तेहाद को बढ़ावा देने वाले व समाज के लिए सभी समुदायों को साथ लेकर उनमें शिक्षा की अलख जगाने तथा सामंजस्य स्थापित करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह व आयोजक डॉ.इमाद द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जनपद का नाम रोशन करने वाले प्रथम राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक अकबर अली को सम्मानित किया। मिलाद-उन-नबी पर निकाले गए जुलूस में सहभागिता बनाए रखने पर फिरोज पठान, आसिफ कुरैशी, अतौर्रहमान पेश इमाम, इद्दु पहलवान, सलीम खान, मकसूद लाला मास्टर मौदहा, वली अहमद साबरी हमीरपुर, कैलाश सोनी व हाफिज सैफुल्लाह पेश इमाम सुमेरपुर, तनवीर उर्फ राजू तथा पलरा, नदेहरा मुंडेरा, पत्योरा, इंगोहटा सुमेरपुर, चंदपुरवा के जुलूस आयोजक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौदहा के जुलूस को जिले में सर्वश्रेष्ठ शील्ड देकर प्रथम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि को शिव पार्वती प्रतिमा स्मृति चिन्ह रूप में डा.इमाद की बेटी इकरा ने दिया। संचालन कैलाश सोनी व हाफिज अताउर्रहमान ने किया।

# मनकी खुर्द का ग्राम सचिवालय सौर ऊर्जा से हो गया जगमग

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनकी खुर्द के ग्राम सचिवालय में पहला सोलर पैनल सौर ऊर्जा लगाया गया। जिससे मिनी सचिवालय में पंचायत कर्मियों के कार्य करने में सुविधा होगी।

ग्राम पंचायत मनकी खुर्द के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र अनुरागी ने बताया कि पंचायत भवन में प्रकाश व्यवस्था नहीं थी। इसके चलते पंचायत कर्मी काम करने से कतराते थे। कहा बिजली कनेक्शन के लिए विगत दो वर्षों से कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। लंबी जद्दोजहद के बाद अवर अभियंता ने कनेक्शन देने के डेढ़ लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर जमा करने के लिए ग्राम पंचायत को थमाया था। कहा यह ग्राम पंचायत आबादी के कारण बजट के अभाव के चलते 1 किलो वाट का सौर ऊर्जा सोलर पैनल लगाने की ठानी। जो पंचायत भवन में चालू हो चुका है। ग्राम पंचायत सचिव जमाल अहमद ने बताया कि सोलर पैनल 1 किलोवाट की लागत करीब पचास हजार रुपये आई है। जिसमें कंप्यूटर, शौचालय की लाइट, पंखा आदि उपकरण चल सकेंगे। खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने बताया कि विकासखंड स्तर पर यह पहली ग्राम पंचायत है जिसमें सोलर पैनल सौर ऊर्जा लगाया गया है। जिसमें कम खर्चे से काम चलेगा। क्षेत्र के जिस ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय में विद्युत व्यवस्था नहीं है। वह भी सौर ऊर्जा ग्राम प्रधान व सचिव ग्राम पंचायत की धनराशि से लगवा सकते हैं।



मनकी खुर्द का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार

# शिकायत पर हटाया गया रास्ते का अतिक्रमण

**मौदहा (हमीरपुर)।** रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर मंगलवार को गांव पहुंचे नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ रास्ते की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवा दिया। जिससे ग्रामीणों को राहत मिली।

विकासखंड के ग्राम पंचायत छानी गऊघाट में सड़क निर्माण एवं अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। जिस पर मंगलवार को नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे और रास्ते की पैमाइश करवाते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत की थी। मंगलवार को राजस्व टीम के साथ रास्ते में अवैध कब्जे को ढहा दिया गया।

# भूसे में सल्फास की गोलियां मिलाने वालों पर हो कार्यवाही

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गौशाला के गोदाम में भरे भूसा में सल्फास की गोली मिलाने के मामले में पंचायती राज उप्र प्रधान संगठन से जुड़े प्रधानों में आक्रोश है। मंगलवार को संगठन के सदस्यों ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि सल्फास की गोलियां भूसा में डाल कर साजिश के तहत गायों के मारने, प्रधान को फंसाने का कुचक्र रचा गया। ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष ने पुरानी रंजिश में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पंचायती राज उत्तर प्रदेश प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सविता देवी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि सुमेरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत नदेहरा के गौ आश्रय स्थल में बीते सोमवार को हमीरपुर के विवेक नगर निवासी मुकेश सिंह और गांव निवासी पवन सिंह ने साजिश के तहत प्रधान उदयभान यादव को बदनाम करने के उद्देश्य से संरक्षित गायों के लिए रखे भूसा में सल्फास की गोलियां मिला दीं। प्रधान की तहरीर पर दोनों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण के तहत ललपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जबकि आरोपी मुकेश सिंह ने प्रधान के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है। गौशाला में सल्फास की खाली डिब्बियां बरामद होने पर पशुधन प्रसार अधिकारी ने भूसे के सैंपल जांच को भेजे हैं। ज्ञापन देने वालों में सुंदर लाल प्रजापति, जयकरन सिंह, जीवन, रामपाल, जय नारायण, राम खिलावन सहित सुमेरपुर ब्लाक के समस्त ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**ध्यान रखें** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पुरुष व महिला जिला अस्पताल में मरीजों से बातचीत कर लिया उनका फीडबैक, दिए कई निर्देश

# मरीज व तीमारदारों से डॉक्टर व स्टाफ शालीनता से पेश आएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रातः 9:30 बजे जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा मरीजों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े इसके लिए रोस्टर से सभी की ड्यूटी लगाएं। साथ ही डॉक्टर व स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करने को कहा।


भर्ती वार्ड में मरीजों से बात करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, ब्लड बैंक, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी, नेत्र ओपीडी, ईएनटी ओपीडी, पैथोलॉजी, इंजेक्शन कक्ष, बेबी वार्ड, एनआरसी, डायलिसिस कक्ष, एक्सरे व अल्ट्रासाउंड कक्ष, दंतरोग, ओपीडी, एसएनसीयू वार्ड अंतः रोगी वार्ड में ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षों, वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों का हालचाल जाना। विभिन्न सुविधाओं डॉक्टरों के समय से देखने, इलाज, दवाएं, जांच करने, अस्पताल में दिए जा रहे नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता का फीडबैक लिया। ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्स से पूछताछ कर कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। इसके लिए रोस्टर से सभी की ड्यूटी लगाई जाए। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था और बेहतर करें। परिसर में पानी नहीं फैलाना चाहिए। डस्टबिन में भरे कचरे की भी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों में टूटे-फूटे दरवाजे दुरुस्त कराने व अस्पताल के विभिन्न स्थलों का अच्छे ढंग से मेंटेनेंस कराने के निर्देश दिए। ब्लड बैंक के निरीक्षण में कहाकि विभिन्न ग्रुप के ब्लड की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कर जरूरतमंदों को समय से ब्लड उपलब्ध कराया जाए।

बुजुर्गों व मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों की सुविधाओं के लिए अक्टूबर से नेत्र जांच कैंप लगाए जाएं। अस्पताल के आईसीयू वार्ड को शीघ्र चालू किया जाए। बंद पड़ी लिफ्ट को दुरुस्त कर उसे संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीज को दिए जा रहे बेसिक ट्रीटमेंट की गाइड लाइन बनाकर उसके अनुसार कार्य किया जाए। कहा आउटसोर्सिंग कर्मियों की उपस्थिति को और व्यवस्थित करें। एनआरसी, पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर ट्रीटमेंट किया जाए। कहा रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही की जाए। महिला चिकित्सालय में दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता देखी। निर्देश दिए कि बाहर की दवा न लिखी जाएं। इस दौरान सीएमओ डॉ गीतम सिंह, सीएमएस पुरुष व महिला व अन्य डॉक्टर्स, स्टाफ एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1182 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 12/09/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुदेश कुमार तिवारी पुत्र बालमुकुन्द तिवारी | श्री लक्ष्मी पुत्र हीरालाल | पठानपुरा–1 | 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें

## राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगलवार को निरीक्षण भवन में मंडलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में राज्यमंत्री ने छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन, सामूहिक विवाह आदि की समीक्षा की। निर्देश दिए कि जगह-जगह ब्लाक स्तरीय शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ दें। इनमें जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए। लाभार्थियों को समय से पेंशन दी जाए। ज्यादा से ज्यादा फोकस विधवा व वृद्धावस्था पेंशन पर करें। जिस लाभार्थी का केवाईसी नहीं हुआ है कराएं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने मंत्री को बताया कि इसके लिए पोस्ट ऑफिस में खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी हमीरपुर राम शंकर पटेल, बांदा अभिषेक अवस्थी, एक्सईएन सिडको राजेश चौधरी आदि अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



डाक बंगले में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड। अमृत विचार

### आवासीय विद्यालयों की ली जानकारी

मंत्री ने मंडल में चल रहे आवासीय विद्यालयों के बारे में पूछा। कार्यदायी संस्था सिडको द्वारा निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि के बारे में जानकारी ली। निर्देशित किया कि काम शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए।

### अपराधियों का एनकाउंटर होना तय है : संजीव गोंड

पत्रकारों से बातचीत में राज्यमंत्री ने कहा कि अपराधी अगर है तो निश्चित रूप से उसका एनकाउंटर होना तय है। आतंकी अलग विषय है। जो छोटे मोटे अपराध करते हैं, चोरी, छिनैती, हत्या, बलात्कार हुआ, इस तरह के अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। जो इस तरह के काम करेगा, सजा भुगतेगा।

# सरकारी जमीन से तुरंत हटवाए जाएं कब्जे

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने तहसील कार्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा। उन्होंने सरकारी जमीन, तालाबों व नजूल की जमीन से अवैध कब्जे तुरंत हटाने के निर्देश जारी दिए।

एसडीएम ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांवों के राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि सरकारी भूमि, बंजर जमीन या तालाबों पर कब्जा करने वालों को चिह्नित कर नोटिस तामील कराई जाए। इसके बाद एक हफ्ते के अंदर बुलडोजर से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की जाए। बैठक में एसडीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा। निर्देश दिए कि तहसील अंतर्गत विद्युत व बैंक के बकायेदारों से वसूली की जाए। वसूली बिना किसी भेदभाव के की जाए। आगाह किया कि राजस्व वसूली में कोताही बरतने वाले अमीनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऋणदाताओं से अपील की कि वे समय से अमीनो के माध्यम से बैंक में ऋण जमा करा दें जिससे कठोर कार्रवाई का सामना न करना पड़े। बैठक में प्रदीप तिवारी, कपिलमुनि पांडेय, सत्यप्रकाश पांडेय, शशांक द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश, आमीन मोहम्मद रयूफ, कमलेश कुमार, गुलाब, देवी प्रसाद, राजेश, चंद्रेश, मान सिंह, चंद्रिका पांडेय, लेखपाल व संग्रह अमीन आदि मौजूद रहे।



बैठक में राजस्वकर्मियों को निर्देश देते उप जिलाधिकारी प्रमोद झा। अमृत विचार

● एसडीएम प्रमोद झा ने बैठक में दिए निर्देश

## सार-संक्षेप

### देवर पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत कछारपुरवा मजरा कोलगदहिया निवासी संगीता देवी ने अपने देवर पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि कई बार उसने उसे और उसके बच्चों को पीटने की कोशिश की। संगीता देवी ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। उसने बताया कि देवर उसके घर के बगल में ही रहता है। यह आयेदिन उसे और उसके बच्चों को गालियां देता है और लाठी लेकर मारने को दौड़ता है। ये घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं।

### विधिक साक्षरता शिविर लगा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज में मंगलवार को जिला जज के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल के निर्देशन में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इसमें पैरालीगल वालंटियर ममता वर्मा ने बाल रक्षा, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, एससी एसटी एक्ट, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य आदि के संबंध में बताया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को शिक्षा की आवश्यकता समझाई।

### कल होगा साक्षात्कार

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला टूल किट्स वितरण योजना के तहत आवेदन करने वालों का साक्षात्कार 26 सितंबर को प्रातः 10 बजे से होगा। इसकी अध्यक्षता सीडीओ अमृतपाल कौर करेंगी। साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रपत्रों को लाना आवश्यक है।



पंजीकरण शिविर में पहुंचे दुकानदार। अमृत विचार

### शिविर का आयोजन, पंजीकरण किए गए

**मऊ (चित्रकूट)।** तहसील सभागार में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चित्रकूट ने शिविर का आयोजन किया। बताया गया कि इसमें खाद्य कारोबारियों के 26 पंजीकरण हुए। एक खाद्य लाइसेंस जारी किया गया। पंजीकरण व लाइसेंस के आनलाइन आवेदन कराने के साथ-साथ मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया। इनको पंजीकरण और लाइसेंस की अनिवार्यता बताई गई। खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरूक भी किया गया। इसका आयोजन सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियंका सिंह ने किया था। शिविर में पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार व प्रमोद कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।

### एसपी से लगाई रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने कुछ लोगों पर उसके साथ अभद्रता करने और पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके बेटे को 20 सितंबर को मारापीटा। उसके साथ भी अभद्रता और मारपीट की। जब उसने इसकी शिकायत की तो रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। इसके बाद आरोपियों ने 23 सितंबर को फिर से घर में धावा बोला और मारपीट कर तीन हजार रुपये लूट लिए। उसने एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है।

### एएसपी ने ली परेड की सलामी

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एएसपी ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल देखी। पुलिस लाइन का भ्रमण कर मैस, बैरिक, सीपीसी कैंटीन आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को निर्देश दिए। बाद में विवेचकों के कामों की समीक्षा की गई।

### आरोपी गिरफ्तार, शराब बरामद

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थाने के एसआई सनी चतुर्वेदी ने रज्जाक अली पुत्र चुन्नू खां निवासी बारामाफी को 34 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## एक नजर

### प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**चित्रकूट।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मानिकपुर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि राजकीय संस्थानों में चतुर्थ चरण के प्रवेश के लिए सीटों का आवंटन किया जा चुका है। परिणाम किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सूचना पट पर देखा जा सकता है। चयनित अभ्यर्थी 25 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं।

### राज्य निधि प्रस्ताव के लिए आवेदन करें दिव्यांग

**चित्रकूट।** ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि जिला स्तर पर राज्य निधि मद का प्रस्ताव निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को भेजा जाना है। इसके लिए आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। सभी संस्थाओं, व्यक्तियों से अपील की कि वे जल्द से जल्द प्रस्ताव उपलब्ध कराएं।

### कवि सम्मेलन में शिरकत करेंगे 2 शिक्षक

**चित्रकूट।** केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली के तत्वाधान में होने वाले हिंदी पखवाड़े- शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के दो शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है। राजकुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार व साकेत बिहारी शुक्ला सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैयाखादर इसमें प्रतिभाग करेंगे।

### 27 को होगी संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा

**चित्रकूट।** श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत कालेज में 27 सितंबर को संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन होगा। प्राचार्य डा. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि इसमें मंडल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। बुंदेलखंड के जिलों के लगभग 50 छात्रों को चयनित कर राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ से नामित मंडल संयोजक डा. विजय कुमार पयासी की देखरेख में परीक्षा होगी।

### दो पक्षों में मारपीट

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थानांतर्गत ग्राम पंचायत बरिया में दिन मंगलवार को देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। मिली जानकारी के अनुसार करही ग्राम पंचायत निवासी एक युवक का बरिया तालाब में पट्टा है जहां वह जा रहा था कि बीच रास्ते में कुछ युवकों से किसी बात को लेकर उसकी बहस हो गई जो मारपीट तक पहुंच गई। देर रात दोनो पक्ष मऊ थाने में तहरीर दे कर विधिक कार्रवाई की मांग की है। मऊ एसएचओ विनोद कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

### लगाया मारपीट का आरोप

**जालौन।** ससुराल गए युवक ने शराब के नशे में पत्नी व साले के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की जानकारी डायल 112 पर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी प्रीति ने पुलिस को बताया कि वह अपने मायके में थी। सोमवार की रात उनके पति विजय कुमार निवासी मोहल्ला खंडेराव उसके घर शराब के नशे में आए। घर पर आकर वह अभद्रता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। जब भाई नितेश ने रोकने की कोशिश की तो वह उनके साथ भी गाली, गलौज करने लगे।



गोवंश को जेसीबी से लादकर वाहन में डालते कर्मचारी। अमृत विचार




सोनेपुर रोड पासी तिराहे के पास सड़क पर विचरण करते मवेशी। अमृत विचार

# अनदेखी और लापरवाही से फिर एक गोवंश की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● गोवंशों के रखरखाव को लेकर निर्देश-आदेश हवाहवाई

**अमृत विचार।** गोवंशों के रखरखाव को लेकर शासन के निर्देश, प्रशासन के आदेश हवाहवाई हैं। आयेदिन इस बात की तस्दीक होती है। सोमवार देर रात मुख्यालय में हाईवे पर पीएनबी के पुराने भवन के पास किसी वाहन ने एक गोवंश को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

यह गोवंश अच्छी नस्ल का लग रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नगर पालिका कर्मचारियों ने जेसीबी से उठाकर वाहन में डाला। यहीं पर लगभग डेढ़ साल पहले पवन नामक युवक की गोवंश की टक्कर से मौत हो गई थी। तब काफी बवाल मचा था और पालिका के दर्जनों कर्मचारी मुख्यालय भर में गोवंशों को पकड़ने और गौशालाओं में संरक्षित करने के लिए लगा दिए गए थे। कुछ दिन तक तो सब ठीक रहा पर बाद में फिर वही हालात हो गए। गांव-मजरों में कौन कहे, मुख्यालय में विभिन्न जगहों पर गोवंश विचरण करते नजर आ जाते हैं।

## मरम्मत के चार माह बाद टपकने लगी छत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय उन्नाय बन्ना संकुल गौहानीकला की छत टपकने से बच्चों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि 14वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायत ने विद्यालय की छत मरम्मत व क्षेत्र पंचायत से टाइल्स के काम के साथ दो कक्षों की छत मरम्मत कराई गई थी। ग्रामीण बताते हैं कि यह काम अप्रैल-मई में कराया गया था। निर्माण इतना घटिया था कि चार माह बाद ही छत टपकने लगी। जब बारिश होती है तो कक्षा में बैठे बच्चे और शिक्षक परेशान होते हैं। ग्रामीण यह भी बताते हैं कि मरम्मत के पहले छत टपकती नहीं थी। उन्नाय बन्ना प्रधान माधव तिवारी ने बताया कि जो काम उनके कार्यकाल में हुआ है, उसे वह जल्द दुरुस्त कराएंगे।



व्यापारियों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

# नकदी लेकर जाते समय सतर्कता बरतें

चित्रकूट कार्यालय

● पुलिस अधीक्षक ने की व्यापारियों के साथ बैठक

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को राघव प्रेक्षागार में व्यापारियों के साथ बैठक की। एसपी ने व्यापारियों से कहा कि वे जेवर और नगदी लेकर आतेजाते समय सतर्कता बरतें।

एसपी ने कहा कि इस दौरान यथासंभव चार पहिया वाहन का प्रयोग करें। बाइक पर नकदी व जेवर लेकर अकेले सफर न करें। दुकानों में व दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, दुकानों के बाहर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराएं।

एसपी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं व निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, नंद किशोर, शानू गुप्ता राष्ट्रीय महामंत्री व्यापार संघ, विनोद केशरवानी प्रदेश मंत्री, राहुल गुप्ता, बृजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बुद्ध की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा की जिला इकाई ने मंगलवार को प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर अराजक तत्वों द्वारा गौतम बुद्ध की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की शिकायत की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि रैपुरा थानांतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिहा कलां में नत्थू प्रसाद कुशवाहा के घर के सामने तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति लगी थी। इसे 19 सितंबर को कुछ अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही नत्थू प्रसाद को भी जमकर पीटा। उसके 15 सौ रुपये भी छीन लिए। ज्ञापन में आरोपियों के नाम भी बताए गए हैं और इन पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में अध्यक्ष ज्ञानचंद्र बौद्ध, भइयालाल, कुलदीप, मोहित भाई पटेल, गया प्रसाद बौद्ध, कृष्णा पटेल, आनंद, धर्मेंद्र कुमार भास्कर, प्रकाश वर्मा, सीएल भारती, दिनेश कुमार सनेही आदि के हस्ताक्षर हैं।

# रोपवे के लिए वन विभाग की जमीन का सर्वे कराएं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन विकास संबंधी कामों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम पंकज वर्मा को रोपवे के लिए वन विभाग की जमीन का सर्वे कराने के निर्देश दिए, जिससे दूसरी जगह विभाग को भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान उप निदेशक/ प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने वाल्मीकि आश्रम में पर्यटन विकास के अंतर्गत प्रथम फेज में किए गए काम बताए। जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के सामने के पौधे दूसरे स्थान पर लगाए जाएं। यहां पेंटिंग कराई जाए। लाइटिंग का काम पूरा कराया जाए। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि असावर माता मंदिर की सीढ़ियों का बचा काम फेज टू में लेकर कराएं। डीएम ने सफाई, मुख्य गेट के पास जो स्लोप पर स्टेप बनाने, शौचालय, यूरिनल प्रकाश व्यवस्था को भी फेज टू में लेने के निर्देश दिए। बाद में डीएम ने पर्यटन सुविधा केंद्र व सांस्कृतिक भवन निर्माण को भी देखा और कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों निश्चित समय सीमा में काम करने के निर्देश दिए।



लालापुर में विकास कार्यों का मुआयना करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

# युवक और अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** जिले में दो अलग-अलग स्थान पर दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में छूट गई है। गृह स्वामी की मौत से मृतक के घर में रोना पीटना मचा हुआ है परिजनों के सामने अब छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है।

थाना महोबकंठ के ग्राम चौका निवासी बृज किशोर कुशवाहा 33 ने खेत में जाकर आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मृतक की परिजनों को दी परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के घर में रोना पीटना मचा हुआ है।

दूसरी घटना थाना महोबकंठ के ग्राम कुआं खेला की है। कुआं खेला निवासी ओमप्रकाश 55 ने घर पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है, उधर इस घटना से घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

### बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत 3 घायल

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के नगला झावर गांव निवासी शिवम पाल पुत्र महेंद्र सिंह मंगलवार को किसी काम से बाइक से तिर्वा गया था। वापस घर जाते समय कस्बा के तिर्वा रोड पर स्टेट पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, वहीं छिबरामऊ नगर के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी आशिक पुत्र नसरुद्दीन मां नसरीन के साथ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी मौसी के घर जा रहा था। तभी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से शिवम एवं नसरीन को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है।

## दहेज उत्पीड़न में पति के साथ सास-ससुर को सजा

**चित्रकूट।** दहेज उत्पीड़न के मामले में मृतका के दोषी पति के साथ सास-ससुर को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

बगरेही निवासी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कर्वी कोतवाली में सात जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी संध्या को ससुरालीजनों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित किया और हत्या कर पंखे से लटका दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। पति अरुण कुमार, ससुर रामप्रकाश पांडेय व सास अनूपा देवी निवासी ब्यूर को 3-3 वर्ष कारावास व 8-8 हजार का अर्थदंड लगाया।

किया जागरूक | भारतीय संस्कृति की प्रकृति दोहन की रही, शोषण की नहीं : अभय

# पेड़-पौधों, नदियों को संरक्षित करने की जरूरत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार से भूजल प्रबंधन एवं विकास विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति दोहन की रही है न कि शोषण की।

अभय महाजन ने कहा कि अत्यधिक लाभ और स्वार्थसिद्धि के लिए लोग प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर विराम लगना चाहिए। नाना जी प्रकृति संरक्षण, ग्रामीण विकास एवम भूजल के हिमायती थे। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने भी प्रकृति के तत्वों का महत्व बताया। पेड़-पौधों, नदियों, झरनों आदि को संरक्षित करने की आवश्यकता बताई। जल संचय के लिए बुंदेलखंड के जखनी गांव में किए गए प्रयासों का जिक्र किया। बताया कि चित्रकूट प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि केंद्रीय भूमि जल बोर्ड भोपाल ने विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. शशिकांत त्रिपाठी ने आगंतुकों की जानकारी दी। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डा. एके विश्वाल ने भूमि जल बोर्ड के कार्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिक डा. कमलेश ओझा, डा. सौम्या चौधरी, प्रो. आईपी त्रिपाठी, डा. रवि चौरे आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### कोरोना काल का किया जिक्र

कुलपति ने कोरोना काल के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुई घटनाओं को बताते हुए चिंता जताई कि जीने के लिए हमें ऑक्सीजन बाजार से खरीदना पड़ी है। अब हमें प्रकृति के संसाधनों के संरक्षण के लिए अपने अतीत से सीख लेनी होगी।

# सिकुड़ रहे खेल मैदान, कैसे निखरें प्रतिभाएं

## मैदानों में खड़ी हो गईं इमारतें, खुल गए कार्यालय और बन गए पार्क

कार्यालय संवाददाता, महोबा


शिवतांडव खेल मैदान जो अब पार्क बन गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अधिकारियों की अनदेखी के चलते धीरे-धीरे खेल मैदान सिकुड़ते जा रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को खेल मैदान मयस्सर नहीं हो पा रहे हैं। इससे युवा पीढ़ी खेल के प्रति उत्साहित होने के बाद भी मैदान न मिलने से प्रतिभाओं को निखरने का मौका नहीं मिल रहा है। हालत यह है कि खेल मैदानों में कई सरकारी इमारतें बन गईं, कहीं कलोनियां, तो कहीं मकान बन गए हैं, जिसे धीरे धीरे खेल मैदान या तो सिकुड़ गए या फिर खत्म हो गए हैं, इससे खिलाड़ियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दो दशक पहले डाकबंगला मैदान काफी क्षेत्रफल में फैला हुआ था, लेकिन धीरे धीरे इस मैदान में कुछ सरकारी इमारतें बन गईं तो कहीं कुछ लोगों ने अस्थाई दुकानें बनाकर अपना करोबार शुरू कर दिया हैं। इससे डाकबंगला मैदान काफी सिकुड़ गया। अब इस मैदान में इतनी जगह नहीं बची कि हाकी टूर्नामेंट भी कराया जा सके। इतना ही नहीं डाकबंगला मैदान में माननीयों की सभाओं के लिए स्थाई मंच बना दिया गया, वहीं इसी मैदान के दूसरी तरफ रामलीला का स्थाई मंच तैयार कर दिया गया, जिससे मैदान अब खेल के उद्देश्य से बेकार हो गया है। करीब ढाई दशक पहले पूल्ड हाउस कलोनी के पास भारी भरकम मैदान था। इस मैदान में एक साथ हाकी, क्रिकेट, बैटमिंटन के खेल हुआ करते थे, लेकिन इस मैदान में भी अब बड़ी कलोनी का निर्माण हो जाने से यह मैदान पूरी तरह से खत्म हो गया है।

शिवतांडव मैदान में नगर पालिका ने पार्क निर्माण कर दिया है। जिससे खिलाड़ियों को यहां भी खेलने को नहीं मिलता। सिंह भवानी मैदान में बड़ी बड़ी इमारतें खड़ी हो जाने से यह दोनों मैदान अब पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। शेखू नगर मदरसा के समीप बड़े मैदान में लोग हाकी और क्रिकेट खेलते थे। सुबह शाम यह मैदान अलग अलग खेलों से गुलजार हो जाता था, लेकिन अब इस मैदान में भी लोगों ने मकान बनाकर मैदान का नामोनिशान खत्म कर दिया हैं। कमोवेश यही हाल शहर के अन्य मैदानों का है। जहां पर अब खिलाड़ियों को अपनी प्रक्टिस करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ती है। किसी को पांच किमी दूर साइकिल, बाइक और पैदल चलकर जाना पड़ता है।

### प्रदर्शनी और जनसभाओं का स्थान बन गया डाक बंगला का मैदान

- शहर में डाकबंगला मैदान तो है लेकिन अतिक्रमण के चलते सिकुड़ गया है। वहीं दूसरी तरफ इस मैदान में नेताओं के कार्यक्रम आएदिन लगे रहते हैं इसके अलावा एक साल में दो बार प्रदर्शनी एक-एक माह के लिए लगती है। नुमाइश के अलावा बीच-बीच में कभी झूले तो कभी अन्य कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी मैदान में दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसें भी खड़ी की जाती हैं, जिससे डाकबंगला मैदान का खिलाड़ियों को अब कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# प्रधान संगठन ने ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नारेबाजी करते प्रधान संगठन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का पात्रों को लाभ दिए जाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सत्यापन के मामले में प्रधानों द्वारा की जा रही दखलनंदाजी से नाराज सचिवों द्वारा ग्राम प्रधानों के खिलाफ सोमवार को दिए गए ज्ञापन से भड़के ग्राम प्रधानों ने मंगलवार को प्रधान संगठन के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

अतिरिक्त एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी करीब दो माह से तैनात हैं जिसके अन्तर्गत चार पंचायते आती हैं। आरोप है जब से यह सचिव आए हैं उक्त पंचायतों के संयुक्त खाते खोले नहीं गए है जिस कारण चारों पंचायतों में महीनों से सभी विकास कार्य शून्य है। ज्ञापन में बताया कि जिन पंचायतों में जाते हैं वहां गांव वालों के सामने ग्राम प्रधान के साथ यह अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं साथ ही इनके द्वारा पंचायतों में आवासों का सर्वे कर लाभार्थियों से ब्लॉक में आकर मिलने के लिए फरमान जारी किया जाता है। इनकी कार्यशैली से गांवों में कभी भी वाद विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। ब्लॉक प्रधान संगठन ने ग्राम विकास अधिकारी ओम तिवारी को विकासखंड पनवाड़ी से हटाने की मांग की है। सचिव के खिलाफ एकजुट होकर प्रधानों ने विरोध प्रदर्शन कर सचिव को पनवाड़ी ब्लाक से हटाए जाने के लिए दबाव बनाया है। अधिकारी ने मामले की जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर टिकरिया ग्राम प्रधान रामप्रकाश, मड़वारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार, नैपुरा ग्राम प्रधान अर्चना, धवार ग्राम प्रधान उमा देवी, तुर्रा ग्राम प्रधान कालका प्रसाद, अंडवारा ग्राम प्रधान रामसहाय,खैरो कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र चौबे, दिदवारा ग्राम प्रधान रवि पटेल, घुटई ग्राम प्रधान मनोज पटेल आदि मौजूद थे।

- प्रधानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सचिव को हटाने की उठाई मांग

# किसानों की समस्याओं पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला किसान संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** जिला भारतीय किसान संघ की मंगलवार को जिलाध्यक्ष के आवास में बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए खरीफ की फसल को हुई क्षति, अन्ना मवेशियों की व्यवस्था कराए जाने और रबी फसल की बुवाई के लिए खाद बीज उपलब्ध कराए जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठके के बाद संघ के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकरी को सौंप कर किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई।

बैठक में जिला भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ने शिवरतन सिंह ने कहा कि जिले में खरीफ की फसलों में मूंग, उरद, मूंगफली और तिल की पैदावाल अधिक होती है, जिसमें बुवाई के समय वर्षा कम होने और फसल तैयार होनेपर अधिक बारिश होने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गई और किसान भूखमरी की कगार पर पहुंच गया है और उसे अपने परिवार का भरण पोषण करने में कठियाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कृष्ण बिहारी दीक्षित ने कहा कि किसानों के लिए अन्ना जानवर भी एक बड़ी समस्या है। सड़कों और खेतों के आसपास घूम रहे अन्ना मवेशी किसान की फसल को बर्बाद कर रहे हैं, जिस कारण किसान फसल उगाने के बाद अब उसकी रखवाली करने के लिए दिन रात लगा हुआ है।

संघ के राधेश्याम तिवारी ने कहा कि खरीफ फसल के बाद अब रबी की बुवाई होना है, जिसके लिए डीएपी खाद व बीज भी किसानों की समस्या में शामिल है। सहकारी समितियों में खाद बीज के अभाव के कारण बुवाई समय से नहीं हो पाती है जिसका असर उपज की पैदावार पर पड़ता है। बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर क्षेत्र के किसानों की खरीफ फसल बर्बाद होने पर मुआफजा दिलाया जाए, अन्ना मवेशियों को पड़कर गौशाला में बंद कर किसानों की फसल को बचाया जाए साथ ही रबी फसल की सयम से जुताई बुआई के लिए खाद बीज का इंतजाम कराए जाने की मांग उठाई गई। इस मौके पर रामेश्वर यादव, विक्रम सिंह, राजकुमार राठौर सहित तमाम किसान संघ के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने की विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत

**बांदा।** ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत समाजसेवी रत्नेश कुमार द्विवेदी ने जिलाधिकारी से की है।

समाजसेवी ने बताया कि जिलाधिकारी से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय तक उनकी शिकायत पहुंच गई है। आरोप लगाया कि पीएम एवं मुख्यमंत्री आवास में भी गड़बड़ी की गई है। समाजसेवी ने जिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की थी। बताया कि शिकायत की जांच के लिए कमासिन बीडीओ ओमप्रकाश द्विवेदी को आदेश दिए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि आवासों की जांच को दो सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो घर-घर जाकर सत्यापन करेगी।

# महिलाओं ने महालक्ष्मी की पूजाकर मांगा सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता महोबा


रामकुंड में स्नान करते श्रद्धालु।


मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं।

**अमृत विचार।** धन, संपदा और ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी का पर्व जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महालक्ष्मी पूजा को लेकर सुबह से ही महिलाएं मंदिरों में पहुंची और पूजा अर्चना की। शहर के प्रभु राम के पावन तीर्थ श्री रामकुंड धाम में भक्तों का ताता लगा रहा और हर्षोल्लास के पवित्र वातावरण में महालक्ष्मी पर्व मनाया गया। भोर से ही महिलाओं के समूह आने लगे और सुमधुर मंगल गीतों के बीच उन्होंने रामकुंड के पवित्र जल में स्नान किया।

महालक्ष्मी व्रत में विधि विधान से पूजन करने के लिए सुबह के समय स्नानादि कार्यों से निवृत होकर महिलाएं महालक्ष्मी पर्व पर माता लक्ष्मी को तरह तरह के पकवानों का भोग लगाने में जुटी रहीं। महिलाएं मिट्टी के हाथी पर विराजित महालक्ष्मी की प्रतिमा को एक दिन पूर्व खरीदने के लिए बाजार पहुंचीं और उसके साथ साथ पूजा अर्चना के लिए सामान खरीदा। मंगलवार को पूजन के दौरान माता लक्ष्मी की हाथी पर सवार मूर्ति के सामने श्रीयंत्र रखकर कमल के फूल से पूजा अर्चना कर आभूषण मिठाई व फल माता को अर्पित गए। महिलाओं ने अपने घरों में माता लक्ष्मी के आठ रूपों की कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजा अर्चना कर गाय के घी के दीपक से माता की आरती की और पूजन कराने पहुंचे पुजारियों ने महालक्ष्मी व्रत के महत्व के बारे में बताया कि विधि विधान से पूजा करने पर मां लक्ष्मी जल्दी प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं।

उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवालय के मुख्य पुजारी शिवकुमार पांडेय ने बताया कि महिला भक्तों ने रामकुंड में महादेव व देवी पार्वती का विधान पूर्वक पूजन कर सौभाग्य की कामना की। सैकड़ों की संख्या में पहुंची महिलाओं का क्रम अपराह्न दो बजे तक निर्बाध चलता रहा। पूरा रामकुंड परिसर महिलाओं से खचाखच भरा रहा। बताया कि शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन महालक्ष्मी व्रत का सनातन धर्म में खास महत्व माना जाता है।


बैठक करते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

# संचारी रोग नियंत्रण का माइक्रो प्लान तैयार करें

कार्यालय संवाददाता महोबा

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक, दिए निर्देश

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिले में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाए जाने को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति (डीसीसी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिकारियों चलाए जाने वाले अभियानों को सफल बनाए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान एवं कार्यकम के सफल आयोजन के लिए अन्य विभागाध्यक्षों के कार्य उत्तरदायित्व निर्धारण एवं समन्वय स्थापित करने को कहा गया। ब्लाक स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक (बीटीएफ) के आयोजन, ब्लॉक स्तरीय, माइको प्लॉनिंग फॉमेट्स की उपलब्धता एवं पूर्णता, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की अभियान से सम्बन्धित गतिविधियों के विषय में जानकारी पर चर्चा हुई। यूनीसेफ के जिला समन्वयक सरफराज खान ने ब्लाक स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक (बीटीएफ) के आयोजन, ब्लॉक स्तरीय, माइक्रो प्लॉनिंग फॉमेट्स की उपलब्धता एवं पूर्णता, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की अभियान से सम्बन्धित गतिविधियों के विषय में जानकारी दी और अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा कर उसमें सुधार करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने विगत अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा कर सम्बन्धित सभी विभागों कों गुणात्मक सुधार के लिए निर्देश दिये। बैठक के अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों को ससमय अपने अपने विभाग के माइक्रोप्लॉन बनाकर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिये साथ ही जन सामान्य को जागरुक करने तथा समन्वय स्थापित कर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल आयोजन के लिए संवेदीकरण करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय (पुरुष), अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी (आईसीडीएस), जिला कृषि अधिकारी, जिला विघालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत महोबा, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिलासमन्वयक यूनीसेफ प्रतिनिधि डब्ल्यूएचओ आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा में थिरके श्रद्धालु

संवाददाता कुहपहाड़ महोबा


कथा के दौरान थिरकते श्रद्धालु। अमृत विचार


कथा सुनाते श्रीकृष्ण महाराज।

**अमृत विचार।** कस्बे के श्रीश्री 1008 श्रीकिशोर जू महाराज मेला प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन वृंदावन से आए कथा व्यास पंडित श्रीकृष्ण महाराज ने कथा का रसपान कराया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके।

कथा में महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मणी महारानी के साथ हुआ। प्रभु श्रीकृष्ण के प्रथम पुत्र का नाम प्रद्युम्न हुआ, जो की कामदेव के अवतार थे। श्रीकृष्ण का द्वितीय विवाह जामवंत की पुत्री जामवंती और तृतीय विवाह सतराजित की पुत्री सत्यभामा के साथ, चतुर्थ विवाह सूर्य नारायण की पुत्री कालिंद्री तथा पंचम विवाह बिनद अरविंद राजा की बहन सत्या देवी के साथ हुआ। श्रीकृष्ण के 16108 विवाह एक ही मुहूर्त में एक ही मंडप में संपन्न हुए।

कथा व्यास ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्णा का प्रथम बार सौ वर्ष नंद बाबा यशोदा मैया राधा रानी गोपी गोपाल से सूर्य ग्रहण में कुरुक्षेत्र में मिलन हुआ, उसी को ब्रज द्वारिका मिलन कहते हैं। प्रभु ने मैया बाबा को ब्रज में ही चारों धामों को बुलाकर चार धाम की यात्रा कराई। कथा में यजमान पंडित महेंद्र पाठक विमलेश पाठक रहे। कथा के मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. कमलेश सक्सेना मेला संरक्षक राकेश अर्जरिया ओमप्रकाश खरे अध्यापक अशोक अग्रवाल अग्रसेन अशोक आदि मौजूद थे।

## ब्लाक प्रमुख को बंद मिला विद्यालय

**बांदा।** कमासिन क्षेत्र के ममसी खुर्द के सादी पुरवा में ब्लाक प्रमुख को विद्यालय बंद मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी से की है।

कमासिन ब्लाक प्रमुख रावेन्द गर्ग ने गत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत ममसी खुर्द के अंश प्राथमिक विद्यालय सादी पुरवा में दोपहर एक बजे ताला लटका देखा था बताते हैं कि अभिभावकों ने ब्लाक प्रमुख को बताया कि इस विद्यालय में शिक्षण कार्य की दशा अत्यंत दयनीय है क्योंकि यहां कार्यरत शिक्षक अक्सर बिलम्ब से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। शिकायत के बावजूद भी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अनसुनी करते रहते हैं। बताते हैं कि ब्लाक प्रमुख ने गूगल मैप के जरिए विद्यालय बंद की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी सहित बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी है।

# मजदूरी न दिए जाने की एसपी से की शिकायत

संवाददाता कुहपहाड़ महोबा

- ठेकेदार पर लगाया आरोप श्रमिक बोले, आर्थिक तंगी से जूझ रहे

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ के ग्राम महुआ में मजदूरों से जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन ठेकेदार द्वारा मजदूरी नहीं दी गई। मजदूरों द्वारा मेहनताना मांगने पर डराया और धमकाया जा रहा है, जिससे आजिज होकर मजदूर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए और मजदूरी दिलाए जाने के बावत एक शिकायती पत्र एसपी को दिया। ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए आवाज बुलंद की।

पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में रामकुमारी, दीपक, हरकुंवर सहित आधा दर्जन से ज्यादा मजदूरों ने बताया कि ग्राम महुवा में जल जीवन मिशन अंतर्गत आने वाली हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया, जिसमें हम सभी मजदूरों ने मजदूरी की थी। बताया कि टंकी का निर्माण कराने वाले ठेकेदार से कार्य करते समय कई बार मेहनताना मांगा गया, लेकिन हर बार वह आज कल देने क बात कहकर टहलाता रहा और अब वह मजदूरी देने में अनाकनी कर रहा है, जिससे उनके परिवार को आर्थिक समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि ठेकेदार कमलेश और वकील के कहने पर सभी मजदूरों टंकी के निर्माण कार्य का काम कर रहे थे, लेकिन मजदूरी का पैसा न देकर वह परेशान कर रहा है।

## रुपये के लेनदेन में युवक को दोस्त ने पीटा

**महोबा।** शहर के हमीपुर चुंगी की कांशीराम कालोनी में पैसों के लेनदेन को लेकर दो दोस्तों में कहासुनी हो गई और एक दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, तो वहीं मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित द्वारा उपरोक्त लोगों के खिलाफ कोतवाली महोबा में तहरीर दे दी गई है। उक्त घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को कांशीराम कलोनी निवासी जुनैद ने दोस्त रिजवान के खिलाफ तहरीर दी।


चोट दिखाता जुनैद।

**स्वच्छता अभियान** मशीन से एंटीलार्वा का किया जा रहा छिड़काव, भाजपा पदाधिकारियों ने कुलपहाड़ अस्पताल में की सफाई

# 2 नगर पालिका, 3 नगर पंचायतों में चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता महोबा



स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई करते भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिले की दो नगर पालिकाओं और तीन नगर पंचायतों के अलग अलग वार्डों में रोस्टर के अनुसार जन सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिससे नगर के वार्डों में बेहतर साफ सफाई हो सके। इतना ही नहीं साफ सफाई के साथ साथ कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है जिससे मच्छरों के प्रकोप से लोगों को निजात मिल सके। स्वच्छता अभियान के दौरान फागिंग मशीन भी चलाई जा रही है। इस मौके पर सफाई कर्मियों और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय के वार्ड आलमपुरा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही आम जनमानस को सफाई कार्यो के प्रति जागरूक किया गया। वार्ड के अस्वच्छ स्थल (ब्लैक स्पॉट) को खोजकर साफ सफाई की गयी। अभियान के दौरान स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा तीन स्वच्छ घरों का चयन किया गया। वार्ड सभासद द्वारा वार्डवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। अभियान के दौरान वार्डवासियों को गीला सूखा एवं खतरनाक कचरे के प्रबंधन की भी विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए दोपहर के समय वार्ड में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा शाम के समय फॉगिंग करायी गयी।

नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से 31 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक वार्ड में जन सहभागिता के माध्यम से सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें साफ सफाई, एण्टी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग एवं ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण कर सफाई करायी जा रही है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का पर्यवेक्षण जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय जन्मेजय सिंह द्वारा किया जा रहा है।

### भाजपाइयों ने सीएचसी परिसर को किया साफ

- **कुलपहाड़।** स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता में भागीदारी के लिए श्रमदान कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मुख्य बाजार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अस्पताल परिसर, कैंपस में फैली गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सफाई अभियान में भाग लेने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष डा. कमलेश सक्सेना ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वच्छता के प्रति विशेष लगाव है। इस दौरान चैयरमेन वैभव अरजरिया, दुर्गेश सोनी, मानवेंद्र सिंह, सोनू राजा, रतन अनुरागी, केके सोनी, गौरव अग्रवाल, आकाश मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान व लेखपाल भिड़े, संघ ने किया काम का बहिष्कार

संवाददाता, जालौन

● लेखपाल ने तहरीर व किसान ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

● ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र का है मामला

**अमृत विचार।** ग्राम लौना के क्यामदी क्षेत्र में फसल सर्वे करने को लेकर लेखपाल व किसान भिड़ गए, लेखपाल ने किसान पर मारपीट का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है। इधर लेखपाल के साथ हुई मारपीट के बाद लेखपालों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। वहीं, किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर 50 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है।

तहसील में ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसल का सर्वे चल रहा है। वह मंगलवार की सुबह करीब सात बजे मौजा अम्मरगढ़ में फसल का सर्वे करने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव का एक किसान दो साथियों के साथ वहां आया और उनके खेत का पहले मुआयना करने और उन्हें मुआवजे के 20 हजार रुपये पहले देने का दबाव बनाने लगे। जबकि वह पहले ही उनके खेत का मुआयना कर चुके थे। यही बात जब उन्होंने कही कि वह उनके खेत का मुआयना कर चुके हैं और मुआवजे की धनराशि स्वीकृति के बाद उनके खाते में आएगी तो वह अभ्रदता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। उनकी बाइक की चाबी भी निकाल ली।

मना करने पर उन्होंने व उनके साथियों ने मिलकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मौजा का नक्शा भी उनके हाथ से छीनकर मलंगा नाले में फेंक दिया। लेखपाल के साथ हुई मारपीट की जानकारी जब तहसील क्षेत्र के लेखपालों को हुई तो उन्होंने काम बंद कर लिया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष वैभवकांत त्रिपाठी ने बताया कि जब तक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज और कार्रवाई नहीं होती है तब तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मामले को लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।



एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ **जालौन।** लेखपाल और किसान के बीच हुए विवाद के बाद उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ लेखपाल के समर्थन में उतर आया। लेखपालों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर लेखपालों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने एवं आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है। लेखपालों ने कार्रवाई न होने तक कार्य बंद रखने की भी बात कही। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी के नेतृत्व में अनिल कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, विवेक गुप्ता, हरेंद्र सिंह आदि ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

### किसान बोला, बीमा धनराशि दिलाने के नाम पर लिए 50 हजार

■ किसान रामनिवास ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को शिकायती पत्र देकर आरोप बताया कि गांव में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने 17 अप्रैल को उन्हें तहसील में बुलाकर किसान कार्ड से किसान बीमा धनराशि दिलाने को लेकर पचास हजार रुपये नगद ले लिए फिर भी उसे कोई बीमा लाभ नहीं मिला। उसने कई बार लेखपाल से रुपये वापस करने को कहा लेकिन लेखपाल ने रुपये वापस नहीं किए। 24 सितंबर को लेखपाल उनके गांव आया तो उसने लेखपाल से अपने रुपये मांगे। इस पर लेखपाल ने उसे धमकाया है।



कबड्डी के ट्रायल मुकाबले में दमखम दिखाती महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

# कबड्डी स्पर्द्धा के लिए दस बालिकाओं हुआ का चयन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** 28 से 30 सितंबर तक स्पोर्टस स्टेडियम कौशांबी में होने वाली सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर ट्रायल कर चयन किया गया। ट्रायल में 20 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें 10 बालिकाओं का चयन मंडल स्तर पर हुआ है।

जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट कमल सिंह यादव ने बताया कि खेल निदेशालय तथा उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता जिसमें 16 वर्ष से कम और 55 किलो वजन या उससे कम होना चाहिए। इसके लिए चयन किया गया। इनमें खुश्वबू, अतिराफा, जिया, पायल, आफरीन, आस्था, रचना, संचिता, निशा, रेशमा शामिल हैं। अध्यक्ष नितिन द्विवेदी, अंकित कुशवाहा, अंकित बासू , हर्षित सिंह, शंशाक शेखर, धनंजय सिंह, दीपांक मेहरा, मोहिल सिंह। सचिव कमल सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जहरीले कीड़े के काटने से महिला की चली गई जान

**उरई।** घर की सफाई कर रही महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नगर के मुहल्लां तरीबुल्दा निवासी छोटे निषाद की पत्नी ज्ञाना देवी बरसात खत्म होने के बाद मंगलवार सुबह घर की सफाई कर रही थी इसी दौरान वह घर के कोने में रखे कूड़ा कबाड़ हटाने लगी तो वहां पर बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। काटे जाने का अहसास होने पर उसने इसकी जानकारी पति तथा परिजनों को दी। इसके चलते आनन फानन परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर आये थे लेकिन इसी दौरान उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई और डाक्टरों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**जालौन।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी संजय कुमार किसी काम के चलते गांव से उरई जा रहे थे। जालौन के आगे जब वह भिटारा गांव के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में संजय बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी जयनारायण वर्ष 2017 में दर्ज सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वारंटी अपने गांव में है। सूचना पर मौके पर पहंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायलय में पेश किया है।

# मंगला नदी में डूबने से युवक की मौत

## 2 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया शव, मौके पर पहुंचीं नायब तहसीलदार

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर में मंगलवार दोपहर को मंगला नदी में पैर फिसलने से गिरे 30 वर्षीय युवक की डूबकर मौत हो गई। 2 घंटे तक लगातार नदी में युवक की खोजबीन की गई। जिसके बाद युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, वहीं नायब तहसीलदार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके की जानकारी ली।

मुन्ना सिंह सिकरी रहमानपुर में रहकर जीवन यापन कर रहा था, 24 सितंबर को मुन्ना सिंह गांव के किनारे से निकल रही मंगला नदी में पहुंच गया, बताते हैं कि अचानक पांव फिसलने से मुन्ना सिंह नदी में डूब गया। मुन्ना के नदी में डूबने की खबर से गांव में हड़कम्प मच गया तथा उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। सूचना पाकर ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह व नायब तहसीलदार तारा शुक्ला एवं चुर्खी थाना पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया गया है।

उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के निर्देशन पर नायब तहसीलदार तथा राजस्व कर्मचारियों के द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से मदद दिलाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार ने बताया कि मृतक का शव दोपहर 1:30 बजे नदी से बाहर निकाला गया।



मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार तारा शुक्ला व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

● कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर का मामला

### मवेशी चराते समय नदी में गिरा चरवाहा, चली गई जान

**उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सीकरी रहमानपुर में भैंसे चराते समय चरवाहे की नदी में गिरकर मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर निवासी चरवाहा मुन्ना 35 वर्ष रोज की तरह मंगलवार को नदी के समीप भैंस चराने गया था। पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। मौजूद लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर लिया। मौजूद ग्रामीणों के अनुसार पूर्व ग्राम प्रधान सतनाम उसे करीब 3 वर्ष पहले कहीं से लेकर आए थे। जो उन्ही के घर रहकर गोबर-सानी के अलावा भैस चराने का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# कच्चा रास्ता होने से मोहल्ले वासियों को हो रही परेशानी

**जालौन।** लौना मार्ग मोहल्ला नया खंडेराव में आम रास्ता व नाली क्षतिग्रस्त होने से मोहल्ले का पानी नहीं निकल पा रहा है। पानी न निकल पाने के कारण गंदगी फैल रही है जिससे मोहल्ले के लोगों को दिक्कत हो रही है।

मोहल्ला नया खंडेराव लौना रोड में एसडीएम आवास के पीछे गली नंबर 2 में लगभग 30 मीटर आम रास्ता व नाली पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। आम रास्ता क्षतिग्रस्त होने से वाहन निकालने में भी दिक्कत होती है। कभी कभार वाहन चालक गिरकर चुटहिल भी हो जाते हैं। इसके अलावा नाली के क्षतिग्रस्त होने से पानी सड़क पर भर रहा है। सड़क पर बहने के कारण गंदगी फैल रही है। आम रास्ते में सरकारी खाद्यान्न की दुकान होने के कारण लोगों का आना जाना ज्यादा रहता है। पानी की निकासी न होने से पानी घरों में भी भर रहा है।



शिविर में अभिभावकों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

# दिव्यांगों को दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शिक्षा के क्षेत्र में दिव्यांगों के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभाग के द्वारा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को समेकित शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र कालपी में पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला सामान्यक शिव दीन चौधरी भी उपस्थित रहे।

बीआरसी परिसर में आयोजित कांउसिलिंग में विद्यालय स्टॉफ स्पेशल एजुकेटर मनीष कुमार, ब्लॉक महेवा और ब्लॉक कुठौंद स्पेशल एजुकेटर अंकित कुमार के द्वारा जागरूकता अभियान के बारे में जानकारियां दी गईं। वहीं अति गंभीर दिव्यांग के हितों में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने बताया कि आगामी सात-आठ अक्टूबर को आयोजित होने वाले मेजरमेंट कैंप में बच्चों की दिव्यांगता का मापन करके उनके लिए उपकरण की व्यवस्था की जाएगी।

# मुंह, फेफड़ों के कैंसर के प्रति किया जागरूक

संवाददाता उरई

● मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ तंबाकू निवारण केंद्र, लोगों को मिलेगा लाभ

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा ने वर्चुअल उद्घाटन किया

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य डा. अरविन्द त्रिवेदी के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को 24 सितम्बर को राजकीय मेडिकल कालेज के मनोरोग विभाग एवं कम्युनिटी मेडिसन विभाग के अन्तर्गत तम्बाकू निवारण केन्द्र का उद्‌घाटन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक साथ वर्चुअली रूप से किया गया।

केन्द्र का मुख्य उद्देश्य तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों को होने वाले मुख एवं फेफड़ों के कैंसर के प्रति जागरूक करना एवं उसके सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम करना प्राथमिकता है। उक्त कार्यक्रम के साथ-साथ एनसीडी क्लीनिक का पुनः संचालन बायोकैमेस्ट्री विभाग के चिकित्सक डा. हर्ष पटेल (नोडल अधिकारी) एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डा. नितिन सिंह (को-नोडल अधिकारी) के साक्षेदारी से प्रारम्भ किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग डा. जीएस चौधरी, डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. धीरेन्द्र, डा. विशाल अग्रवाल, डा. एसके राठौर, डा. नितिन सिंह, डा. हर्ष पटेल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रशान्त निरंजन, डा. जितेन्द्र मिश्रा एवं डा. सुरूचि स्मिता सम्मिलित हुए।




उद्‌घाटन के दौरान मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की हुई मौत

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेड़ा में किराए के मकान में रह रहे युवा मजदूर की रात में कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी रिंकू 32 वर्ष एक मजदूर था और शहर के मुहल्ला उमरारखेड़ा में किराये के मकान में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। जबकि उसके पिता रामस्वरूप भाटिया, मां किरन देवी व तीन भाई और तीन बहनें गांव में रहती हैं। बताया कि सोमवार की रात को वह खाना खाने के बाद कमरे में रखे कूलर के पास जमीन पर सो गया था। मंगलवार की रात सोते समय उसका हाथ कूलर से छू गया। जिससे उसे करंट लगा, तो उसकी चीख निकल गई। चीखने की आवाज सुनकर मकान मालिक किरन देवी जाग गईं और उन्होंने उसे कमरे में जाकर देखा तो वह बेसुध पड़ा था। युवक को बेहोशी की हालत में पड़ा देख उन्होंने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी और उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की खबर उसके परिजनों को दी। पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि उसकी अभी शादी नहीं हुई थी, और वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण में सहयोग करता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एई पर कर्मचारियों ने लगाया अभद्रता का आरोप, हंगामा कर ज्ञापन सौंपा

कार्यालय, संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पर अभद्रता व जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने कार्यालय पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने अभियंता के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी में तैनात सहायक अभियंता कार्यालय में कर्मचारियों से अभद्रता करते हैं और आए दिन गाली व धमकी देते रहते हैं। मंगलवार को भी ऐसा मामला सामने आया। कर्मचारी राजकुमार व कन्हैयालाल का आरोप है वह सुबह कार्यालय में उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने गए तो इस दौरान सहायक अभियंता ने उनके साथ न सिर्फ अभद्रता की बल्कि उन्हें जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते हुए बाहर निकाल दिया जब उन्होंने यह बात कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी को बताई तो पदाधिकारियों ने भी सहायक अभियंता से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने पदाधिकारी को भी अपने कमरे से बाहर भगा दिया। उन्होंने मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाए।



कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी। अमृत विचार

● कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से कार्रवाई की मांग की

# चकरोड पर पुलिया बनाने की कवायद हुई शुरू

संवाददाता जालौन

● हीरापुर माइनर के दूसरी ओर कुठौंदा बुजुर्ग के माइनर का मामला

**अमृत विचार।** शीघ्र ही हीरापुर माइनर के दूसरी ओर कुठौंदा बुजुर्ग के माइनर चकरोड पर पुलिया बनाई जाएगी। इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने इस माइनर पर पुलिया बनवाने की मांग बेतवा नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता से की थी। जिस पर अधिशासी अभियंता द्वारा उच्चधिकारियों से अनापत्ति प्राप्त करने के लिए पुलिया की ड्राइंग व डिजायन उपलब्ध कराने के लिए बीडीओ को पत्र लिखा है।

कुठौंदा बुजुर्ग व हीरापुर गांव के निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर, अमित कुमार, राहुल, विकास, जितेंद्र आदि ने बताया कि हीरापुर से कुठौंदा बुजुर्ग गांव के बीच चकरोड निकला है। इस चकरोड के बीच में हीरापुर माइनर है। पुलिया न होने से दोनों ही गांव के किसान परेशान हैं। बताया कि कुठौंदा बुजुर्ग के कुछ किसानों के खेत हीरापुर मौजा में हैं और हीरापुर गांव के कुछ किसानों के खेत कुठौंदा बजुर्ग मौजा में हैं। ऐसे में दोनों ही गांवों के किसानों को खेती किसानी के काम से इधर उधर जाना पड़ता है। चकरोड पर पुलिया न होने से अभी किसानों को काफी चक्कर लगाकर अपने खेत तक पहुंचना पड़ता है। यदि इस चकरोड पर पुलिया का निर्माण करा दिया जाता है तो किसानों को काफी लाभ होगा। इसको लेकर उन्होंने बेतवा नहर प्रखंड के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा था। जिस पर पुलिया निर्माण की रूपरेखा बनाई जा रही है। उनकी शिकायत के निस्तारण में अधिशासी अभियंता धर्म घोष द्वारा बताया गया है कि पुलिया निर्माण के लिए सर्वे कर लिया गया है।

**बैठक** नवरात्र महोत्सव की व्यवस्थाओं के लिए 28 को दिया जाएगा ज्ञापन

# 9 दिन बंद रखी जाएं मांस-मदिरा की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की बैठक में पदाधिकारियों ने रखे सुझाव

● 30 सितंबर को होगी नगर के सभी पंडालों के सदस्यों की बैठक

**अमृत विचार।** शहर के प्रसिद्ध महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में बांदा केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी तीन अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवदुर्गा महोत्सव को भव्य, सुंदर ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने की संचालन महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत ने किया। समिति के प्रमुख संरक्षक राजकुमार शिवहरे (पूर्व विधायक) ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव की व्यवस्थाओं के लिए 28 सितंबर को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद नगर के सभी पंडालों की एक बैठक 30 सितंबर को आयोजित की जाएगी। समिति संरक्षक चंद्र मोहन बेदी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नौ दिन मांस मदिरा की दुकानों के खुलने पर प्रतिबंध लगाया जाए। संरक्षक प्रभाकर सिंह चंदेल ने कहा कि सभी दुर्गा समिति द्वारा जो भी पंडाल अनुशासन, स्वच्छता और विसर्जन जुलूस में अपना प्रदर्शन अच्छा करते हैं समिति द्वारा उनको भी पुरस्कृत किया जाना चाहिए l संरक्षक प्रकाश साहू, गोपाल चंद्र अवस्थी मल्लू महाराज, डाक्टर दिनेश दीक्षित ने अपने सुझाव रखे l नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू ने आश्वासन दिया कि जो भी समस्या है उसका शीघ्र निदान कर दिया जाएगा और विसर्जन घाट को शीघ्र कंप्लीट कर दिया जाएगा l संरक्षक वीरेंद्र साक्षी ने 12 अक्टूबर को विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से मनाने की बात कही l बैठक में उत्तम सक्सेना, वृंदावन वैश्य, शशि भूषण द्विवेदी राजू ,मनीष नगरिया, घनश्याम सिंह राजपूत ,अभिषेक पांडे, सचिन चौरसिया चीता, सुरेश गुप्ता कान्हा ,अमित गुप्ता मनीष ,अवधेश गुप्ता रुपाणी नईम नेता, निशांत खैरा, अविनाश निगम आदि उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### परशुराम सेना के कालपी अध्यक्ष को पितृ शोक

**कालपी।** परशुराम सेना कालपी के अध्यक्ष विवेक तिवारी के पिता अनिल तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी मवई की बीमारी के चलते इलाज के दौरान हुई ग्वालियर में मत्यु के बाद नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार भोर को ग्वालियर के अस्पताल में उपचार के दौरान ग्राम मवई निवासी अनिल उर्फ पप्पू तिवारी के निधन की सूचना जैसे ही नगर वासियों को मिली तो गांव से लेकर नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके टरननगंज स्थित आवास पर बड़ी सख्यां लोगों ने पहुंचकर शोक प्रकट किया।

### व्यापारियों ने की बिगड़ी यातायात व्यवस्था की शिकायत

**कालपी।** नगर के मुख्य बाजार की बिगड़ी यातायात व्यवस्था तथा बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए समस्या के समाधान करने की मांग उठाई है। उल्लेखनीय हो कि कालपी शहर में ई-रिक्शा तथा सीएनजी ऑटो की भरमार हो गई है तथा अव्यवस्थित तरीके से सड़कों में गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिससे राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सोमवार को कालपी सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी तथा कोतवाल नागेंद्र पाठक के समक्ष उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नमन अग्रवाल, दीपू यादव आदि व्यापारियों ने बताया कि ई-रिक्शा तथा टैक्सी संचालक व ड्राइवर अपनी-अपनी गाड़ियों को बाजार की सड़कों में आड़ा-तिरछा खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

### मारपीट को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** खेत में बकरी घुसने को लेकर गाली, गलौज व मारपीट की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। ग्राम लौना निवासी गोलू ने पुलिस को बताया कि वह भोलाराम के साथ बंटाई पर खेत लिए है। उसके खेत में तिली की फसल खड़ी है। अतिवृष्टि के चलते वैसे भी फसल को नुकसान हुआ है। इसके बाद भी गांव के ही मनोज कुमार उसके खेत में बकरी घुसाने को लेकर विवाद कर रहे थे। विवाद के दौरान उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उसने मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफ़ारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 -7400 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8800-8900 मटरदाल 4500-4600 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5700 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14700-14800 अलसी 10600-10700 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1790 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1790 मयूर 1790 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4100-4160 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56200-56400 |

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

## 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।



- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

## कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

## बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

## उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

## फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

## चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुरक्षबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि चिंतलनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागू नदी के किनारे जंगल में हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सोमवार को चिंतलनार थाना और मुकरम गांव स्थित शिविर से जिला बल, जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को करकनगुड़ा और गांव में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में अपने घर के पास खड़े एक टेम्पो का शीशा तोड़ने पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना प्रेम नगर के अगर नगर इलाके में हुई। दीपक (32) खड़ा था तभी कुछ लोगों ने उस पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

# मुठभेड़ में मृत शिंदे के खिलाफ केस दर्ज, जांच के आदेश

### बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

**ठाणे।** बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

### आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

### राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

## लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जन विश्वास बढता है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

## राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

## ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

## आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

## प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया। क्षतिग्रस्त डिब्बों को पटरी से हटाया जा रहा है और पटरी से गुजर रहे तारों को दुरूस्त कर लिये जाने के बाद सामान्य (ट्रेन) परिचालन बहाल हो जायेगा।

- गुवाहाटी से आ रही मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी

## स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

मुंबई, एजेंसी



मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

## जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने





हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।



चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

# डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

**नायकों की घर वापसी**

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

# पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत: कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा- पंत ने पहले भी खेली हैं कई अहम पारियां



कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा। कमिंस ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ श्रृंखलाओं में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में योगदान दिया है।

# दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा शृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी



कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल

# पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू



**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक



**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है ।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं ।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली ।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

# भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

### ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

तेहरान, 24 सितंबर (एपी) ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवतः मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

### चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

**हैयांग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

### तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

**इस्तांबुल।** तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

### नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

# सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

सिंगापुर, एजेंसी

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

### अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

# वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थार पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।



### भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।

### विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

### सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

# जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

## तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बाताचीत करते मोदी। एजेंसी

### सिख प्रतिनिधिमंडल मोदी से मिला

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जस्सी ने कहा हमारी चर्चा बहुत अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। जस्सी ने कहा मुझे नहीं लगता कि भारत के इतिहास में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए उतना किया जितना प्रधानमंत्री मोदी ने।

### भारत ने यूएनएससी सुधारों पर भविष्य के समझौते को अच्छी शुरुआत बताया

**न्यूयॉर्क।** भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में सुरक्षा परिषद में सुधार पर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना एक अच्छी शुरुआत है और नई दिल्ली 15 देशों के निकाय में सुधार के लिए एक निश्चित समय सीमा में पाठ आधारित वार्ता की शुरुआत की आशा करती है। पाठ-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन रविवार को विश्व नेताओं ने भविष्य के समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया। अधिकारियों ने काफी समय से लंबित सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर भविष्य के समझौते की भाषा को अभूतपूर्व बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि भारत भविष्य के समझौते में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर इस भाषा को किस प्रकार देखता है, उन्होंने कहा मैं आपका ध्यान केवल इस तथ्य पर दिलाना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर पहली बार कोई विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

# ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस

- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसी/एएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है।






# सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

**तोक्यो।** सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

# कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। टीएन ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में अर्जेंटीना के एज़ीज़ा हवाई अड्डे पर वेनेजुएला की कंपनी एम्प्रेसा डे ट्रांसपोर्टे एरेओकार्गो डेल सुर का बोइंग 747 जब्त किया गया था।



# अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**कोलंबो।** हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं। नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है।

# इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

बेरूत, एजेंसी

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।



### आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# बदला लेने के लिए ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस

- 2023 में धार्मिक मामले की घटना का बदला लेने की दी थी धमकी

स्वीडन कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी

स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है। स्वीडन के अधिकारियों का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में 'स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस' भेजने में सफल रहा।

वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी 'एसएपीओ'द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिये स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईरानी अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वीडिश मीडिया ने अगस्त 2023 में खबर दी थी कि स्वीडन में बड़ी संख्या में लोगों को स्वीडिश भाषा में एसएमएस मिले हैं जिनमें कुरान जलाने वालों से बदला लेने का आह्वान किया गया था। लजंगक्विस्ट ने कहा, संदेश भेजने वाला खुद को अंजू टीम कहने वाला एक समूह था। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी ने एसएमएस की तस्वीर साझा की थी जिसमें लिखा गया था जिन्होंने भी कुरान का अपमान किया, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसमें स्वीडन के लोगों को 'राक्षस' कहा गया था।

ज्ञान-विज्ञान | उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

# बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार,:** बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

### 32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

**नैनीताल :** जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

# इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।